सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 03, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 1,436 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,436 अंक उछलकर दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया। } 14

## रोहित शर्मा पर गिर सकती है गाज

एक प्रेसवार्ता के दौरान गौतम गंभीर के अस्पष्ट जवाब ने उन अटकलों को और हवा दी जिनके अनुसार कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म के कारण अंतिम एकादश में जगह पक्की नहीं है। } 16




## मनु, गुकेश, हरमनप्रीत, प्रवीण को खेल रत्न

### 17 पैरा खिलाड़ियों समेत 32 अन्य को अर्जुन पुरस्कार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज विश्व चैम्पियन डी गुकेश समेत चार खिलाड़ियों को इस साल देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिये चुना गया है जबकि अर्जुन पुरस्कार के लिये चुने गए 32 खिलाड़ियों में रिकॉर्ड 17 पैरा एथलीट हैं।

खेलरत्न पुरस्कार पाने वालों में पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार भी शामिल हैं। विजेताओं को 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में एक विशेष कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान करेंगी। बाईस वर्ष की मनु एक ही ...शेष पृष्ठ 14 पर


मनु भाकर, निशानेबाज


डी गुकेश, शतरंज


पैरा एथलीट प्रवीण कुमार



पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह

## चंदन गुप्ता हत्याकांड : 28 दोषी करार, आज होगी सजा

### कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान कर दी गयी थी हत्या, दो आरोपियों को मिला संदेह का लाभ

विधि संवाददाता

लखनऊ। वर्ष 2018 में कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान हुए, चंदन गुप्ता हत्याकांड मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने 28 अभियुक्तों को दोषी करार दिया है जबकि दो आरोपी नसीरुद्दीन व असीम कुरैशी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने दोषी आरोपियों की सजा पर सुनवाई के लिए 3 जनवरी की तारीख नियत किया है। गुरुवार को विशेष अदालत के समक्ष दोषी करार दिए गए 26 आरोपी वसीम, नसीम, जाहिद उर्फ जग्गा, बबलू, अकरम, तौफीक, मोहसिन, राहत, सलमान, आसिफ, नीशू उर्फ जीशान, खिल्लन, वासिफ, इमरान, शमशाद, जफर, शाकिर, खालिद, फैजान, इमरान, शाकिर, आसिफ कुरैशी उर्फ हिटलर, असलम कुरैशी, शवाब, साकिब व आमिर रफी उपस्थित रहे। इन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए, जेल भेज दिया गया।

एक आरोपी मुनाजिर रफी जेल से जरिए वीडियो कॉन्फ्रेस अदालत में हाजिर रहा। एक अन्य आरोपी सलीम के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इन सभी आरोपियों को हत्या, हत्या का प्रयास व बल्वा आदि के साथ ही राष्ट्रजीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में भी दोषी करार दिया गया है। साथ ही आरोपी सलीम, वसीम, नसीम, मोहसिन, राहत, बबलू व सलमान को आर्म्स एक्ट में भी दोषी करार दिया गया है। सरकारी वकील एमके सिंह व एलके दीक्षित के मुताबिक विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से 18 जबकि बचाव पक्ष की ओर से 23 गवाह प्रस्तुत किए गए।


मृतक चन्दन गुप्ता (फाइल फोटो)

उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी 2018 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कासगंज में सुबह एक तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। जिसकी अगुवाई अभिषेक गुप्ता उर्फ चंदन गुप्ता अपने भाई विवेक गुप्ता व अन्य साथियों के साथ कर रहा था। ये सभी दो पहिया वाहन पर अपने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय व वंदेमातरम का उद्घोष करते हुए जा रहे थे। इनकी यह यात्रा जैसे ही तहसील रोड से राजकीय बालिका इंटर कालेज गेट के समीप पहुंची, उसी समय हथियारों से लैस योजनाबद्ध तरीके से सलीम, वसीम, नसीम व अन्य अभियुक्तगणों ने यात्रा को रास्ता घेरकर रोक लिया। साथ ही यात्रा में शामिल युवकों के हाथों से तिरंगा छीनकर जमीन पर फेंक दिया। फिर पाकिस्तान जिंदाबाद व हिन्दुस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए हथियार तानकर धमकी दी। कहा कि इस रोड से निकलना है, तो पाकिस्तान जिंदाबाद कहना होगा। अभिषेक उर्फ चंदन गुप्ता ने इसका विरोध किया तो इन लोगों ने जान से मारने की नियत से पथराव व फायरिंग शुरू कर दी। एलान किया कि मार दो सालों को। इस उकसावे पर सलीम ने अपने हथियार से अभिषेक गुप्ता उर्फ चंदन गुप्ता को निशाना बनाकर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। मौका पाकर विवेक अन्य साथियों के साथ जान बचाकर अपने भाई चंदन को किसी तरह थाना कासगंज लेकर गया। वहां से तुरंत उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस हत्याकांड मामले की एफआईआर चंदन गुप्ता के पिता सुशील ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### 46 आईएएस का तबादला संजय प्रसाद को फिर मिली गृह विभाग की जिम्मेदारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 46 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। वरिष्ठ आईएएस संजय प्रसाद को एक बार फिर गृह विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव गृह, वीजा पासपोर्ट, सतर्कता विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रभार से अवमुक्त करते हुए प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के पद का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया है। एल. वेंकटेश्वरलू को वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव समाज कल्याण और सैनिक कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन-जनजाति विकास उत्तर प्रदेश प्रबंध निदेशक सिडको निदेशक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा-छत्रपति शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश के पद का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया। बीएल मीणा को प्रमुख सचिव होम गार्ड के प्रभार से मुक्त किया गया। वह प्रमुख सचिव उद्यान रेशम खाद्य प्रसंस्करण बने रहेंगे। वहीं राजेश कुमार सिंह-प्रथम को प्रमुख सचिव होमगार्ड बनाया गया है। आलोक कुमार सेकेंड प्रमुख सचिव हथ-करघा एवं वस्त्रों उद्योग खादी एवं ग्रामोद्योग, सार्वजनिक उद्यम, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश शासन और महानिदेशक सार्वजनिक उद्यम उत्तर प्रदेश के प्रभाव से मुक्त करते हुए प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन के पद का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया।

### एसएन साबत बने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष

लखनऊ। सेवानिवृत आईपीएस एसएन साबत, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष बने। वह 31 दिसंबर को डीजी सीबीसीआईडी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वहीं पूर्व आईपीएस सुभाष बघेल को सदस्य बनाया गया है।

# विकास पथ पर नयी गति से आगे बढ़ेगा यूपी

## सीएम योगी ने गोरखपुर में 1533 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

### डबल इंजन सरकार कर रही नव सृजन : मुख्यमंत्री योगी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारें जहां विकास के आयामों, उद्योगों, कारखानों को बंद करने और उन्हें बेचने में लगी रहती थीं, वहीं भाजपा की डबल इंजन सरकार नव सृजन और नया निर्माण कर विकास का माहौल बनाने में जुटी हुई है। मिसाल के तौर पर गोरखपुर के बंद खाद कारखाने और पिपराइच की बंद चीनी मिल को देखा जा सकता है। पूर्व की सरकारों ने जहां इसे बंद कर दिया था और बेचने की तैयारी में थीं, वहीं डबल इंजन की सरकार ने इन्हें फिर से चला कर दिखा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में नए साल में उत्तर प्रदेश नई गति से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। यहां नौकरी और रोजगार के अवसर और तेजी से बढ़ेंगे और यहां के युवाओं को कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सीएम योगी नए साल के दूसरे दिन गुरुवार को गोरखपुर में रोड कनेक्टिविटी, किसान हित और खाद्य एवं दवा सुरक्षा से जुड़ी 1533 करोड़ रुपये की नौ विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 1478 करोड़ 80 लाख 68 हजार रुपये के चार विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 53 करोड़ 73 लाख 66 हजार रुपये के पांच विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जनता इंटर कॉलेज चरगांवा में हुए समारोह में सीएम ने कहा कि विकास की ये परियोजनाएं आने वाले समय मे नए गोरखपुर का दर्शन और भी सशक्त रूप में कराएंगी।




सीएम योगी ने डबल इंजन सरकार में आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि एक समय समाजवादी पार्टी की सरकार में इंसेफेलाइटिस से बड़े पैमाने पर बच्चों की मौतें होती थीं। यह बच्चे समाज और देश की अमानत थे लेकिन जाति के नाम पर समाज को बांटने का पाप करने वालों ने इसके बारे में तनिक भी नहीं सोचा। इंसेफेलाइटिस से करने वाले 90 प्रतिशत बच्चे दलित और अल्पसंख्यक समाज के थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पूर्व अधिकारियों को सौंपी गयी टीबी के खात्मे की जिम्मेदारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बैठक में टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सेवानिवृत्त आईएएस-आईपीएस, पूर्व कुलपतियों, शिक्षाविदों व अन्य वरिष्ठ नागरिकों को 'निक्षय मित्र' की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। यह वरिष्ठ नागरिक 'निक्षय मित्र' के रूप में 'टीबी उन्मूलन' के प्रयासों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी के साथ बैठक की और टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग का आह्वान किया।

विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस और पूर्व कुलपतिगणों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ भारत से ही समर्थ भारत का निर्माण संभव है और जब भारत समर्थ होगा तभी शक्तिशाली होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे मिशन मोड ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सहा. आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान निलंबित

लखनऊ। बीते साल अक्टूबर माह में गोंडा में 27,610 बल्क लीटर ईएनए की चोरी होने के मामले में यूपी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान को गंभीर अनियमितता में प्रथम दृष्टया लिप्त पाये जाने पर तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

प्रकरण की जांच के लिए विशेष सचिव, आबकारी दिव्य प्रकाश गिरि को जांच अधिकारी नामित किया गया है। भ्रष्टाचार के आरोप में अयोध्या के राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है। आबकारी मंत्री ने बताया कि अक्टूबर, 2024 में स्टार लाइट ब्रुकेम लि०, नवाबगंज आसवानी, गोण्डा में सहायक आबकारी आयुक्त के पद पर रामप्रीत चौहान के तैनाती के दौरान 27,610 बल्क लीटर ईएनए की चोरी होने के प्रकरण में उनकी संलिप्तता प्रकाश में आयी है। इससे आबकारी विभाग को भारी राजस्व की क्षति होने की सम्भावना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम धामी ने सुरकंडा देवी में की पूजा अर्चना

### मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं व स्थानीय दुकानदारों से की मुलाकात

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के प्रसिद्ध सिद्धपीठ सुरकंडा देवी मंदिर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की और मां सुरकंडा देवी से प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही उन्होंने मंदिर की परिक्रमा भी की और श्रद्धालुओं से बातचीत की। उनका यह दौरा शीतकालीन यात्रा की शुरूआत के मौके पर हुआ जिससे यह धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं से भर गया था। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली। श्रद्धालु मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर काफी खुश नजर आये और उन्होंने उनके साथ सेल्फी भी ली।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर के आसपास के क्षेत्र में भी कुछ समय बिताया और स्थानीय दुकानदारों से संवाद किया, उनका हालचाल पूछा और स्थानीय महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री की खरीदारी भी की।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान उत्तराखंड में शीतकालीन यात्रा की शुरूआत पर भी टिप्पणी की और श्रद्धालुओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, जहां के हर मंदिर का अपना धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में शीतकालीन यात्रा की शुरूआत हो चुकी है और श्रद्धालुओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। राज्य सरकार द्वारा सभी प्रमुख मंदिरों को शीतकालीन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पॉक्सो मामलों में गुप्त रखें बच्चों की पहचान : हाईकोर्ट

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पुलिस आयुक्त और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सा अधीक्षक से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि यौन उत्पीड़न से पीड़ति बच्चों की पहचान किसी भी तरह से उजागर नहीं की जाए।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने पॉक्सो मामले की सुनवाई करते हुए एक बच्चे के यौन उत्पीड़न के लिए दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति की जेल की सजा को भी कम कर दिया और कहा कि अपराध का केवल प्रयास किया गया था। हालाँकि, न्यायाधीश ने कहा कि जांच अधिकारी पीड़ति बच्चे की पहचान की रक्षा करने में विफल रहा। न्यायाधीश ने 23 दिसंबर 2024 को अपने आदेश में कहा, जांच अधिकारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संभल : मस्जिद में मिले मंदिर के सबूत

### कोर्ट कमिश्नर ने न्यायालय में बंद लिफाफे में सौंपी सर्वे रिपोर्ट

जिला संवाददाता

संभल। संभल की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने के मामले में कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने दो जनवरी 2025 दिन बृहस्पतिवार को न्यायालय में बंद लिफाफे में सर्वे रिपोर्ट पेश कर दी है। कोर्ट कमिश्नर ने बताया कि तबियत खराब होने की वजह से सर्वे रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल करने में देरी हुई।

बता दें कि 19 नवंबर को न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल स्थित चंदौसी की अदालत में शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर कैला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरी और हरिशंकर जैन समेत आठ वादकारियों ने वाद दायर किया था। न्यायालय ने उसी दिन अधिवक्ता रमेश सिंह राघव को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था और सर्वे करने के आदेश दिए थे। कोर्ट कमिश्नर ने उसी दिन कड़ी सुरक्षा व जिले के आला अधिकारियों की मौजूदगी में सर्वे किया। 24 नवंबर को वह डीएम व एसपी की सुरक्षा में दोबारा सर्वे करने पहुंचे तो बवाल हो गया था। जिसमें पांच लोगों की जान चली गई। कई पुलिस कर्मी भी घायल हो गए थे। इसके बाद 29 नवंबर को कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश की जानी थी। जिसमें न्यायालय ने कोर्ट कमिश्नर को सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दस दिन का समय दे दिया था। इसके बाद नौ दिसंबर को सील बंद लिफाफे में सर्वे रिपोर्ट दाखिल की जानी थी। कोर्ट कमिश्नर ने तबियत खराब होने का हवाला देते हुए सर्वे रिपोर्ट तैयार न ...शेष पृष्ठ 14 पर






आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 18.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 08.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- महाकुंभ में दायित्वों का पालन करें सनातनी (पृष्ठ-02)
- विस सदस्यों की विचारधारा अलग, पर कार्य एक (पृष्ठ-02)
- विनिर्माण की वृद्धि दर 12 महीने के निचले स्तर (पृष्ठ-14)
- रुपया नौ पैसे फिसलकर 85.73 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- इस्पात उद्योग के मूल्यांकन का किया आह्वान (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट, चीन में शुरू हुआ पिग बुचरिंग स्कैम, भोले-भाले व्यक्तियों को बनाता है निशाना

# बेरोजगारों व छात्रों को निशाना बना रहे साइबर अपराधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। एक नया साइबर घोटाला सामने आया है, जिसमें बेरोजगार युवाओं, गृहणियों, छात्रों और जरूरतमंद लोगों को निशाना बनाया जाता है और वे प्रतिदिन बड़ी रकम गंवा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, इसे पिग बुचरिंग स्कैम या निवेश घोटाले के रूप में भी जाना जाता है।

इसमें कहा गया है कि साइबर अपराधी इन अपराधों को शुरू करने के लिए गूगल सेवा मंच का भी उपयोग कर रहे हैं। इसमें कहा गया, गूगल विज्ञापन मंच सीमा पार से लक्षित विज्ञापन के लिए एक आसान सुविधा प्रदान करता है। पिग बुचरिंग स्कैम या निवेश घोटाला के रूप में जाना जाने वाला यह घोटाला एक वैश्विक मामला है और इसमें बड़े पैमाने पर धन शोधन और यहां तक कि साइबर स्लेवरी भी शामिल है। माना जाता है कि 2016 में चीन में शुरू हुआ पिग बुचरिंग स्कैम भोले-भाले व्यक्तियों को निशाना बनाता है, जिनका साइबर अपराधी समय के साथ भरोसा जीतते हैं और अंततः उन्हें क्रिप्टोकरेंसी या किसी अन्य आकर्षक योजना में निवेश करने के लिए राजी कर लेते हैं और फिर उनकी रकम चोरी कर लेते हैं। पिग बुचरिंग की उपमा सूअरों को मारे जाने से पहले उन्हें खिला पिलाकर मोटा किये जाने से आई है। इस खतरे पर अंकुश लगाने के लिए गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने समय-समय पर तत्काल कार्वाई के लिए खतरे की खुफिया जानकारी साझा करने के वास्ते गूगल के साथ साझेदारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर अपराधी भारत में अवैध रूप से ऋण देने वाले ऐप शुरू करने के लिए प्रायोजित फेसबुक का उपयोग कर रहे हैं। इसमें कहा गया, ऐसे लिंक की सक्रिय रूप से पहचान की जाती है और आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें फेसबुक तथा फेसबुक पेजों के साथ साझा किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्हाट्सऐप भारत में साइबर अपराधियों द्वारा संभवतः दुरुपयोग किया जाने वाला सबसे बड़ा सोशल मीडिया मंच बना हुआ है।



## गाजा पर इजराइली हमले में तीन बच्चों समेत 18 की मौत

एजेंसी

दीर अल बला। गाजा पट्टी पर इजराइली हमले में तीन बच्चे और हमास संचालित पुलिस बल के दो उच्चाधिकारियों समेत 18 लोग मारे गए। फलस्तीनी और अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल द्वारा मानवीय क्षेत्र घोषित किए गए मुवासी नाम के इलाके में लगाए गए एक तंबू पर बृहस्पतिवार तड़के हमला किया गया। इस इलाके में लगाए गए तंबुओं में हजारों विस्थापित लोग ठंड और बरसात से बचने के लिये रह रहे हैं। दूसरा हमला मध्य गाज़ा पट्टी पर किया गया जहां कम से कम आठ फलस्तीनियों की मौत हो गई। अल अक्सा शोहदा अस्पताल के मुताबिक, मृतकों में स्थानीय समिति के सदस्य शामिल हैं जो सहायता काफिलों की मदद करते थे। अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटिड प्रेस (एपी) के एक संवाददाता ने अस्पताल में हताहतों की संख्या की पुष्टि की। हमलों पर इजराइली सेना से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। इजराइली सेना की तरफ से इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गयी है। यह युद्ध तब शुरू हुआ जब हमास के चरमपंथियों ने सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इज़राइल पर हमला कर दिया जिसमें 1200 लोगों की मौत हो गई थी तथा उसने करीब 250 लोगों को अगवा कर लिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विधानसभा सदस्यों की विचारधारा अलग हो सकती पर सबका कार्य एक : महाना

## उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधायिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर विधायक समूह की बैठक में की चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा सदस्यों की विचारधारायें अलग हो सकती हैं पर कार्य सबका एक है इसलिए राजनीति में न तो किसी से सर्टिफिकेट लेने की जरूरत है, न ही किसी को सर्टिफिकेट देने की जरूरत है। हम अपने काम से जनता के दिल में जगह बनाने का काम करें। सतीश महाना गुरुवार को होटल सेंट्रम में विधायिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर विधायक समूह की एक बैठक में चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले यह आम धारणा थी कि जिसको कुछ नहीं आता है, वह नेता बन जाता है, पर अब सामाजिक माहौल बदल चुका है। अब वही नेता बन सकता है, जिसे सब कुछ आता है। उन्होंने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में लोग राजनीति में आना चाहते हैं, पर राजनीतिज्ञों की आलोचना भी करते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक एक-दूसरे को सिखाने का काम करें। मुझे 33 वर्षों के कार्यकाल में न किसी ने सिखाया, न ही किसी ने मुझसे सीखने का काम किया। अब विधायिका की कार्यशैली में रहते हुए तीन साल हो रहे हैं इसलिए सदस्यों को अगली बार कैसे जीतकर विधानसभा आयें, इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबकी योग्यता एक है, बिरादरी एक है, क्योंकि जनता ने हमें चुनकर विधानसभा में भेजा है। पांच साल में सब कुछ पूरा होना संभव नहीं है। विकास एक सतत प्रक्रिया है इसलिए निराश न हों और विकास के प्रयास में लगे रहिए। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि क्षेत्र से जो व्यक्ति भी आपसे मिलने आता है, उसकी बात को जरूर सुनिए। उन्होंने कहा कि लोगों के काम की गारंटी नहीं, बल्कि काम करने के प्रयास की गारंटी लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पहले कई बार के विधायक बोलते नहीं थे, अब पहली बार के विधायक बोलने को तत्पर रहते हैं। जो विधानसभा में बोलेगा, उसी की टीआरपी बढ़ेगी। जो बोलेगा ही नहीं, उसकी तो टीआरपी कैसे बढ़ेगी? उन्होंने कहा कि हमारा जनता के बीच कितना विश्वास है, वही हमें फेक न्यूज से बचा सकता है।

जनता के बीच काम करने का अर्थ जनता का विश्वास है। विधायिका के बारे में विधायकों को नकारात्मकता से बचना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का बहुत नाम सुन रखा था लेकिन आज यहां आकर यह बात सिद्ध हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा को आज देखकर अनुभव हुआ कि वाकई यह बेहतरीन विधानसभा है। उन्होंने कहा कि अब अपने प्रदेश हरियाणा जाकर वहां की विधानसभा में भी बदलाव करूंगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से आज बहुत मार्गदर्शन मिला है। महाना के कार्यों से पूरे देश की विधानसभाओं को लाभ होगा।

उन्होंने उपस्थित विधायकों से कहा कि जब हम विधायक चुने जाते हैं, तो वहीं से हमारी जिम्मेदारियां शुरू हो जाती हैं। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि हम क्षेत्र के विकास के लिए जितना परिश्रम करेंगे, वही हमारी ताकत है। निश्चित रूप से हम अपनी ताकत को बढ़ा सकते हैं। इससे विधायिका की भी ताकत बढ़ेगी।

इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने विधानसभा अध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि आपने हम सबकी गरिमा को बढ़ाने का काम किया है। आप अब तक के सबसे बेहतरीन अध्यक्ष हैं। पूर्व में अध्यक्ष पीठ से यही कहते सुना जाता था कि आप बैठ जाइये प्लीज लेकिन आप विधायकों की बात को सुनते हैं और उनका निवारण भी करवाते हैं। विधायक टी. राम ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पूर्व की तुलना में 18वीं विधानसभा पूरी तरह से बदल चुकी है। महिला विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि आपके नेतृत्व में हम सब लोग एक देश में एक नजीर बन चुके हैं। 18वीं विधानसभा में जो प्रथाएं शुरू हुई हैं, वह अन्य विधानसभाओं के लिए प्रेरणा हैं।

उन्होंने कहा कि अध्यक्ष जी, तुमसा नहीं देखा। महिला विधायक केतकी सिंह ने कहा कि हर बजट सत्र में एक दिन महिलाओं के लिए निर्धारित होना चाहिए। विधायक इकबाल महमूद ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान लोकसभा की तरह लंच के लिए भी अंतराल की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे सत्र के दौरान कोई महत्वपूर्ण विषय छूटने न पाये।

विधायक संग्राम सिंह ने कहा कि महाना ने जो मानक तय किये, वह दुनिया की दूसरी विधायिकाओं की ओर जा रहे हैं। इन मानकों ने उत्तर प्रदेश की गरिमा को बढ़ाने का काम किया है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने सभी विधायकों का स्वागत कर उनका आभार जताया।

# कांग्रेस नेता पीके पाठक ने ली रालोद की सदस्यता



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ नेता अनिल दुबे की उपस्थिति में श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष राजकुमार ओझा के अथक प्रयासों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व यूपीसीसी मेम्बर पीके पाठक के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह विचारधारा तथा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह की नीतियों से प्रभावित होकर रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में दौलतराम वर्मा पूर्व प्रत्याशी विधानसभा नगर श्रावस्ती, रामदयाल वर्मा प्रधान ग्राम पंचायत सचैली श्रावस्ती, काशीराम चौधरी, संदीप मिश्रा, पेशकार चौधरी, विनोद वर्मा आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# महाकुंभ में प्रत्येक सनातनी अपने दायित्वों का पालन करें : जयवीर

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक, अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ-2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि यह भारतीय आस्था के स्पंदन का प्रतीक होगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि महाकुम्भ से जो भी श्रद्धालु लौटकर जाये वह एक सुखद अनुभूति लेकर जाए। उन्होंने कहा कि विश्वभर के सनातन संस्कृति को मानने वाले लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के इस महाकुम्भ में आने की संभावना है।

जयवीर सिंह गुरुवार को होटल में महाकुम्भ-2025 की तैयारियों को लेकर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को ठहरने, आने जाने में कोई कठिनाई न हो। इसके साथ ही इतने विशाल मानव समुद्र की सुरक्षा के लिए वायु, जमीन तथा पानी से नजर रखने की तैयारी की गयी है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए धार्मिक त्रिकोण काशी, अयोध्या एवं प्रयागराज को जोड़कर भ्रमण के लिए तैयार किया गया है। पर्यटन निगम इसके लिए विभिन्न पैकेज के द्वारा सुविधायें भी सुलभ करायेगा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ के दौरान 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज देशभर के कलाकारों के संगम का भी अवसर प्रदान करेगा। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए विविध विधाओं के शीर्ष कलाकार 43 दिन तक अपनी-अपनी भाषाओं में प्रस्तुती देंगे। इसके लिए पद्मश्री, पद्म विभूषण एवं ख्याति प्राप्त कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। मेला अवधि के दौरान महाकुम्भ सांस्कृतिक नगरी का रूप ले लेगा। महाकुम्भ में भव्यता, दिव्यता एवं अलौकिकता का अनुभव कर सके, इसके लिए तमाम सुविधायें सुलभ करायी जायेगी। उन्होंने नववर्ष की बधाई देते हुए नागरिकों से अपील की कि सनातन संस्कृति को ऊंचाई पर ले जाने के लिए महाकुम्भ-2025 की ब्रांडिग एवं मार्केटिंग भी करे। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए देश के केंद्रीय नेताओं एवं प्रदेश एवं संघ क्षेत्रों के राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों तथा एलजी को भी आमंत्रित किया गया है। विभिन्न देशों के राजदूतों को भी इसमें अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न मंत्रियों को देश के अन्य राज्यों में रोड-शो, प्रेस कांफ्रेंस तथा बैठक करके महाकुम्भ में आने के लिए आमंत्रण तथा विश्वस्तरीय तैयारियों की जानकारी दी गयी है।

इस अवसर पर मंत्री ने महाकुम्भ-2025 का कैलेण्डर भी जारी किया। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि महाकुम्भ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा, जिसके अंतर्गत श्रद्धालुओं के आगमन, भ्रमण एवं रूकने की व्यवस्था की गयी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अध्यात्मिक त्रिकोण बनाया गया है। महाकुम्भ-2025 से संबंधी समस्त जानकारियों के लिए वेबसाइट एवं ऐप बनाया गया है। 05 लाख कारों के लिए पार्किंग तथा घाटों की लम्बाई 08 किमी. से बढ़ाकर 12 किमी. की गयी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 10 हजार की क्षमता वाले गंगा पंडाल बनाया गया है। इसके अलावा प्रयाग शहर में 20 छोटे-छोटे मंच भी बनाये गये हैं। उप्र पर्यटन निगम की महाप्रबंधक सान्या छाबड़ा ने पर्यटन निगम द्वारा मेले में की गयी तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टेंट सिटी की स्थापना की गयी है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के पिकप एवं ड्राप की सुविधा भी दी गयी है। 07-08 मिनट की हेलीकाप्टर ज्वायराइड भी की जा सकती है।

# लगातार किसानों की उपेक्षा कर रही सरकार

## अखिलेश यादव का अरोप मंडियों का काम पूरा नहीं करने दिया, इससे किसानों को फसल की अच्छी कीमत मिलती

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार लगातार किसानों की उपेक्षा कर रही है। जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है उसका किसानों के साथ सौतेला व्यवहार जारी है। इस सरकार ने समाजवादी सरकार के दौरान किसानों के हित में किए कार्यों को रोक दिया। मंडियों का काम पूरा नहीं करने दिया। किसानों से जुड़ी योजनाओं को बजट नहीं दिया। समाजवादी सरकार एक्सप्रेस-वे के किनारे मंडियों का निर्माण करा रही थी जिससे किसानों को उनकी फसल की उपज की अच्छी कीमत मिलती, लेकिन भाजपा सरकार ने द्वेषभावना के चलते काम पूरा नहीं होने दिया।

कन्नौज के ठठिया में आलू मंडी का काम हो या कन्नौज के काऊ मिल्क प्लांट का कार्य। भाजपा ने अपनी नकारात्मक कार्य प्रणाली से विकास कार्यों में रोड़ा अटकाया। सपा ने बड़ी सोच के साथ काऊ मिल्क प्लांट लगवाया था लेकिन प्लांट को न खोलकर भाजपा ने अपनी नकारात्मक राजनीति को जाहिर कर दिया। काऊ मिल्क प्लांट का कार्य पूरा होने से हजारों दुग्ध किसानों को लाभ मिलता और लाखों बच्चों को सही पोषण मिलता। गोवंश का सम्मान समाजवादी सरकार में हुआ। भाजपा सरकार में तो गोवंश की दुर्दशा है। सरकारी गौशालाओं में गायों को चारापानी तक नहीं मिल रहा है। ठंड में गायें मर रही हैं। इसका पाप भी भाजपा को लगेगा। भाजपा सरकार में गेंहू, धान समेत आलू, गन्ना सभी फसलों के किसान उपेक्षा के शिकार है। उद्योगपतियों और धन्ना सेठो की पोषक भाजपा सरकार को किसानों का दर्द दिखाई और सुनाई नहीं देता है। प्रदेश में पिछले दिनों गेंहू, चना, सरसों किसानों को डीएपी खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ा। डीएपी खाद के लिए कई जिलों में किसानों को भारी संघर्ष करना पड़ा, खाद के बदले लाठियां मिली। गेहूं की फसल के लिए किसानों को यूरिया की जरूरत है, लेकिन उन्हें यूरिया की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह गन्ना किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने इस पेराई सत्र के लिए गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया। बढ़ती महंगाई के कारण गन्ने की खेती का लागत मूल्य बढ़ गया है, लेकिन भाजपा सरकार गन्ना मूल्य घोषित न करके किसानों को धोखा दे रही है। आखिर चीनी मिलें किसानों को किस कीमत पर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही है। सरकार को बताना चाहिए? किसान एमएसपी की अनिवार्यता के लिए आंदोलनरत है, भाजपा सरकार 700 किसानों की बलि लेने के बाद भी नहीं चेत रही है। आखिर किसान अपनी उपेक्षा कब तक बर्दाश्त करेगा। जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में किसान विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है।

# यू पी दिवस पर 24 से 26 तक होंगे कई कार्यक्रम

## कार्यक्रम की थीम विकास व विरासतः प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश प्रस्तावित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवसः 2025ह्ल की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 से 26 जनवरी तक विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम की थीम विकास व विरासतः प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश प्रस्तावित है।

इसका आयोजन सभी जनपदों में किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल के चयन की यथाशीघ्र पूर्ण करा ली जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में महाकुम्भ प्रयागराज, अवध की रामजन्मभूमि, ब्रज की कृष्णजन्मभूमि, बुन्देलखण्ड शौर्य की धरती, रुहेलखण्ड, पश्चिमांचल, पूर्वांचल की संस्कृतियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां करायी जाये। प्रदेश के प्रमुख घरानों यथा बनरास, रामपुर, सहसवान, बदायूं, लखनऊ घरानों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियों को भी शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि यूपी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) को लांच किया जायेगा। यह देश का पहला ऐसा प्रोग्राम है, जिसमें युवाओं को उद्यम लगाने के लिए ब्याजमुक्त ऋण दिये जाने की व्यवस्था है। उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के चयन की कार्यवाही तेजी से पूरा कराने तथा सुगमता से बैंकों से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभागों की ओर से प्राथमिकता के साथ कार्यक्रम के आयोजन में प्रतिभाग किया जाये। कार्यक्रम में अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों को योजना सामग्री का वितरण किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि यूपी दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, कला जगत से जुड़ी हस्तियों, प्रगतिशील किसानों आदि को सम्मानित भी किया जाये, साथ ही अन्य विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान से सम्मानित कराया जाये।

कहा कि कला एवं संस्कृति, कृषि उद्यमिता, कौशल विकास, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, साहित्य, शिक्षा, खेल, समाज सेवा, पर्यावरण महिला सशक्तीकरण, ग्राम विकास आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल करने वाले लोगों को उप्र गौरव सम्मान से सम्मानित कराया जाये। बैठक में उत्तर प्रदेश दिवस के अन्तर्गत तिथिवार कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया गया। 02 जनवरी, 2025 से 22 जनवरी तक संस्कृति उत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 12 जनवरी को युवा दिवस, 23 जनवरी को नेता सुभाष चंद्र बोस जंयती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/मतदातास जागरूकता दिवस तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। युवा कल्याण विभाग की ओर से 12 जनवरी से खेलकूद प्रतियोगता का आयोजन किया जायेगा। 12 से 21 जनवरी तक जिला स्तरीय, 22 जनवरी को मण्डल स्तरीय तथा 23 जनवरी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 24 जनवरी को को विजेताओं को यूपी दिवस पर सम्मानित किया जायेगा। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के0रवीन्द्र नायक, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, सचिव कृषि अनुराग यादव, सचिव खेलकूद सुहाष एलवाई, विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स नेहा जैन सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# किसान नेता डल्लेवाल से सपा प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया, लखीमपुर सांसद उत्कर्ष वर्मा एवं किसान नेता तजिंदर सिंह बिर्क के नेतृत्व में 01 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर पिछले 37 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे 75 वर्षीय किसान नेता जगजीत

- **खनौरी बॉर्डर पर पिछले 37 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे 75 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जाना हाल**
- **सपा सांसद आनंद भदौरिया ने जगजीत सिंह डल्लेवाल से आमरण अनशन समाप्त करने की अपील की**

सिंह डल्लेवाल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य संबंधी हाल जाना। सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कि सपा अखिलेश यादव का संदेश लेकर आए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आपकी भूख हड़ताल को लेकर चिंता जाहिर की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों की मांगों का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि सपा किसानों के साथ है। अखिलेश यादव डल्लेवाल के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। आनंद भदौरिया ने जगजीत सिंह डल्लेवाल से आमरण अनशन समाप्त करने की अपील की है। सपा के प्रतिनिधिमंडल ने अन्य किसान नेताओं से भी मुलाकात की और किसानों के मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि भाजपा किसानों के साथ अन्याय कर रही है। तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि सरकार ने किसानों के साथ वादाखिलाफी की है इसलिए किसानों को आज फिर से आंदोलन करना पड़ रहा है। कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि किसान कर्ज से परेशान आत्महत्या करने को मजबूर है। प्रीतिंदर सिंह कक्कू ने कहा कि लखीमपुर के घटना का असली दोषी अजय मिश्रा टेनी आज भी भाजपा पार्टी में बना है। खनौरी बार्डर पर किसान नेता अभिमन्यू कोहाड, काका सिंह कोटला, गुरूमीत मांगट से तमाम मुद्दों पर व्यापक चर्चा की, जिसमें प्रमुख रूप किसानों की फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून, किसानों की सम्पूर्ण कर्ज माफी, भारत को डब्लूटीओ से बाहर आना, नरेगा मजदूर को 200दिन काम की गारंटी, लखीमपुर घटना के पीड़ितों को न्याय, बिजली निजीकरण, कृषि विपणन एंव राष्ट्रीय कृषि रूपरेखा कानून पर चर्चा हुई। किसानों ने बताया कि 13 फरवरी 2024 से हरियाणा बार्डर पर हजारों की संख्या में ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ कडाके की ठंड में बैठे है। पुलिस द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोलों से सैकड़ों किसानों की आंखों की रोशनी चली गयी है। पुलिस की गोली से तमाम किसान घायल व एक किसान शुभकरण की मौत हो गयी है। प्रतिनिधिमंडल ने गम्भीरतापूर्वक सभी मुद्दों को सुना। सांसद आंनद भदौरिया ने डल्लेवाल के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी हालत बेहद नाजुक है। सरकार को तत्काल किसानों के साथ वार्ता का क्रम शुरू करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप खालिद साहब सिंह कोटिया, इकबाल सिंह चीमा, सरदार विक्रमजीत सिंह मौजूद रहे।

# सतीश महाना से हरविंदर कल्याण ने की शिष्टाचार भेंट



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से गुरुवार को हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने शिष्टाचार भेंट की। इसके बाद उन्होंने विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। इस अवसर पर कल्याण ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुए सकारात्मक बदलावों की सराहना की।

# क्यूआर कोड स्कैन करते ही खुलेंगे महाकुम्भ सुरक्षा के चार डिजिटल दरवाजे

## एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब के रास्ते सुरक्षित महाकुम्भ की तैयारी, श्रद्धालु कहीं भी, कभी भी, पलक झपकते पहुंचा सकेंगे वरिष्ठ अधिकारियों तक अपनी बात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बेहद पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इनमें डिजिटल तकनीक का भी भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। पहली बार श्रद्धालुओं को महाकुम्भ के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से पल पल की अपडेट मिलेगी। श्रद्धालु अपनी बात सेकेंडों में बड़े पुलिस अफसरों से लेकर पूरे महकमे तक पहुंचा पाएंगे। महाकुम्भ पुलिस ने सुरक्षा के चार ऐसे डिजिटल दरवाजे बनाए हैं, जिनके माध्यम से यह सबकुछ पल भर में किया जा सकेगा। बस आपको क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। ऐसा करते ही श्रद्धालु तुरंत सुरक्षा तंत्र के साथ जुड़ जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। उनके निर्देश पर देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। विशेष तौर पर सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की डिजिटल सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया गया है। महाकुम्भ के एक अधिकारी ने बताया कि पहली बार यहां चार प्रकार के ऐसे क्यूआर कोड जारी किए गए हैं, जिन्हें स्कैन करते ही महाकुम्भ सुरक्षा के चार डिजिटल दरवाजे खुल जाएंगे। ये दरवाजे एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब होंगे। इनके रास्ते सुरक्षित महाकुम्भ की पूरी तैयारी योजनाबद्ध तरीके से कर ली गई है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर महाकुम्भ पुलिस ने चार ऐसे क्यूआर कोड तैयार किए हैं, जिन्हें स्कैन करते ही श्रद्धालु सोशल मीडिया पर पुलिस के साथ जुड़ जाएंगे। इनमें एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब के लिए अलग अलग क्यूआर कोड बनाए गए हैं।



जैसे किसी ने एक्स वाले क्यूआर कोड को स्कैन किया तो वह तुरंत कुम्भ मेला पुलिस के पेज पर ले जाएगा। यहां आप हर पल की अपडेट तो पाएंगे ही, साथ में मैसेज करके किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना दे सकेंगे। वरिष्ठ अधिकारी आपके मैसेज पाते ही अलर्ट हो जाएंगे। एक्स की ही तरह ही ये सुविधा इंस्टाग्राम और यूट्यूब के साथ साथ फेसबुक पर भी उपलब्ध रहेगी। महाकुम्भ में डिजिटल आंखें 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगी। जिससे जुड़कर श्रद्धालुओं को सुरक्षा संबंधी हर अपडेट मिलती रहेगी। यहां लोगों की सुविधा के मद्देनजर कमिश्नरेट प्रयागराज हैंडल और महाकुम्भ मेला हैंडल उपलब्ध रहेंगे। सुरक्षा और नई नई अपडेट के लिए इन्हे स्कैन किया जा सकता है। सुरक्षा के साथ साथ इस पर जनता की राय भी ली जाएगी। साथ ही आपातकालीन सूचनाएं भी यहां

## महाकुम्भ में हुआ श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी का प्रवेश

लखनऊ। महाकुम्भ क्षेत्र में सनातन धर्म के ध्वज वाहक अखाड़ों के प्रवेश का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में श्री पंचायती अखाड़ा महा निवार्णी ने राजसी वैभव के साथ छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। शहर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर संतों का भव्य स्वागत किया गया। कुम्भ मेला प्रशासन की तरफ से भी अखाड़े के महात्माओं का स्वागत किया गया। सनातन धर्म के 13 अखाड़ों में सबसे धनवान कहे जाने वाले श्री पंचायती अखाड़ा महा निवार्णी ने छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। अलोपी बाग के निकट स्थित महा निवार्णी अखाड़े की स्थानीय छावनी से अखाड़े का भव्य जुलूस उठा। सबसे पहले महा मंडलेश्वर पद का सृजन करने वाले इस अखाड़े में इस समय 67 महा मंडलेश्वर हैं। अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में भी इसकी झलक देखने को मिली। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद जी की अगुवाई में यह छावनी प्रवेश यात्रा शुरू हुई जिसमें आगे आगे अखाड़े के इष्ट भगवान कपिल का रथ चल रहा था, जिसके बाद आचार्य महामंडलेश्वर का भव्य रथ श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहा था। नारी शक्ति को महा निवार्णी अखाड़ा ने हमेशा विशिष्ट स्थान दिया है। अखाड़ों में मातृ शक्ति को स्थान भी सबसे पहले महा निवार्णी अखाड़ा ने दिया। अखाड़ा के सचिव महंत जमुना पुरी बताते है कि साध्वी गीता भारती को अखाड़ों की पहली महा मंडलेश्वर होने का स्थान प्राप्त है जो उन्हें 1962 में प्रदान किया गया था। निवार्णी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी हरि हरानंद जी की शिष्या संतोष पुरी तीन साल की उम्र में अखाड़े में शामिल हुई और उन्हें ही यह उपलब्धि हासिल है। दस साल की उम्र में वह गीता का प्रवचन करती थी जिसके कारण राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें गीता भारती का नाम दिया और संतोष पुरी अब संतोष पुरी से गीता भारती बन गई। छावनी प्रवेश यात्रा में भी इसकी झलक देखने को मिली जिसमें चार महिला मंडलेश्वर भी शामिल हुई। यात्रा में वीरांगना वाहिनी सोजत की झांकी में भी इसकी झलक देखने को मिली। छावनी यात्रा में पर्यावरण संरक्षण के कई प्रतीक भी साथ चल रहे थे। पांच किमी लंबा सफर तय करके शाम को अखाड़े ने छावनी में प्रवेश किया।

# बिना स्वीकृत अवकाश के ड्यूटी से गायब रहने वाला बाबू निलंबित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बिना स्वीकृत अवकाश के ड्यूटी से गायब रहने वाले कनिष्ठ लिपिक आशुतोष मलिक को गुरूवार को निलम्बित कर दिया। आरोपी कर्मचारी पीआईयू में तैनात था। उक्त प्रकरण में आरोप पत्र दाखिल करने के लिए विशेष कार्याधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि कनिष्ठ लिपिक आशुतोष मलिक को वर्ष 2022 में पी0आई0यू0 में तैनात किया गया था। तब से 31 दिसम्बर, 2024 के बीच वह कई बार बिना स्वीकृत अवकाश के ड्यूटी से लंबे अंतराल के लिए अनुपस्थित रहा। इस बीच आशुतोष मलिक द्वारा सक्षम अधिकारी अथवा सहकर्मियों को अवकाश के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई सूचना भी नहीं दी गयी। उक्त सम्बंध में कई बार चेतावनी दिये जाने के बाद भी उसकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया। आरोपी कर्मचारी की इस लचर कार्यशैली व अनुशासनहीनता के सम्बंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपाध्यक्ष महोदय से लिखित शिकायत की गयी थी। जिस पर उपाध्यक्ष ने कठोर कार्यवाही करते हुए कनिष्ठ लिपिक आशुतोष मलिक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। इस मामले में आरोप पत्र दाखिल करने के लिए विशेष कार्याधिकारी वन्दना पाण्डेय को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

# सीतापुर रोड पर रेलवे लाइन के किनारे किसानों के लिए बनेंगे 177 चबूतरे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मड़ियांव कोतवाली के पास सीतापुर रोड पर रेलवे लाइन के किनारे कब्जामुक्त करायी गयी जमीन पर किसानों के लिए 177 व्यावसायिक चबूतरे बनाये जाएंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार को योजना का निरीक्षण करके इसी महीने चबूतरों का निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिये।

इसके अलावा जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-3 में 15,135 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही खरगापुर झील के संचालन व अनुरक्षण के लिए आरएफपी तैयार कराने के निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सबसे पहले अलीगंज स्टेडियम का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि स्टेडियम के वाह्य क्षेत्र में आगंतुकों व क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए कियास्क विकसित किये जाएं। इसके बाद उन्होंने सेक्टर-आई में स्थित एलडीए स्टोर का निरीक्षण किया। पता चला कि स्टोर लगभग 15 वर्ष से बंद पड़ा है और उसका कोई उपयोग नहीं है। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि स्टोर में डम्प सरिया, पाइप आदि निर्माण सामग्री का नियमानुसार निस्तारण कराया जाए। साथ ही नियोजन अनुभाग से भू-उपयोग का परीक्षण करा लिया जाए। अगर भू-उपयोग आवासीय है तो यहां आवासीय योजना और अगर ग्रीन बेल्ट है तो पार्क का प्रस्ताव तैयार कराया जाए। उपाध्यक्ष ने अलीगंज के सेक्टर-जी में बने व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया, जोकि काफी जर्जर हालत में है। समीक्षा में पाया गया कि भूतल की कुछ दुकानों को छोड़कर ऊपर के हॉल आदि रिक्त हैं।

इस पर उपाध्यक्ष ने कॉम्पलेक्स के पुनर्विकास का प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कॉम्पलेक्स काफी घनी आबादी व पॉश इलाके में है। इसके पुनर्विकास से क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके बाद उन्होंने सेक्टर-एन में कालोनी के बीच बनी दुकानों का निरीक्षण किया, जोकि कई वर्षों से बंद होने के चलते खण्डहर बन चुकी हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने दुकानों को तोड़कर वहां आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड नियोजित करने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-6 में लगभग 820 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्मित की जा रही लाइब्रेरी और सेक्टर-एफ में 2300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्मित किये जा रहे सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में तेजी लाते हुए 02 महीने में प्रोजेक्ट पूर्ण कराने के निर्देश दिये। साथ ही लाइब्रेरी के संचालन व अनुरक्षण के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजरी सेल को आरएफपी तैयार करने के निर्देश दिये। इस मौके पर जोनल अधिकारी माधवेश कुमार, रवि नंदन सिंह एवं देवांश त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता अजय गोयल एवं नीरज कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

# बेसहारा व बेघरों को रैन बसेरों में शिफ्ट किया जाये: कमिश्नर

## रैन बसेरों में लोगों को गर्म चाय व खानपान उपलब्ध करायें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए शहर में बने विभिन्न रैन बसेरों की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम अस्थाई रैन बसेरा चारबाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के सभी रैन बसेरों में पर्याप्त मात्रा में कंबल, पीने के लिए गुनगुना पानी, पर्याप्त मात्रा में बिस्तर व भोजन आदि मूलभूत व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न होने पाए।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त को संबंधित अधिकारियों की ओर से अवगत कराया गया कि शहर के रैन बसेरों में ठंड के दृष्टिगत सभी प्रकार की मूलभूत व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित करा ली गई हैं। रैन बसेरे में कर्मचारी उपस्थित और यात्री विश्राम करते हुए पाए गए। वहीं रात्रि विश्राम करने वाले लोगों का नाम भी रजिस्टर में अंकन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैन बसेरो में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश साथ ही जरूरतमंदो के लिये कंबल वितरण करने के लिये संबंधित को निर्देशित किया। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने बसेरा शेल्टर होम ऐशबाग, आश्रय ग्रह लाटूश रोड व आदि विभिन्न रैनबसेरों के औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रैन बसेरों में रहने वाले लोगों को गर्म चाय एवं खानपान ससमय उपलब्ध कराया जाए। शौचालय की नियमित साफ-सफाई अच्छे से कराते रहें। मूलभूत औषधियां विधिवत रूप से रखी जाए। मंडलायुक्त ने रैन बसेरों में रह रहे लोगों से संवाद करके उनका हाल-चाल भी जाना। संबंधित अधिकारी क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहते हुए बेसहारा व बेघर लोगों को रेन बसेरों में शिफ्ट कराया जाना सुनिश्चित करें।

# डिजिटल तकनीक व पारदर्शिता से सशक्त हुई मनरेगा योजना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, प्रदेश सरकार राज्य के सबसे कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। ग्राम्य विकास विभाग की ओर से मनरेगा योजना के तहत गरीबों, मजदूरों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार की यह पहल समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाते हुए एक आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नींव रख रही है। सरकार ने मनरेगा योजना को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग किया है। पंजीकरण, जॉब कार्ड वितरण और कार्य आवंटन की प्रक्रिया को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है।

# एलडीए के पार्कों का ऑनलाइन मिलेगा टिकट

लखनऊ। एलडीए के उद्यान अधिकारी एसके भारती ने बताया नव वर्ष के मौके पर गोमती नगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में लगभग 50000 लोग पहुंचे। ऐसे में लोगों को टिकट के लिए इंतजार करना पड़ा। इसको देखते हुए एलडीए अब बड़े आयोजन के मौके पर टिकट काउंटर बढ़ाने के अलावा ऑनलाइन टिकट की सुविधा भी शुरू करेगा। करीब 3 से 4 महीने में इस सुविधा को शुरू कर दिया जाएगा।

# मंत्री ने 150 इलेक्ट्रिक कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को दिखायी हरी झंडी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर के तीन जोन में कूड़ा कलेक्शन व सफाई व्यवस्था के लिए चयनित कंपनी लॉयन इन्वॉयरो प्रा. लि. को काम दिया गया है। गुरुवार को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने 150 इलेक्ट्रिक कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये गाड़ियां प्रतिदिन

- जोन-02, 05, 08 क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान करेगी लॉयन इन्वॉयरो

जोन-02, 05 व 08 के क्षेत्रीय निवासियों के दरवाजे पहुंचकर कूड़ा उठाने का कार्य करेगी। इन गाड़ियों को चलाने एवं कूड़ा उठाने तक में लगभग 05 हजार महिला एवं पुरूषों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने जोन-08 के हिन्दनगर वार्ड, अवध चौराहा के पास सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि




प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत से ही स्वच्छता की लहर देश में चल पड़ी है। अब सभी सफाई स्वच्छता के प्रति सचेत और जागरूक हैं। स्वच्छता अब हमारे जीवन की कार्य संस्कृति बन गयी है। सभी निकायों में भी सफाई स्वच्छता को लेकर आपस में प्रतिस्पर्धा हो रही है। एक दूसरे से अपने नगर को ज्यादा स्वच्छ दिखाने का प्रयास हो रहा है। लखनऊ शहर सभी निकायों के लिए आदर्श बन गया है। क्योंकि यहां के लिए मुस्कुराइये कि आप लखनऊ में है, कहा जाता है। कहा कि मैन और मशीन का बेहतर प्रयोग किया जाए। ज्यादा से ज्यादा आधुनिक तकनीक और मशीनों की वैज्ञानिक पद्धति से सफाई कार्यों में लगाया जाए। श्री शर्मा ने लखनऊवासियों से अनुरोध किया है कि वे अपने घरों, दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों से समय से सूखा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग कर निकालकर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को दे। जिससे इस कूड़े को कूड़ा कलेक्शन सेंटर, ट्रांसफर स्टेशन एवं एमआरएफ स्टेशन से लेकर शिवरी प्लान्ट तक शोधन के लिए पहुंचाया जा सके। वेस्ट मटेरियल से लखनऊ में यूपी दर्शन पार्क तथा प्रयागराज में शिवालय पार्क भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र एयरपोर्ट होने की वजह से बहुत ही महत्वपूर्ण है। यहां की सफाई व्यवस्था और नगरीय व्यवस्थापन हमेशा चाक-चौबंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन के लिए 125 सीएनजी संचालित गाड़ियां और बढ़ाई जायेगी। इस क्षेत्र में अब पोर्टेबल काम्पैक्टर 15 तथा एमआरएफ सेंटर 06 हो गये हैं।

# लोहिया के डॉक्टरों को 25 लाख क्षतिपूर्ति देने का आदेश, लापरवाही से हुई थी मौत

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। बेटी को सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द की समस्या लेकर राम मनोहर लोहिया अस्पताल जाना भारी पड़ गया। जनवरी 2020 से अक्टूबर तक कुल 11 डॉक्टरों ने देखा। कभी भर्ती किया, कभी ओपीडी में दवा लिखी। बावजूद इसके मूल कारण तक नहीं पहुंचे।

यहां तक की रिपोर्ट में साफ वजह लिखी थी फिर भी दूसरे मर्ज की दवा देते रहे। इस लापरवाही के कारण आदिल नगर लखनऊ के निवासी जितेन्द्र बहादुर सिंह की बेटी ने आखिर में दम तोड़ दिया। जिला उपभोक्ता आयोग ने इस मामले में लोहिया संस्थान के डॉक्टरों को 25 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का निर्णय दिया है। साथ ही 10 हजार रुपये मुकदमे का खर्च भी उनको देना होगा। पीड़ित ने आयोग का दरवाजा 21 जून 2021 को खटखटाया था। साथ ही लोहिया इंस्टीट्यूट के तत्कालीन निदेशक डॉ. एके सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर विक्रम सिंह, डॉ. हेमंत कुमार समेत करीब एक दर्जन डॉक्टरों को पार्टी बनाया। आयोग अध्यक्ष अमरजीत त्रिपाठी और सदस्य प्रतिभा सिंह की पीठ ने गुरुवार को इस मुकदमे में निर्णय दिया। इसमें कहा गया कि विपक्षी एकल या संयुक्त रूप से 30 दिन के भीतर क्षतिपूर्ति का भुगतान जितेन्द्र बहादुर सिंह को करेंगे। यदि समय पर क्षतिपूर्ति नहीं दी तो नौ फीसदी वार्षिक ब्याज भी जुड़ेगा। आदेश में आयोग ने कहा यह स्पष्ट हो रहा है कि विपक्षियों ने मरीज की ठीक से जांच या इलाज नहीं किया। अस्पताल में भर्ती रहने के बावजूद मरीज की स्थिति पर ठीक से निगरानी नहीं रखी गई। नतीजतन अस्पताल में भर्ती रहने के बावजूद भी मरीज की स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई और उसकी मृत्यु हो गई। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए विपक्षी उत्तरदायी हैं।

# शहर के पहले वाईफाई युक्त मॉडल वेंडिंग जोन का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में पहले वाईफाई सुविधा से युक्त मॉडल वेंडिंग जोन का शुभारंभ शुक्रवार को नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल ने संयुक्त रूप से किया। गोमती नगर के विभूतिखंड में बने इस जोन में दोनों ने दुकानदारों में आवंटन पत्र बांटे। मॉडल वेंडिंग जोन में 40 दुकानें बनाई गई हैं, जो कि एक ही रंग और आकार की हैं।

दुकानों की छतों को हरे और नारंगी रंग का शेड दिया गया है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के पास स्थित इस वेंडिंग जोन में वाईफाई की सुविधा दी गई है। फास्ट-फूड, बाटी-चोखा और चाय की दुकानों के पास लोगों के बैठने के लिए बेंच आदि की सुविधा दी गई है तो पान और सिगरेट की दुकान के पास ही एक स्मोकिंग जोन बनाया गया है। यहां आने वाले ग्राहकों को वेंडिंग जोन के बाहर ही वाहन पार्किंग की सुविधा भी है, जिससे कि जोन के अंदर भीड़ न लगे। नगर के इस पहले मॉडल वेंडिंग जोन को सितंबर महीने में ही तैयार कर लिया गया था। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि यहां पर उन्हीं लोगों को दुकानें आवंटित की जा रही हैं जो कि पहले से ही यहां दुकानें लगा रहे थे। अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस वेंडिंग जोन में बिजली और पानी की भी सुविधा नगर निगम की ओर से उपलब्ध कराई गई है, जिससे कि दुकानदारों और आने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो। उद्घाटन के मौके पर पार्षदगण और नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। जोनल अधिकारी संजय यादव ने बताया कि यहां प्रति दुकान का किराया प्रति महीना पांच हजार रुपये रखा गया है। सिक्योरिटी मनी 50 हजार रुपये होगी। सिक्योरिटी मनी और किराया जमा करने के बाद दुकानदारों को दुकान की चाभी सौंप दी जाएगी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि शहर में अन्य स्थानों पर भी वेंडिंग जोन बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



# गोरखपुर के पहले मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ। खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दोपहर बाद गोरखपुर के पहले मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे।

यह मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शहर के भाटी विहार कॉलोनी में बना है। इसका निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की ओर से 2 एकड़ भूमि पर 5.23 करोड़ रुपये की लागत से सीएम योगी की विधायक निधि (विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि) से कराया गया है। मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य 24 जुलाई 2023 को शुरू हुआ था। अब इसके बन जाने से खेल प्रतिभाओं को अभ्यास के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध हो गया है। जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन का कहना है कि मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गोरखपुर के युवाओं के लिए नई सौगात है। मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडोर गेम्स के लिए जिम, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बैडमिंटन कोर्ट, राइफल व पिस्टल शूटिंग रेंज, मल्टी परपज हाल आउटडोर गेम्स के लिए 300 मीटर का सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, लॉन टेनिस कोर्ट आदि का निर्माण कराया गया है। यहां वॉलीबॉल, कुश्ती कोर्ट और क्रिकेट नेट प्रैक्टिस रेंज भी बना है। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टॉयलेट ब्लॉक, पेयजल आदि की भी मुकम्मल व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को पूर्वाह्न काल ट्रासंपोर्टनगर (टीपीनगर) में नगर निगम द्वारा बनाए गए रैन बसेरे का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर गरीबों और असहायों के बीच कंबल वितरण भी करेंगे।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |



# अरशद की मां-बहन का अंतिम संस्कार संभल में होगा

## नाका हत्याकांड : शव लेने मामा लखनऊ पहुंचे, बोले- कभी किसी से विवाद की बात नहीं बताई



● पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे हत्यारोपी अरशद के मामा दानिश ने बताया कि सभी शवों को लेकर जायेंगे गांव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नाका में मां और चार बहन की हत्या करने वाले अरशद को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। फरार पिता मो. बदर की तलाश भी तेज कर दी गई है। तीन डॉक्टरों के पैनल ने पांचों शवों का पोस्टमॉर्टम किया। जिसमें दो पुरुष और एक महिला डॉक्टर थी। पोस्टमॉर्टम के बाद सभी शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमॉर्टम के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई है। परिजन एक ही वाहन से सभी शव ले गए।

पुलिस की सूचना पर अरशद के फूफा और मामा गुरुवार सुबह लखनऊ पहुंचे और नाका थाने गए। जहां से उन्हें घटना की जानकारी देने के बाद शवों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी कराई गई। मामा दानिश का कहना है कि वह सभी शवों को संभल अपने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार करेंगे। अरशद की मां आसमां संभल की रहने वाली थी।

**परिवार में कभी नहीं बताई झगड़े की बात:** संभल के रहने वाले मामा दानिश ने बताया कि घटना की जानकारी पर वह परिजनों के साथ बुधवार रात को ही लखनऊ के लिए निकल गए थे। दानिश का कहना है कि अरशद वीडियो में जो बातें बता रहा है, परिवार में कभी चर्चा नहीं की। यहां तक कि पड़ोसियों से विवाद के विषय में भी कोई जानकारी नहीं दी थी। उसने यह कदम क्यों उठाया पूरा परिवार समझ नहीं पा रहा है। दानिश ने बताया, 8 महीने पहले शादी समारोह के दौरान अरशद और उसके परिवार से मुलाकात हुई थी। उस दौरान बदर ने भी कोई बात नहीं बताई थी।

**पुलिस आरोपी अरशद की लेगी कस्टडी रिमांड:** नाका पुलिस ने गुरुवार सुबह अरशद को जेल भेज दिया। साथ ही उसकी कस्टडी रिमांड के लिए कोर्ट में एप्लिकेशन भी दी है। पुलिस का कहना है कि घटना को लेकर आरोपी से पूछताछ करनी है। आरोपी के पिता की तलाश में लगातार चार टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उसकी लोकेशन ट्रेस करने के लिए सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद ली जा रही है।

**एक जनवरी को होटल में मिले थे पांच शव:** आगरा निवासी अरशद ने बुधवार को खुद लोको चौकी में जाकर पुलिस को सूचना दी थी कि उसने अपनी मां आसमां, बहन आलिया (9), अक्शा (16), अल्शिफा (19) और राहीमीन (18) की हत्या कर दी है।

जिसके बाद पुलिस ने मौके पर जांच में बात सही पाए जाने पर उसको हिरासत में लिया था। वहीं घटना स्थल से फरार पिता बदर की तलाश शुरू कर दी थी।

## यूपी एसटीएफ ने शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने हत्या की घटना के सम्बन्ध में थाना शहापुर, जनपद ठाणे ग्रामीण (महाराष्ट्र) में पंजीकृत मुकदमें में वांछित अभियुक्त शशांक उर्फ सोनू मिश्रा जनपद कौशाम्बी से गिरफ्तार किया है।

थाना शहापुर जनपद ठाणे ग्रामीण महाराष्ट्र में पंजीकृत मु०अ०सं० 371/2024 धारा 109(1), 312, 3(5) बीएनएस व 3/27 शस्त्र अधिनियम बनाम अज्ञात पंजीकृत होकर उक्त अभियोग की विवेचना स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही थी। उक्त अभियोग की विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त शशांक उर्फ सोनू मिश्रा की गिरफ्तारी हेतु महाराष्ट्र पुलिस द्वारा एसटीएफ उप से सहयोग मांगा गया था।। इसी क्रम में कोतवाली मंझनपुर जनपद कौशाम्बी से समय 16:10 बजे गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसे व उसके मिश्र अंकित यादव उर्फ शिन्दू पुत्र लल्लूराम निवासी महमदपुर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को लूट करने के इरादे से फैजान पुत्र पप्पू निवासी सिरियाकला थाना चरवा, जनपद कौशाम्बी अपने वाहन सर्विस सेन्टर जनपद ठाणे बुलाया था। थानाक्षेत्र शहापुर स्थित आभूषण की दुकान में लूट करने के लिए बताया।

## जेल लेकर जा रहे सिपाही को धक्का देकर भागा मुलजिम, गिराफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनी नगर थाने पर तैनात सिपाही द्वारा मुलजिम को जेल ले जाते समय धक्का देकर भाग गया। अहिमामऊ में लगे जाम का मुलजिम ने पूरा फायदा उठाते हुए भाग निकला। कांस्टेबल ने सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर भागे हूए मुलजिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। हांलाकि देर रात पुलिस ने उसे गिराफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक सरोजनीनगर थाने पर तैनात सिपाही चंद्रभान पटेल सिपाही पवन कुमार के साथ सरोजनीनगर थाना में दर्ज मुकदमे अ०सं० 530/2024 धारा 303(2)/317 (2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण आकाश पुत्र स्व० भगवानदीन निवासी ग्राम देवीगंज थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर हाल पता मकान नम्बर 2/89 डूडा कालोनी हंसखेड़ा थाना पारा जनपद लखनऊ व विकास रावत पुत्र स्व० भगवानदीन निवासी ग्राम देवीगंज थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर हाल पता मकान नम्बर 2/89 डूडा कालोनी हंसखेड़ा थाना पारा जनपद लखनऊ को थाने से लेकर मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश करने के जिला जेल लखनऊ नमे दाखिल करने के लिए ऑटो से ले जा रहे थे। तभी अहमामऊ अण्डरपास के पास पहुंचे तो वहाँ भीड़ भाड़ व थोड़ा जाम की स्थिति होने के कारण अभियुक्त विकास रावत ने धक्का मार कर गाड़ी से नीचे गिरा दिया। तथा गाड़ियों की भीड़ का फायदा उठाकर सिपाही को धक्का देकर बुधवार को भाग निकला। आरोपित ने भागने के बाद सिपाही चंद्रभान पटेल ने सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। आरोपी ने पुलिस कस्टडी से भागने की सूचना के बाद सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस व सरोजनीनगर पुलिस ने मिलकर आरोपित को दोबारा उसके घर से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

**बोले जिम्मेदार:** इस संबंध में एडीसीपी साउथ अमित कुमावत ने बताया कि सरोजनीनगर से चोरी के आरोप में पकड़े गए व्यक्ति को जेल ले जाते समय भागने पर उसे उसके पारा स्थित घर से गिराफ्तार किया गया। जिसे गुरुवार को सरोजनीनगर से ही जेल भेजा गया। जेल ले जाने वाले सिपाहियों के बरती गई लापरवाही की खिलाफ भी जांच की जा रही है।

## गैंगेस्टर के आरोपी की आठ करोड़ की सम्पत्ति जब्त

लखनऊ। यूपी के जालौन जिले में गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी की अतीक अहमद की करीब आठ करोड़ रुपए कीमत की सम्पत्ति को जब्त कर लिया है।पुलिस के मुताबिक जालौन पुलिस ने अतीक अहमद मकान नम्बर -ई 18 निजामुद्दीन नई दिल्ली स्थाईपता कस्बा सहसपुर थाना स्योहरा जनपद बिजनौर के द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी करीब 08 करोड़ की चल अचल सम्पत्ति को कुर्क करते हुए जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस और प्रशासन के अफसरों की मौजूदगी में की गईं।पुलिस के मुताबिक वह अभी और कई आरोपियों की सम्पत्ति को कुर्क करेगी।इसको लेकर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## दो को मिली आजीवन कारावास की सजा

लखनऊ।प्रदेश के बुलंदशहर और गोरखपुर जिले में न्यायालय नें दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दी और जुमार्ना भी लगाया। मिली जानकारी के मुताबिक बुलन्दशहर जिले के थाना कोतवाली नगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय नें थाना कोतवाली नगर पर दर्ज मुकदमा धारा 302/34 आईपीसी के तहत आरोपी रामरतन को आजीवन कारावास और तीस हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।प्रदेश के गोरखपुर जिले के थाना राजघाट पुलिस की प्रभावी पैरवीं से थाना राजघाट पर दर्ज मुकदमा धारा 302 और 307 तथा 427 आईपीसी के आरोपी जवाहर को आजीवन कारावास व पंद्रह हजार पांच सौ रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## चोरी करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

लखनऊ।गाजीपुर थाने की पुलिस ने बोलेरो से रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की 4 बैटरी बरामद की है। आरोपी बोलेरो गाड़ी से घूमकर रेकी करता। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम देते। कैलाश कुंज फैजाबाद रोड इन्दिरानगर के रहने वाले मोहम्मद काशिफ पुत्र शहिद अली ने बुधवार को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात 2 से 3 बजे के बीच में लाल रंग की बोलेरो से अज्ञात चोरों ने घर के सामने खड़े ई-रिक्शा से 4 बैटरियां निकाल कर चोर कर ली।

### NOTICE

I Lipika Gupta Prajapati w/o Santosh Kumar Prajapati R/o 1/343, Vishal Khand Gomti Nagar, Lucknow changed my name to Lipika Gupto vide affidevit dated 02 Jan 2024 bfr. notary Suresh kumar Lko.

## नये वर्ष को लेकर डीजीपी से मिले अधिकारी व कर्मचारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार से आज नये वर्ष को लेकर पुलिस अधिकारियों के कर्मचारियों और कर्मचारियों मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।इस मौके पर पुलिस मुख्यालय के पृथ्वी लॉज में अधिकारियों और कर्मचारियों से डीजीपी मिले एक दूसरे को दोनों नें एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस मौके पर पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस और पुलिस महानिदेशक टेलीकॉम व पुलिस महानिदेशक पॉवर कारपोरेशन तथा अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू और अपर पुलिस महानिदेशक यूपी-112 व अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था और अपर पुलिस महानिदेशक साइबर काइम तथा अपर पुलिस महानिदेशक रेलवेज और अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक व डीजीपी के जी०एस०ओ० व अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं और अपर पुलिस महानिदेशक अपराध तथा अपर पुलिस महानिदेशक यातायात और सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

**डीजीपी कार्यालय में हुई पीपिंग सेरेमनी :** पुलिस महानिदेशक कार्यालय में आज पदोन्नति प्राप्त पुलिस अधिकारियों की पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया।इस मौके पर डीजीपी प्रशान्त कुमार नें आज पदोन्नति प्राप्त करने वाले आई०पी०एस० अफसरों को रैंक लगाया। पिपिंग सेरेमनी में नीलाब्जा चौधरी पुलिस महानिरीक्षक एटीएस और प्रशान्त कुमार-क्क पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेन्ज को अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर पदोन्नति पाये जाने पर बधाई देते हुए रैंक लगाया। वही आपेक्षा की कि पदोन्नति पानें के बाद अपने कार्यों को और भी बेहतर तरीके से अंजाम देंगे। डीजीपी नें इस मौके पर पदोन्नति पाए सभी पुलिस अधिकारियों को उनके उज्जल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। जनपद उन्नाव के असोहा निवासी बिकास कुमार पुत्र राम प्रसाद ने बताया की 30 दिसंबर को दिन में करीब 9 बजे अपनी मीटर साइकिल से अपनी माँ माया देवी पत्नी राम प्रसाद उम्र करीब उनसथ वर्ष के साथ दवा लेने लखनऊ जा रहा था.। तभी इसी दौरान मेरी माँ मोटर साइकिल में पीछे बैठी थी।रास्ते में उम्मीद खेड़ा गाँव व भत्था के निकट तेजी और लापरवाही के साथ चला कर ट्रक आया और पिछे से टक्कर मार दी।जिससे मोटर साइकिल सहित दूर जा गिरा और माँ उछल कर सडक पर गिर गई।ट्रक चालक ने हमारी माँ के ऊपर चढ़ा दिया।जिससे उनकी माँ की मौके पर ही मौत हो गई और हमारे शरीर में भी काफी चोटे आ गई।विकास कुमार ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैँ और मांग की है की चालक के खिलाफ विधिक कार्य वाई की जाय।

## रिश्वत लेते पकड़े गये लेखपाल के मामले में तहसील सरोजनी नगर के सभी लेखपाल हुए लामबंद

● लेखपाल संघ की उप शाखा के बैनर तले तहसील परिसर में धरना देना किया शुरू, अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार किया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर इलाके में दो दिन पहले रिश्वत लेते पकड़े गए लेखपाल के मामले में सरोजनीनगर तहसील के सभी लेखपाल लामबंद हो गए हैं। उन्होंने इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उप शाखा तहसील सरोजनीनगर के बैनर तले गुरुवार को तहसील परिसर में धरना देना शुरू कर दिया।

संगठन के अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करते हुए धरने पर बैठे लेखपालों का कहना है कि लेखपाल बिन्देश कुमार रावत को सतर्कता अधिष्ठान कर्मचारियों द्वारा फर्जी तरीके से पकड़ने की धमकी पहले ही दी गई थी। इसके बाद 31 दिसंबर को फर्जी तरीके से ट्रैपिंग की कार्रवाई की गई। उन्होंने इस मामले की मजिस्ट्रेटिक जांच कराने की मांग की है। लेखपालों का कहना है कि जाँच के बाद दोषी पाए जाने पर फर्जी केस में फंसाने वाली ट्रैपिंग टीम के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की वीडियो फुटेज सुरक्षित कराई जाए। उन्होंने बताया कि सतर्कता विभाग के कर्मचारी द्वारा गहरू क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जिसमें शासकीय भूमि शामिल है। इसकी पूर्व में लिखित आख्या 21 दिसंबर को लेखपाल द्वारा उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है। शासकीय भूमि को तत्काल खाली कराया जाए और उस पर प्लाटिंग करने वाले दोषियों के विरुद्ध एंटी भू माफिया के तहत मुकदमा दर्ज कर लखनऊ विकास प्राधिकरण व रेरा को पत्र निर्गत किया जाए। धरने पर बैठे लेखपालों का कहना है कि लेखपाल बिन्देश कुमार रावत द्वारा सतर्कता अधिष्ठान के कर्मचारी को शासकीय भूमि पर प्लाटिंग करने से रोकने के कारण पूर्व में फर्जी ट्रैपिंग कर फसाने की धमकी दी जा रही थी। इसकी सूचना पहले ही लेखपाल बिन्देश द्वारा सरोजनीनगर एसडीम को दी गई थी। लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। यही वजह है कि अवैध प्लाटिंग करने वाला 31 दिसंबर को अपने दुष्प्रयोजन में सफल हो गया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस मामले की उचित कार्रवाई की जाए, जिससे कि भविष्य में इस तरह की कोई फर्जी ट्रैपिंग की पुनरावृत्ति ना हो सके। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा, तब तक सभी लेखपाल तहसील परिसर में धरना रत रहेंगे। इस मामले को लेकर संगठन की ओर से एक ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपा गया। बीती 31 दिसंबर को सरोजनीनगर तहसील के लेखपाल बिन्देश कुमार रावत को एंटी करप्शन टीम ने एक किसान से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों का कहना था कि यह रकम लेखपाल एक किसान से जमीन की पैमाइश करने के एवज में ले रहा था।

## गाली गलौज, मारपीट के साथ ही फावड़े से हमला, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बंथरा इलाके में तीन अज्ञात लोगो के साथ तीन अन्य लोगो ने एक ब्यक्ति के साथ की गाली गलौज, मार पीट अलावा फावडे से हमला कर दिया। जिससे वह ब्यक्ति काफी चोटिल हो गया और उसका कान भी कट गया और उन लोगो ने जान से मारने की धमकी दी.।इससे परेशान होकर अपने बचाते हुए खेतो से होकर घर पहुंचा और अपने परिजनो से आप बीती बताई और बंथरा पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं।

थाना बंथरा के सादुल्ला नगर निवासी आँशु रावत पुत्र राम लखन ने बताया की सरोजनी नगर के गौरी बाजार से मजदूरी करके घर वापस आ रहा था। तभी इसी दौरान रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे मवई पढ़ियाना चौराहे के पास अपने भाई का इन्जार कर रहा था। इसी बीच कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे।जिसमे कुछ लोग चले गये।कुछ लोग वहां पर थे। जिसने अनुज लोनहा, लाला श्रीवास्तव मवई, सोनू अमावा व तीन अन्य शराब के नसे में गाली गलौज किया, मारा पीटा और फावडे से हमला कर दिया.। जिससे वह चोटिल हो गया और कान भी फट गया। जान बचा कर भागा। मामले की जानकारी परिजनो को देते हुए थाने पर शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया हैं।

## प्रापर्टी डीलर को धमका कर मांगी पांच लाख की रंगदारी





विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में प्रापर्टी डीलर ने फोन कर पांच लाख की रंगदारी मांगे जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने रुपये नहीं देने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। सीजी सिटी निवासी प्रशांत तिवारी जमीन की खरीद-फरोख्त करते हैं। पीड़ित के मुताबिक 24 दिसंबर की रात करीब 9.30 बजे वह घर पर थे। तभी अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने कॉल रिसीव होते ही गाली देना शुरू कर दिया। प्रशांत कुछ समझ नहीं पाए। गाली देने से मना करने पर आरोपी ने सुमित सिंह के तौर पर पहचान बताई। प्रशांत के मुताबिक वह सुमित नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानते। ऐसे में उन्होंने फोन काट दिया। कुछ देर बाद दोबारा से कॉल आई। इस बार भी कॉलर ने सुमित सिंह नाम बताते हुए सौरभ नायक, प्रिंस, शिवांश और हिमांशु त्रिपाठी का नाम लेकर धमकाया। बोला कि प्रतापगढ़ का यह गिरोह है। जिसे जमीन कारोबार करने के बदले रुपये देने पड़ते हैं। तुम बहुत सी जमीन बिकवा रहे हो। हमारा हिस्सा पांच लाख पहुंचा दो। धमकी भरा फोन आने से प्रशांत घबरा गए। पीड़ित ने डीसीपी दक्षिण निपुण अग्रवाल से मुलाकात कर उन्हें घटना की जानकारी दी। जिनके निर्देश पर सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ।

## साइबर जालसाजों ने 8.5 लाख ठगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में साइबर ठगों ने वॉट्सऐप लिंक भेजकर 8 लाख 50 हजार की ठगी कर ली। युवक के पास अज्ञात नंबर से मैसेज आया। जिसमें एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करने के बाद आईडी बनवाई। जिसके जरिए अलग-अलग तरीके से लाखों रुपए ऐंठ लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सेक्टर-1 आशियाना के रहने वाले अंकित सिंह ने बताया कि उनके पास सोमवार को परवत सिंह नाम के व्यक्ति ने वॉट्सऐप पर मैसेज भेजा। मैसेज में एक लिंक था। लिंक पर क्लिक करते ही एक ऐप ओपन हो गई। इसके बाद बताया कि पैसे इंवेस्ट करने पर मोटा मुनाफा होगा। इस तरह से अलग-अलग समय 5.5 लाख रुपए जमा करवा दिए। ऐप पर प्रॉफिट दिखने पर उन्होंने अपना पैसा निकालना चाह तो नहीं निकला।

इस पर उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो मना करने लगे। फिर और पैसा जमा करने का दबाव बनाया। पैसे निकालने के एवज में 3 लाख की डिमांड की। जिसके बाद 11 लाख देने के लिए बोला। मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस पर अंकित ने 3 लाख और दे दिया। इसके बाद भी टेलीग्राम के जरिए धमकी दी जाती है। फिर मैसेज डिलीट कर देते हैं। पीड़ित ने आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जैन कॉम्प्लेक्स में लगी आग

लखनऊ। कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के लाल हॉस्पिटल के पास स्थित जैन कॉम्प्लेक्स में देर रात आग लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और एक घंटे में आग पर काबू पाया। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 12 बजे की है। आलमबाग फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए सरोजिनी नगर और चौक से अतिरिक्त दमकल गाड़ियां मंगवाई। फायर कर्मियों ने बताया कि जैन कॉम्प्लेक्स शॉर्ट सर्किट से आग लगी। आग से हुए नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। अब जैन कॉम्प्लेक्स को सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। फायर अधिकारी ने बताया कि समय पर सूचना और दमकल गाड़ियों की तेज कार्रवाई के कारण बड़ी दुर्घटना को टालने में सफलता मिली।

## घर में घुस कर युवती से छेड़छाड़

लखनऊ। माल कोतवाली में 20 वर्षीय युवती ने शोहदे के खिलाफ घर में घुस कर छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है। विरोध करने पर आरोपी युवती को गाली देते हुए भाग गया। कमलापुर निवासी युवती के मुताबिक 29 दिसंबर की शाम वह घर अकेले थी। इस बीच प्रमोद घर में घुस आया। आरोपी ने युवती पर संबंध बनाने का दबाव बनाया। मना करने पर मारपीट करने लगा। प्रमोद के चंगुल से बच कर पीड़िता शोर मचाने लगी।

## पूर्व पार्षद के कोल्ड स्टोरेज में चोरी

लखनऊ। तालकटोरा कोतवाली में पूर्व पार्षद ने कोल्ड स्टोरेज प्लांट में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। ट्रांसफार्मर काट कर उसमें भरी कॉयल चोरी की गई है। टिकैतगंज निवासी उमा शंकर लोधी पूर्व पार्षद है। पारा के खुशहालगंज में उनका प्लांट है। जिसमें स्टिचिंग यूनिट लगाने का काम चल रहा है। 26 दिसंबर की रात चोरों ने प्लांट से बिजली केबल, एलईडी लाइट, इलेक्ट्रिक फिटिंग के साथ 160 केवीए ट्रांसफार्मर को काटकर उसके अंदर लगी कॉपर क्वायल चुरा ली।

# हमारी केमिस्ट्री और टीमवर्क ने 'मोहरे' को खास बना दिया : जावेद जाफरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** दमदार एक्टर जावेद जाफरी ताजा बाजार के बाद एक बार फिर विलेन के रूप में मोहरे वेब सीरीज में नजर आ रहे हैं। इसमें उन्होंने गैंगस्टर बॉस्को का दमदार किरदार निभाया है। इनके अलावा इस सीरीज में नीरज काबी, गायत्री भारद्वाज, आशिम गुलाटी और पुलकित मकौल, जैसे सितारे हैं। हाल ही में उन्होंने मोहरे सीरीज के सिलसिले में वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत की।

**इस कहानी में कुछ खास बात है ? क्या यह दिलचस्प है ?**

जावेद जाफरी- हां, इस कहानी में खास बात ये है कि यह एक अनोखी स्क्रिप्ट है। जब मुझे डायरेक्टर ने इसे दिखाया, तो उन्होंने इसे फिल्म अमर अकबर एंथनी और द डिपार्टेड का मिलाजुला बताया। मुझे यह तुरंत समझ में आ गई और मैंने इसे करने का फैसला किया। मेरी भूमिका, बास्को साल्वाडोर, एक मुंबई का क्रिश्चियन कैथोलिक की है, जो कॉफिन बनाता है। इसकी एक एक फार्मा कंपनी भी है। मेरी भूमिका में कई मोड़ हैं, जहां हम धीरे-धीरे समझते हैं कि कौन अच्छा है और कौन बुरा। इस शो में मस्ती और सस्पेंस दोनों हैं। मुझे पूरा यकीन है कि जो लोग इस तरह के जोन को पसंद करते हैं, उन्हें यह शो बहुत पसंद आएगा।

**हर एपिसोड में एक नया मोड़ आता है, अब दर्शकों को इससे क्या उम्मीद करनी चाहिए ?**

जावेद जाफरी- बिलकुल, हर एपिसोड के साथ कहानी में एक नया ट्विस्ट होता है। यह बहुत अच्छा लिखा गया है। इस शो में हर किरदार का अपना एक सफर है और दर्शक इसे देखकर जुड़े रहते हैं. यही शो की खासियत है। हर किरदार में बहुत गहराई और पेचिदगी है और कहानी में हर मोड़ पर कुछ नया देखने को मिलता है।

जावेद जाफरी- हाँ, हमने शूटिंग के दौरान भी खूब मस्ती की, लेकिन जब शूटिंग शुरू होती, तो हम सभी ने पूरी गंभीरता से काम किया। इस शो में हमारी केमिस्ट्री और टीमवर्क ने उसे और भी खास बना दिया है।

**गायत्री, यह आपका पहला अनुभव है, कैसा अनुभव रहा ?**

गायत्री भारद्वाज- यह एक अद्भुत अनुभव था। एमजॉन के साथ काम करना हमेशा अच्छा होता है। वे अपने शो और किरदारों को बहुत अच्छी तरह से प्रमोट करते हैं, उनकी टीम जानती है कि दर्शकों को क्या चाहिए और वे इसे बहुत अच्छे से पहचानते हैं। मैंने इस शो में एक वकील का किरदार निभाया है, जो मेरे लिए बिल्कुल नया था, यह बेहद जटिल और पेचिदा है। इस किरदार ने मुझे एक नए किरदार के रूप में अपने आप को एक्सप्लोर करने का मौका दिया है। यह शो दर्शकों को किरदारों की एक पूरी यात्रा दिखाता है, जो फिल्मों में आमतौर पर नहीं दिख पाता। यहां, हर किरदार का अपना एक सफर है और दर्शक उन्हें पूरी तरह से समझ पाते हैं।

**आपने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कई अलग-अलग किरदार निभाए हैं, अब मोहरे में दर्शक आपको कैसे देखेंगे ?**

आशिम गुलाटी- मोहरे में पहली बार मैंने एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया है। यह एक बहुत ही दिलचस्प और जटिल किरदार है। इससे पहले, मैंने यूपी के गूंडे और सलीम (ताज) जैसे किरदार निभाए थे। ये सभी अलग-अलग किरदार थे, लेकिन इस बार ये किरदार खास था क्योंकि इसमें कुछ भी काला-सफेद नहीं है। किरदार, कहानी और उसका ग्राफ बहुत दिलचस्प है। इस शो में हर किरदार की अपनी यात्रा है, और यह ओटीटी का फायदा है। फिल्मों में 2 घंटे में पूरी कहानी बतानी होती है, लेकिन यहां हमें किरदारों के बैकस्टोरीज समझने का मौका मिलता है। मेरे किरदार की शुरूआत एक पुलिस वाले से होती है, लेकिन फिर वह गलत राह पर चला जाता है। उसकी यात्रा बहुत रोमांचक है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कहानी को विस्तार से बयान करने की आजादी है, जिससे दर्शक हर किरदार से जुड़ सकते हैं।

**आपके साथ पूरी कास्ट के साथ शूट करना कैसा रहा, खास तौर पर जावेद सर के साथ ?**

पुलकित मकौल- मैंने सबसे ज्यादा नीरज काबी के साथ स्क्रीन शेयर किया है। थोडा बहुत आशिम और जावेद सर के साथ भी रहा। मैं ज्यादातर वक़्त सेट पर ही रहता था, चाहे मेरा शूट हो या ना हो और एक और बात मैं सबके लिए चाय और खाने का सामन लाया करता था।

**इस बदलाव को आप कैसे देखते हैं ?**

जावेद जाफरी- जब मैंने 1984 में करियर शुरू किया था, तो उस समय केवल सिनेमा ही था। टीवी पर दूरदर्शन था और फिर धीरे-धीरे नए चैनल आए। पहले जी आया था, फिर सोनी और फिर दूसरे चैनल्स। उस समय दर्शकों के पास बहुत कम विकल्प थे। अब, हर किसी के पास स्मार्टफोन में पूरा मीडिया होता है। इसलिए अब आपको भीड़ से बाहर निकलने के लिए कुछ खास करना होता है। पहले कोई विकल्प नहीं था, अब बहुत सारे विकल्प हैं और दर्शकों की सहनशक्ति भी कम हो गई है, इसलिए प्रतिस्पर्धा बहुत बढ़ गई है और हर किसी को अपनी जगह बनाने के लिए शानदार काम करना होता है।

**आपने जो क्रिश्चियन डॉन का किरदार निभाया, क्या आपने अपनी व्यक्तिगत यादों और अनुभवों से इस किरदार को जीवंत किया ?**

जावेद जाफरी- हाँ, यह पहली बार था जब मैंने एक क्रिश्चियन डॉन का किरदार निभाया। चूंकि मैं बचपन से ही बांद्रा में रहा हूं, मुझे उस दुनिया का बहुत अच्छा अनुभव था. मैं जानता था कि लोग कैसे बात करते हैं, कैसे बैठते हैं, कैसे चलते हैं। मैंने अपनी व्यक्तिगत यादों का और अपने बचपन के अनुभवों का इस्तेमाल इस किरदार में किया है। मुझे यह रोल निभाने का अच्छा मौका मिला और मैं बहुत खुश हूं कि मुझे इस किरदार के लिए चुना गया।

**अब जब मोहरे स्ट्रीम हो रहा है, क्या आप सभी दर्शकों से कुछ कहना चाहेंगे ?**

गायत्री भारद्वाज- हाँ, बिल्कुल ! अगर आप एक काल्पनिक लेकिन यथार्थवादी दुनिया में खो जाना चाहते हैं, तो मोहरे देखिए। आप मोहरे की दुनिया में कदम रखिए और इस अनोखे खेल का मजा लीजिए।

जावेद जाफरी- यह कुछ अलग है और मुझे लगता है कि आपको यह बहुत पसंद आएगा।

# राष्ट्रीय कला शिविर में लखनऊ के भूपेंद्र अस्थाना सम्मानित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संस्कारधानी जबलपुर मध्य प्रदेश में आयोजित नौवां संस्करण के साथ जबलपुर आर्टलिटरेचर एंड म्यूजिक फेस्टिवल (जलम) का आयोजन पिछले दिनों किया गया। यह आयोजन जबलपुर के संस्कृति थियेटर परिसर, कल्चरल स्ट्रीट, भंवरताल, नेपियर टाउन में इत्यादि आर्ट फाउंडेशन एवं पर्यटन विभाग मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त रूप से किया गया। जिसमे राष्ट्रीय कला शिविर 26 से 29 दिसंबर 2024 तक भी किया गया। जिसमे देश भर से 25 कलाकारों (चित्रकार व मूर्तिकार) ने भाग लिया और अपने अपने विचारों के साथ दो दो कलाकृतियों का सृजन किया। इस कला शिविर में लखनऊ से चित्रकार, कला लेखक भूपेंद्र अस्थाना ने भी प्रतिभाग किया और पेन इंक में दो रेखांकन कैनवस पर तैयार किया।

तत्पश्चात चित्रकार भूपेंद्र अस्थाना को आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली से आए देश के जाने माने कलाकार व कला समीक्षक श्री जय प्रकाश त्रिपाठी, जलम के मुख्य आयोजक विनय अंबर, सुप्रिया अंबर और अध्यक्ष हिमांशु श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि इस बार जलम का नौवां संस्करण देश के महान भारतीय समकालीन चित्रकार, मध्य प्रदेश कालिदास सम्मान और पद्म भूषण अलंकरण ए. रामचंद्रन को समर्पित और उन पर केंद्रित किया गया था। जलम के इस भव्य कलात्मक आयोजन में देश भर के कलाकार, लेखक, कवि, कला के छात्र छात्राओं और कला प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# यूपी महोत्सव : कवि सम्मेलन संग लगा गीत-संगीत का तड़का



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे सेक्टर ई कमर्शियल पॉकेट ग्राउंड अलीगंज में यूपी महोत्सव के 18वे दिन कड़ाके की ठंड भी आने वाली भीड़ को ना रोक सकी। जैसे जैसे दिन बीत रहे हैं यूपी महोत्सव में भीड़ का आना जारी है। लोगों का ठंड के मौसम में फुल एंजॉयमेंट फुल मस्ती पूरे लखनऊ में कहीं मिल रही है तो सिर्फ यूपी महोत्सव में। महोत्सव में हर उम्र के लोगों की पसंद की खाने पीने की चीजें, बढ़िया गर्म चाय, कश्मीर की शानदार शॉल, स्वेटर जैकेट कंबल लोगों को खूब भा रहा है। कई तरह की रेवड़ी गजक किशमिश का हलवा अखरोट का हलवा सोहन हलवा और बहुत सारे खाने पीने का सामान महोत्सव में सस्ते दर पर उपलब्ध है। 2 जनवरी, दिन गुरुवार को यूपी महोत्सव, लखनऊ में आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल लखनऊ की संस्थापिका/अध्यक्ष डॉ. अलका गुप्ता 'प्रियदर्शिनी' के सौजन्य से एक कवयित्री सम्मेलन में साहित्यकारा हिन्दी जगत की जानी मानी हस्ती सम्मानित डॉ रत्ना बापुली दीदी मां की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि की भूमिका में लखनऊ की सभी कवयित्रियों को स्थान दिया गया, जिनके नाम अमिता सचान, निवेदिता निवि, भारती पायल, कविता गुप्ता काव्या, वंदना विशेष गुप्ता, रजनी राय, सुधा राज बोधवी, डॉ आनंदेश्वरी अवस्थी, श्रीमती ऋतु श्रीवास्तव आदि। आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित भव्य सम्मान समारोह और कवयित्री सम्मेलन बड़े ही भव्य ढंग से संपन्न हुआ। 15 साहित्यकाराओं का कराया गया काव्यपाठ। सभी ने काव्यपाठ प्रस्तुति दी, पटल की संस्थापिका के मुख कमल से मां वीणा पाणिनि की वंदना सुनकर सभी धन्य हो गये। इतनी महान विभूतियों के हाथों सम्मानित होने वाले सौभाग्यशाली सदस्यों ने आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल लखनऊ की संस्थापिका/अध्यक्ष सुश्री डॉ अलका गुप्ता 'प्रियदर्शिनी' लखनऊ को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। संयोजन व संचालन आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल लखनऊ की संस्थापिका/अध्यक्ष बहुप्रतिभा की धनी, स्वर कोकिला डॉ अलका गुप्ता 'प्रियदर्शिनी' लखनऊ ने बखूबी किया। इनके संचालन ने कार्यक्रम की भव्यता को और सुदृढ़ बना दिया, सह संचालन में श्रीमती ऋतु श्रीवास्तव जी साथ रही। यूपी महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में आज आरोही एंटरटेनमेंट के निर्देश संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक से एक बढ़कर एक नगमे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए। जरा देर ठहरो राम ओ मेरे दिलके, तौबा ये मतवाली चाल, हसीना मेरी हसीना संजय श्रीवास्तव के स्वर में बहुत ही उम्दा और लाजवाब आवाज में गाकर दर्शनों को ताली बजाने पर मजबूर किया। जन्म देखो लो, टिप टिप बरसा पानी हरीश शुक्ला द्वारा नजर के सामने, सांसों की जरूरत है इदरीश कुमार द्वारा इसके अलावा सलीम अब्बासी वैष्णवी श्रीवास्तव वंदना श्रीवास्तव एक से बढ़कर एक पर प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरी। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया तथा महोत्सव में आए सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## सांझा उत्सव से महिलाओं के हुनर को मिलेगी व्यापक पहचानः पाठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति के उन्नयन हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में दीन दयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों का गठन कर महिलाओं की आर्थिक समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। आज सांझा उत्सव के माध्यम से महिलाओं को एक ऐसा मंच मिला है, जहां पर उनके हुनर को व्यापक स्तर पर पहचान व सम्मान मिलेगा। उक्त बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी ने सांझा उत्सव 2025 के उद्घाटन के दौरान कहीं।

अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को एक प्लेटफार्म प्रदान किया गया है। मेले का आयोजन बहुत व्यवस्थति ढंग से हुआ है। इसमें पीएम स्वनिधि के स्ट्रीट वेंडर्स के भी स्टॉल लगाए गए हैं। उप मुख्यमंत्री जी ने लखनऊ के निवासियों से अपील करते हुए कहा कि मेले में आकर ज्यादा से ज्यादा हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी कर विकसित भारत की परिकल्पा को साकार करने में सहयोग करें।

लक्ष्मण मेला मैदान में पांच दिवसीय सांझा उत्सव मेला का उद्घाटन करने पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए विभिन्न स्टाल पर जाकर महिलाओं से संवाद किया तथा उनके द्वारा तैयार किए उत्पादों के विषय जानकारी हासिल की। इसी क्रम में मेले में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों द्वारा विभिन्न फूड स्टालस लगाए गए हैं। उप मुख्यमंत्री जी द्वारा इन स्टाल पर जाकर वेंडर्स से वार्ता भी की गई। डूडा लखनऊ द्वारा आयोजित सांझा उत्सव मेला में प्रदेश के समस्त जनपदों से आए स्वयं सहायता समूहों के सौ से अधिक स्टाल लगाए गए हैं। जिनमें एसएचजी द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद यथा चिकनकारी के उत्पाद, सौन्दर्य प्रसाधन की सामग्री, वेस्ट मैटीरियल से तैयार की गई सजावटी सामग्री, आर्टीफिशयल ज्वैलरी, जरदोजी हैंडलूम, बच्चों के लिए खिलौने, पापड़, अचार आदि प्रदर्शन व बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस मेले में मिलने वाले सारे प्रोडेक्ट स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित किए गए हैं। यह इस मेले की विशेषता है। आपको बता दें कि राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा द्वारा संचालित योजना डे-एनयूएलएम के अंतर्गत इन सभी एसएचजी को गठित किया गया है। इन स्वयं सहायता समूहों ने महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया है। मेले बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों की व्यस्था है तो वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# बाप रे बाप ने गुदगुदाते हुए दिया बुजुर्गों के सम्मान का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली और थिएटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रांजल आर्ट्स एंड डेवलपमेंट सोसाइटी की ओर से तीन दिवसीय प्रथम रंगकर्म महोत्सव की दूसरी संध्या पर नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से पद्मश्री के.पी. सक्सेना रचित मशहूर हास्य नाटक बाप रे बाप का मंचन नीशू त्यागी के कुशल निर्देशन में मुख्य अतिथि हरिदास अंकुरानंद जी महाराज(कथा वाचक) श्री धाम अयोध्या और विशिष्ट अतिथि अब्दुल वहीद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

नाटक ने यह प्रभावी संदेश दिया कि बुजुर्ग अभिभावकों को समुचित महत्व दिया जाना चाहिए नहीं तो स्थितियां इतनी विपरीत हो जाएंगी कि लोग आप पर हंसते हुए कहेंगे बाप रे बाप। कथानक के अनुसार नायक विकास के पिता बाबू बद्रीनाथ अपने घर से कहीं चले जाते हैं। ऐसे में परिजन मजबूरी में नकली पिताजी का बंदोबस्त करते हैं। इस जुगत में एक समय में कई पिताजी उपस्थित होकर परिस्थितियों को सुलझाने के बजाए हास्यजन्य बना देते हैं। अंत में वास्तविक पिताजी घर लौटकर बताते हैं कि वह तो बहू मीनू को सूचित करके गये थे। मीनू अपने भुड़क्कलपन की आदत पर शर्मिन्दा होती है और नाटक का सुखांत हो जाता है। इसमें मंच पर विकास भटनागर का शशांक पाण्डेय, मीनू का अर्पिता, नूरबख्श का ऋषभ पाण्डेय, लिली का अनामिका सिंह चौहान, रेडियो एनाउंसर का विवेक रंजन सिंह, धोबी का अभय सिंह रावत, दूधवाला का अभिषेक शर्मा, पंडित जी का डॉ. साधना वाजपेयी, फजल इलाही का किरदार कुलदीप श्रीवास्तव, गूंगे पिता एक का बबलू, नकली पिता दो का शिवम्शुक्ल, जासूस रिपोर्टर का रुचि रावत और असली पिता का रोहित श्रीवास्तव ने अभिनय कर प्रशंसा हासिल की।

# श्रीराम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है

## श्रीराम कथा महोत्सव के समापन पर हुआ संत सम्मेलन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्रीराम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। प्राणियों में सद्भावना हो, यही राम कथा का संदेश है। मोती महल लॉन में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के समापन पर गुरुवार को संत सम्मेलन में यह विचार वृंदावन से पधारे धर्म सम्राट करपात्री जी महाराज के शिष्य त्र्यम्बकेश्वर चैतन्य जी महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अपने पिता की आज्ञा का पालन कर जंगल में 14 वर्ष व्यतीत करने वाले श्रीराम जन-जन के प्रिय बन गए। वह अपने पिता का अंतिम संस्कार नहीं कर सके लेकिन गीधराज जटायु का संस्कार कर उन्होंने एक मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि पशु-पक्षियों से प्रेम करने वाले श्रीराम हर युग में एक आदर्श हैं। कथा संयोजक आचार्य डॉ सप्तर्षि मिश्र व सहयोगियों ने यज्ञ - हवन व आरती की। वहीं भण्डारे के साथ महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जल कलश शोभायात्रा में शामिल महिलाओं को श्रीफल के साथ पीत कलश प्रसाद में दिए गया।

# बच्चों ने नृत्य, गायन और वादन प्रतिभा से दर्शकों का मोहा मन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नवरस एकेडमी के 15वें स्थापना दिवस पर बौद्ध संस्थान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए। मुख्य अतिथि सविता सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में एकेडमी के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। आदि शंकराचार्य द्वारा रचित सरस्वती वंदना की प्रस्तुति बाल कलाकार वैष्णवी, नायसा, काव्या, रिद्धि, धृति, कीर्तिका के द्वारा की गई। कार्यक्रम में सांविका के एकल शंभो नृत्य, साईं विनायक का गायन वादन, और कर्णिका, आरोही, वसुधा, छवि, ओमिका, गौरीशा, अविका व वैष्णवी के द्वारा प्रभु श्री राम के भजन को नृत्य के रूप में प्रस्तुत किया। छात्रा सौम्या वर्मा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही सांविका, वागीशा, देवांशी, आराध्या, रिद्धि, धृति, कीर्तिका, ओमिका, आरोही, वसुधा, अविका, गौरीशा कलाकारों ने रामायण कथा, नायसा सक्सेना ने कीबोर्ड, वैष्णवी श्रीवास्तव ने अर्धनारीश्वर, नेहा ने एक राधा एक मीरा गीत, कर्णिका, छवि, वसुधा, ओमिका, गौरीशा, अविका, आरोही, वैष्णवी ने ए गिरी नंदनी नृत्य, छवि गुप्ता का नृत्य स्वागत कृष्ण, और आनंद शंखधर व संजय के द्वारा भजन व गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर एकेडमी की संस्थापिका ऊषा सक्सेना, पार्षद नूपुर शंखधर, सुनील शंखधर ने कलाकारों को पुरस्कार दिए।

# यह काटा, वह काटा की गूंज और पतंगों से सजा आसमान

● लखनऊ की पतंगबाजी: परंपरा, रोजगार और उत्साह का संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नववर्ष के दूसरे दिन लखनऊ की पारंपरिक पतंगबाजी ने शहर की फिजाओं में रंग और उल्लास भर दिया। 'यह काटा, वह काटा की गूंज और आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों का नजारा देख लोग उत्साहित हो उठे। पतंगबाजी का यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को भी दशार्ता है।

**58 वर्षों की परंपरा, रोजगार का माध्यम:** ऑक्सीजन मैन रजनीश जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन पिछले 58 वर्षों से हो रहा है। उन्होंने कहा, लखनऊ की पतंगबाजी न केवल मनोरंजन है, बल्कि सैकड़ों कारीगरों और दुकानदारों के लिए रोजगार का जरिया भी है। पतंग बनाने से लेकर बेचने तक, इस खेल से कई परिवारों को आर्थिक संबल मिलता है।

इस बार के आयोजन में रजनीश जायसवाल के साथ तरूश, गुड्डे, मिंटू, मिंकू, संतोष पाल, सुशील, सनी, लक्ष्मीकांत, राजेश श्रीवास्तव और नन्द किशोर जैसे उत्साही प्रतिभागियों ने अपनी पतंगों के जरिए आसमान को सजाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत बनाने का प्रयास:** जायसवाल, जो कई वर्षों से राष्ट्रीय स्तर की पतंगबाजी प्रतियोगिताओं और लखनऊ महोत्सव में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं, ने कहा कि यह आयोजन बुजुर्गों के लिए यादों का ताजा करने और बच्चों के लिए परंपराओं को जानने का माध्यम है। इस बार पतंगबाजी के साथ गीत-संगीत और पकवानों ने आयोजन को और भी खास बना दिया। आयोजन के दौरान लोगों ने परंपरागत लजीज पकवानों का आनंद लिया और परिवार के साथ समय बिताया।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास

आयोजकों ने कहा कि लखनऊ की पतंगबाजी को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इस आयोजन ने न केवल स्थानीय निवासियों को जोड़ा, बल्कि परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त किया है।

पतंगबाजी का यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी लोगों के दिलों में एक खास जगह बना गया। आयोजकों ने इसे भविष्य में और भव्य और आकर्षक बनाने की योजना साझा की, ताकि लखनऊ की पतंगबाजी को एक नई ऊंचाई पर ले जाया जा सके।

# साल की पहली विनायक चतुर्थी आज, भक्त करेंगे बप्पा की आराधना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में विनायक चतुर्थी का विशेष स्थान है। हर महीने की चतुर्थी तिथि विनायक चतुर्थी होती है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा और व्रत का विधान है। मान्यता है कि इस दिन जो भी बप्पा की पूजा और व्रत करता है उसे मनोवांछित फल मिलते हैं।

इस दिन पूजा और व्रत करने से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं। इस दिन दान की भी मान्यता है। विनायक चतुर्थी के दिन मंदिर में या गरीबों को अवश्य दान करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में आ रही बाधाएं और संकट दूर हो जाते हैं। पंचांग के अनुसार, पौष माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 03 जनवरी को देर रात 01 बजकर 08 मिनट पर होगी, वहीं, इसका समापन अगले दिन यानी 03 जनवरी को रात 11 बजकर 39 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, 03 जनवरी को विनायक चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा, वहीं इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह में 05 बजकर 25 मिनट से शुरू होगा। ये 06 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर को 02 बजकर 10 मिनट से शुरू होगा. ये 02 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। निशिता मुहूर्त रात को 11 बजकर 59 मिनट से शुरू होगा। ये 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

**विनायक चतुर्थी का महत्व:** विनायक चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना और व्रत करने वालों के घर में घर में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है, साथ ही घर आर्थिक रूप से संपन्न रहता है। इस दिन जो पूजा और व्रत करता है बप्पा की कृपा से उसके सभी काम बन जाते हैं।

**विनायक चतुर्थी पर इस विधि से करें पूजा:** विनायक चतुर्थी पर सुबह सबसे पहले स्नान करके सूर्यदेव को जल देना चाहिए। इसके बाद घर साफ करके पंचोपचार कर पूरे विधि विधान से भगवान गणेश की पूजा करनी चाहिए। भगवान गणेश को पीले वस्त्र, दूर्वा, हल्दी मोदक आदि चढ़ाना चाहिए। भगवान गणेश की आरती देशी घी का दिया जलाकर करनी चाहिए। मंत्रों का जप करना चाहिए, साथ ही गणेश चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिए। जीवन में सुख-समृद्धि का वास बना रहे। ऐसी प्रार्थना भगवान गणेश से करनी चाहिए। अंतिम में भगवान गणेश को भोग लगाना चाहिए. फिर प्रसाद का वितरण करना चाहिए। हिंदू धर्म शास्त्रों में इस दिन दान को बहुत ही शुभ बताया गया है।

## इस साल शनि समेत नौ ग्रह मचायेंगे उथल-पुथल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नववर्ष-2025 में कई खगोलिय घटनाएं होंगी। परिणाम स्वरूप वैश्विक मंदी, युद्ध, महामारी, भूकंप, सुनामी जैसी दैवीय आपदा, खासकर शनिदेव के प्रभाव से मध्य एशिया सहित कुछ अन्य भागों में भीषण तबाही की आशंका रहेगी। पं. बिन्द्रेस दुबे के अनुसार बृहस्पति का संचरण वृषभ तथा सूर्य देव का संचरण मकर राशि में होने पर प्रयागराज में महाकुंभ लगेगा। इस बार मौनी अमावस्या पर भौमतवती अमावस्या का संयोग होगा जो अपने आप में महापुण्यदायी होगी। इस वर्ष दो ग्रहण लगेंगे। पहला भाद्र पद पूर्णिमा सात सितंबर को लगने वाला खग्रास चंद्रग्रहण संपूर्ण भारत में दृश्यमान रहेगा। दूसरा सूर्यग्रहण 21 सितंबर भारत में नहीं दिखेगा। खास यह है कि एक पखवारे में दोनों ग्रहण होंगे। यह धरतीवासियों के लिए कष्टप्रद रहेगी। बृहस्पति, शनि, राहु, केतु का राशि परिवर्तन भी मई माह के पहले पखवाड़े में होगा। इससे भारत सहित विश्व पटल पर बड़े बदलाव दिखेंगे। नववर्ष के पूर्वार्द्ध में प्रयाग में महाकुंभ होगा। कुंभ महापर्व योग 29 जनवरी 2025 को लगने से महाकुंभ का महास्नान इसी दिन होगा। कुंभ एवं माघी स्नान का महापर्व पौष पूर्णिमा 13 जनवरी से 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक छह प्रमुख स्नान होंगे। 13 जनवरी से माघ स्नान, यम-नियम व्रत का आरंभ होगा। 14 जनवरी मकर संक्रांति का स्नान, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का स्नान होगा।

**शुभ संयोग में हुई है नये साल की शुरूआत:** उत्तराषाढ़ नक्षत्र का संयोग बनेगा। यह नक्षत्र सफलता, समृद्धि और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। इसे शुभ कार्यों और नए शुरूआत के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है।

**बालव करण:** साल के पहले दिन बालव करण रहेगा, जो शुभता और उन्नति का प्रतीक है। इस कारण व्यापार, परिवार और व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाने का संकेत देता है।

**व्याघात योग:** व्याघात योग को थोड़ा कठिन माना जाता है। लेकिन, इस दिन बुध के प्रभाव से यह योग संतुलित रहेगा। यह योग आपके कार्यों में रुकावटों को दूर कर सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**शुक्र-शनि की युति:** नववर्ष की शुरूआत शुक्र और शनि की युति के साथ होगी। यह युति व्यापार में उन्नति और प्रजा के वैभव को बढ़ाने का संकेत देती है। शुक्र धन, विलासिता और कला का कारक है, जबकि शनि मेहनत, अनुशासन और स्थायित्व का प्रतीक है। इन दोनों ग्रहों का साथ समाज और व्यक्तिगत जीवन में स्थायित्व और प्रगति लाएगा। शनि ग्रह का प्रभाव समाज में स्थायित्व और अनुशासन लाने वाला रहेगा। इसका असर प्रजा के जीवन में समृद्धि और खुशहाली के रूप में दिखेगा। सामाजिक स्तर पर यह साल सामूहिक उन्नति का संकेत देता है।

# लविवि कुलपति ने जारी किया सम्मेलन का पोस्टर



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को 30वें आईएससीबीसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का पोस्टर जारी किया, जिसका आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग और इंडियन सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्स एंड बायोलॉजिस्ट्स द्वारा 27 से 29 जनवरी तक संयुक्त रूप से किया जा रहा है। प्रो. राय इस सम्मेलन के संरक्षक भी हैं। उन्होंने विभाग को बधाई दी और इस सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष का सम्मेलन रासायनिक, जैविक और औषधि विज्ञान में वर्तमान रुझान: स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर चर्चा करेगा और यह अत्याधुनिक शोध पर चर्चा करने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के कई क्षेत्रों में प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच होने का वादा करता है। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करता है विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, हमारा उद्देश्य सतत विकास से लेकर स्वास्थ्य, पर्यावरण और औषधि खोज तक हमारे समय के कुछ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करना है। इस अवसर पर सीडीआरआई, लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त) डॉ. पीएमएस चौहान, जो आईएससीबी के महासचिव भी हैं और विभाग के शिक्षक मौजूद थे।

# आईईटी में आई ट्रिपल ई छात्र शाखा से पंजीकृत सदस्यों को किया गया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आईईटी लखनऊ के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में आई ट्रिपल ई छात्र शाखा के तत्वावधान में गुरुवार को नववर्ष के उपलक्ष्य पर आई ट्रिपल ई आईजीएनआईटीई 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. विनीत कंसल, आई ट्रिपल ई की वरिष्ठ सदस्य और शाखा काउंसलर प्रो. नीलम श्रीवास्तव और ईसीई विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुबोध वारिया और अन्य संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विगत वर्षों में आई ट्रिपल ई छात्र शाखा द्वारा आयोजित किये गये। कार्यक्रमों तथा प्राप्त उपलब्धियों के संबंध में बताया गया और आगामी वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं इंटर-इंस्टिट्यूशन इवेंट आयोजित कराए जाने पर भी चर्चा की गयी। संस्थान के निदेशक प्रो. विनीत कंसल द्वारा कार्यकम में उपस्थित सभी सदस्यों को उनके द्वारा किये गये प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही साथ आई ट्रिपल ई छात्र शाखा द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में अन्य विभागों को भी प्रतिभाग करने के लिए सुझाव दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शाखा काउंसलर एवं संकाय सदस्यों द्वारा आई ट्रिपल ई छात्र शाखा से पंजीकृत सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, अधिष्ठाताओं तथा ईसीई विभाग के शोध छात्रों, संकाय सदस्यों एवं एमटेक के छात्र/छात्राएं तथा बीटेक अंतिम वर्ष तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के एमटेक के छात्र/छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया।

## जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया समझायेंगे बीएल संतोष

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने अब जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके लिए आगामी पांच जनवरी को प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित आयोजित की गई है। इस कार्यशाला को पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष संबोधित करेंगे। कार्यशाला को लेकर प्रदेश चुनाव अधिकारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेंद्रनाथ पांडेय ने सभी संबंधितों को पत्र जारी किया है। उधर, मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर गुरुवार को भी प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर बैठकों का सिलसिला चलता रहा। भाजपा में इन दिनों संगठनात्मक चुनाव के चलते सरगर्मियां तेज हैं। मंडल अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया को लेकर भी पार्टी में मेराथन मंथन बीते करीब एक पखवारे से चल रहा है। 70 से अधिक संगठनात्मक जिलों में मंडलों का गठन पूरा हो जाने की खबर है। हालांकि प्रदेश चुनाव अधिकारी द्वारा पांच जनवरी को होने वाली प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को लेकर जो पत्र जारी किया गया है, उसमें मंडल अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया पूरी होने की बात कही गई है।

पार्टी के संगठनात्मक चुनाव अब सबसे दिलचस्प दौर में पहुंच गए हैं। जिलाध्यक्षों के चुनाव पर सबकी निगाहें टिकी हैं। चुनाव की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिलाध्यक्षों को लेकर होने वाली प्रदेश कार्यशाला में खुद राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष चुनाव प्रक्रिया समझाएंगे। यह कार्यशाला दोपहर एक बजे से भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई है। कार्यशाला को प्रदेश के राष्ट्रीय सह प्रभारी नरेश बंसल, प्रदेश सह प्रभारी संजय भाटिया व संजीव चौरसिया, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मौजूद रहेंगे। इसमें प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश सह चुनाव अधिकारी, प्रदेश अपील कमेटी, पर्यवेक्षक, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला चुनाव अधिकारी एवं जिला प्रभारी प्रतिभाग करेंगे।

## हजरतगंज में नशे में धुत ई-रिक्शा चालक ने गाड़ी को मारी टक्कर, ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की मांग

लखनऊ। इंदिरा नगर निवासी मनीष मिश्रा ने थाना हजरतगंज में शिकायत दर्ज करायी है, जिसमें उन्होंने अपनी गाड़ी (नंबर यूपी32पीएल8626) को ई-रिक्शा (नंबर यूपी32एमएन1394) द्वारा क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार ई-रिक्शा चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था और उसकी गाड़ी में सवार लोग भी घटना के बाद डरकर भाग गये। इस टक्कर के चलते मनीष मिश्रा की गाड़ी को काफी नुकसान हुआ। मनीष मिश्रा ने घटना के तुरंत बाद पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क किया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी तुलसी अंकित बालियान मौके पर पहुंचे और गाड़ी सहित आरोपी चालक को थाने ले गये। शिकायतकर्ता मनीष मिश्रा ने अपनी गाड़ी के हुए नुकसान पर आरोपी चालक का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की मांग की है। हजरतगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने स्थानीय निवासियों में यातायात सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

## मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 7 जनवरी को होगा

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) का और सर्विस मतदाताओं से संबंधित मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 07 जनवरी को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी के स्थान पर अब 07 जनवरी को किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया सर्विस मतदाताओं से संबंधित मतदाता सूचियों का भी अंतिम प्रकाशन 07 जनवरी को किया जायेगा। इस संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित कर दिया गया है।

## 33 राजकीय महाविद्यालयों में 51 स्मार्ट क्लास, साढ़े चार करोड़ जारी

लखनऊ। प्रदेश के 33 राजकीय महाविद्यालयों में 51 स्मार्ट क्लास शुरू करने के लिए शासन ने 4 करोड़ 54 लाख 41,000 रुपये जारी कर दिए हैं। इस संबंध में गुरुवार को जारी शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत राशि उच्च शिक्षा निदेशक की ओर से चयनित राजकीय महाविद्यालयों को उपलब्ध करा दी जाएगी। स्वीकृत राशि का उपयोग इसी वित्तय वर्ष में करना अनिवार्य है। उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस की स्थापना के लिए उपकरणों व सामग्रियों के क्रय के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग के शासनादेश का अनुपालन करना होगा। शासनादेश में चयनित सभी 33 राजकीय महाविद्यालयों की सूची भी जारी की गई है।

## डेंटिस्ट व लेखा परीक्षक परीक्षा का प्रवेश पत्र कर सकेंगे डाउनलोड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 5 जनवरी को आयोजित होने वाली दंत विज्ञानी (डेंटिस्ट) और लेखा परीक्षक एवं सहायक लेखाकार भर्ती परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिया है। इसे आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आयोग के परीक्षा नियंत्रक विधान जायसवाल ने गुरुवार को इस संबंध में सूचना जारी की। मुख्य परीक्षा के लिए तय शुल्क जमा करने के बाद ही प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा।

## पीजी के विषम सेमेस्टर परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक की विषम सेमेस्टर परीक्षा को लेकर केंद्रों की सूची जारी की गयी है। इस सूची में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चारों जिलों के कॉलेजों की नोडल केंद्रों के साथ परीक्षा केंद्रों की सूची प्रकाशित की गयी है। इसमें हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर और लखनऊ शामिल है।

# सीआरएस ने किया ऐशबाग-कमलापुर रेलखंड का निरीक्षण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** संरक्षित रेल परिवहन, यात्रियों की सुरक्षा तथा संरक्षा के समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल संरक्षा आयुक्त/पूर्वोत्तर परिमण्डल, लखनऊ प्रणजीव सक्सेना ने आज पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन विक्रम कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा0 राजीव कुमार तथा मण्डल के शाखाधिकारियों की उपस्थिति में ऐशबाग-कमलापुर रेलखण्ड के मध्य स्थित स्टेशन भवन, रेलवे ट्रैक, ब्रिज, रेलवे यार्ड, सिग्नल, ओएचई, लेवल क्रॉसिंग गेट्स आदि की संरक्षा जॉच की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से बक्शी के तालाब-कमलापुर स्टेशनों के मध्य कर्व संख्या 17, 20, 22 एवं 23 का सघन औचक तकनीकी निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक/कोचिंग, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/द्वितीय, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/तृतीय, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर ईएनएचएम/फ्रेट, सहायक मंडल इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी व सुपरवाइजर्स उपस्थित थे।

## चारबाग स्टेशन: सोते यात्रियों पर पानी डालने पर 10 हजार का जुर्माना

**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर शनिवार को ट्रेन के इंतजार में सो रहे यात्रियों पर सफाईकर्मियों ने पानी डालकर जगाया था। गुरुवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सचिंद्र मोहन शर्मा ने सफाई एजेंसी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना ठोंका, साथ ही दोबारा शिकायत आने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग स्टेशन पर सफाईकर्मियों के यात्रियों पर पानी डालने का वीडियो बीते शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर वायरल हुआ था। राजू यादव नाम के व्यक्ति ने डीआरएम एसएम शर्मा को वीडियो शेयर किया था, जिसमें सफाईकर्मी प्लेटफॉर्म धुलने के लिए सो रहे यात्रियों पर पानी डालकर जगा रहे थे। प्लेटफॉर्म आठ व नौ नंबर की तरफ मजार है। यहां से चलने वाली ट्रेनों से सफर करने वाले और मजार पर आने वाले अक्सर प्लेटफॉर्म पर ठहर जाते हैं। वायरल वीडियो में साफ तौर पर नजर आ रहा था कि प्लेटफॉर्म पर सो रहे यात्रियों पर पानी डालकर सफाईकर्मी जगा रहे थे। सोने वालों में छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल थे। इससे उन्हें असुविधाएं हुईं और अपने कंबलों को लेकर हटना पड़ा था। सफाईकर्मियों का कहना था कि प्लेटफॉर्म की धुलाई और सफाई के लिए रात में आसानी से काम हो जाता है। दिन में ट्रैफिक के चलते धुलाई नहीं हो पाती है । जिस पर डीआरएम ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में सफाईकर्मी दोषी पाए गए। डीआरएम ने बताया कि सफाई एजेंसी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

# लविवि के शिक्षकों और कर्मचारियों को दिया जायेगा कैशलेश चिकित्सा सुविधा का लाभ

- लविवि कर्मचारी परिषद के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की घोषणा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाएगा। जिसके तहत प्रति वर्ष रुपये चार लाख तक के ईलाज की सुविधा मिलेगी। इसकी घोषणा लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की।

लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में कर्मचारी परिषद द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. आलोक कुमार राय ने सम्मानित होने वाले बच्चों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों को उनके रूचि के अनुरूप विषय का चयन करने के साथ ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसको प्राप्त करने के लिये पूरे मनोयोग से जुट जाएं सफलता अवश्य मिलेगी। इससे उनका भविष्य उज्जवल होगा और परिवार एवं देश का नाम रोशन करेगें। उन्होने कर्मचारी परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आमतौर पर संगठनों की प्रकृति और प्रवृति दोनो नकारात्मक मानी जाती है लेकिन संगठन सकारात्मक होकर सबको जोड़कर अपने समुदाय और संस्थान के हित में कैसे कार्य कर सकता है, उसका यह प्रत्यक्ष उदाहरण है। सभी लोग सकारात्मक भाव के साथ चलते हैं तो संस्था प्रगति के पथ पर आगे बढ़ती है। इसके लिए कर्मचारी परिषद के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र है।

समारोह की विशिष्ठ अतिथि प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कहा परीक्षाओ में अच्छे अंक प्राप्त करना महत्वपूर्ण है लेकिन उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि विषय वस्तु का व्यापक अध्ययन और ज्ञान हो। उन्होने कहा किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे मनोयोग से प्रयास करना चाहिए। वित्त अधिकारी हिमानी चौधरी ने कहा कि आज परम्परागत शिक्षा के साथ ही आधुनिक और तकनीकी शिक्षा के अनेक विकल्प और अवसर उपलब्ध है, जिसे प्राप्त करके हम देश के विकास और प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है जिसके लिए हमें जी जान से जुटना होगा।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सम्मानित होने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता का क्रम सतत जारी रहना चाहिए एवं आज मिलने वाली सफलता हमारे भावी जीवन की नींव मात्र है। इससे मंत्रमुग्ध होने की बजाय इसे आधार मानकर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना चाहिए।

समारोह में सम्मानित होने वाले कुल 39 बच्चों में हाईस्कूल के 23 एवं इण्टरमीडिएट के 09 एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के 07 मेधावी बच्चे शामिल हुए। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) सफलता अर्जित करने वाले अंकित यादव, में राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) में सफलता अर्जित करने वाले संतोष प्रजापति, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सफल होकर आईआईटी दिल्ली में प्रवेश पाने वाले आयुश पटेल, आईआईटी मुम्बई में प्रवेश पाने वाले यश टांगड़ी, आईआईटी धनबाद में प्रवेश पाने वाले हरिकेश प्रताप वर्मा, संयुक्त स्नातकोत्तर उपाधि प्रवेश परीक्षा में सफल होकर आईआईटी कानपुर में प्रवेश पाने वाले जान्हवी दुबे व भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की प्रवेश परीक्षा में सफल होकर आईआईएसईआर मोहाली में प्रवेश पाने वाले विभोर पाण्डेय को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही इंटरमीडिएट के मेधावी बच्चों में संकल्प सैनी, अवनिका वर्मा, आस्था वर्मा, हर्शित कुमार, श्रेया सक्सेना, खुशी सिंह, आदर्श यादव, समीक्षा सिंह, अलमतरा अनवर और इसी प्रकार हाई स्कूल के सम्मानित होने वाले बच्चों में प्रत्यक्षा वर्मा, राज कश्यप, कंवल प्रीत कौर, आयुष यादव, अक्षत सक्सेना, अखिलेश सिंह, गौरव यादव, आद्या तिवारी, रिया यादव, अनन्या प्रसाद, समृद्धि शुक्ला, अक्षिता श्रीवास्तव, आयुषी चौहान, बतूल रिजवी, नीलिशा वर्मा, सांझ, भव्या त्रिपाठी, सार्थक कश्यप, श्रेष्ठा बाजपेई, संदेश सिंह, यश प्रताप, रिषु वर्मा एवं निखिल कश्यप आदि थे।

कर्मचारी परिषद द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले कर्मचारियों के बच्चों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन कर्मचारी परिषद अध्यक्ष राकेश यादव एवं आभार ज्ञापन महामंत्री संजय शुक्ल ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सहभागिता की। समारोह में उपकुलसचिव शशिप्रभा तिवारी एवं महेश चन्द्र शुक्ला के साथ ही कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव, महामंत्री, संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष सीपी सिंह, अभिषेक सिंह, मंत्री बाबू लाल, दिनेश बाल्मीकि, केपी. सिंह संगठन मंत्री शिवानंद द्विवेदी, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सक्सेना, सदस्यगण मुकेशधर दुबे, सोमनाथ, अशोक कुमार, बच्चा सिंह, अमित कुमार, लाल बाबू और पवन कुमार सम्मानित होने वाले छात्रों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

संक्षेप

## यूडीएसपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आईडीएसपी कार्यक्रम के अंतर्गत यूडीएसपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में यूडीएसपी पोर्टल पर डाटा एन्ट्री करने पर चर्चा हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि संक्रामक रोगों के सर्विलान्स हेतु सरकार द्वारा निर्मित यू.डी.एस.पी. पोर्टल द्वारा 12 मुख्य रोगो का सर्विलान्स किया जा रहा हैं। चिकित्सा इकाईयों द्वारा उक्त रोगो के प्रज्मटिव केस एवं लैब जांच का विवरण पोर्टल पर दैनिक स्तर पर (रियल टाईम) किया जाता हैं। सर्वलेन्स अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने बताया कि यू.डी.एस.पी. पोर्टल पर रियल टाईम डाटा एन्ट्री होने से रोगो के रोकथाम में मदद मिलती हैं। महामारी रोग विषेशज्ञ एवं ने सी.बी.एच.आई. की मदद से कन्फर्म डाग्योनिसस बाले रोगियों की सूचना संकलित की जाती है।

# जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के दृष्टिगत ब्लॉक रामकोला में सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

● तीन दिनों तक चलने वाली प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को किया जाएगा जागरूक



जिसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण व खंड विकास अधिकारी विजय सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्र के माध्यम से प्रदर्शनी को लोगों ने देखा। खंड विकास कार्यालय रामकोला के प्रांगण में सरकार के विभिन्न योजनाओं का से संबंधित पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रदर्शनी का उद्देश्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचना है। प्रदर्शनी के मुख्य गेट पर ही काशी और मथुरा की लोक संस्कृति तथा विकास को दशार्ता सुंदर तस्वीर लगाई गई थी।

इसके अलावा कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भरता ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण, महाकुंभ दीपोत्सव, किसानों के गन्ने का मूल्य भुगतान, 18 मंडलों में आवासीय विद्यालय का निर्माण, स्वरोजगार से स्वालंबन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, घरों में बिजली कनेक्शन, गन्ना, चीनी, आलू, दूध एवं आंवला उत्पादन में अग्रणी, आधुनिक एवं अलौकिक श्री राम नगरी अयोध्या, पात्र लोगों को राशन उपलब्ध कराना आदि योजनाओं का आंकड़ा सहित पोस्टरो के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई थी। ब्लॉक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विकासखंड के 41 गांवो के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत तथा जनता तक सरकार द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणार्थ योजनाओं के बारे में जानकारी देनी है, उन तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करनी है। प्रदर्शनी के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आवास, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, गरीब परिवार की महिलाओं को गैस कनेक्शन सहित कई जनकल्याणकारी कार्यों योजनाओं से आमजन को बताया गया। इस दौरान प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष राजेश राव, प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष सतीश मौर्य, रंजित मौर्य, अखिलेश मौर्या, संजय चौहान, आनंद दीक्षित, दया तिवारी, धीरज यादव, राणा प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## महदी अली पुनः हिंदू सनातन धर्म में करेंगी वापसी

**अयोध्या।** कौशांबी के रहने वाले अनुज प्रताप सिंह जो कि धर्म परिवर्तन करके महदी अली बनकर जीवन यापन कर रहे थे ने अपनी पुरानी जडों में वापस लौटने का निर्णय किया है। उन्होंने प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि कुछ कट्टरपंथी मुसलमानों के जाल में फंस कर हिंदू सनातन धर्म से विमुख हो गए थे और उन्होंने मुस्लिम पंथ अपना लिया था, किंतु मुस्लिम पंथ अपनाने के बाद जो उसमें व्याप्त गंदगी और राष्ट्र के प्रति, हिंदू सनातन धर्म के प्रति, उनकी कृत्सित भावनाओं से आहत होकर उन्होंने इस्लाम को छोड़ने का निर्णय किया है महदी अली ने अभी बताया कि कट्टरपंथी इस्लामिक जिहादियों से उन्हें अपनी जान को खतरा है और इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र प्रेषित कर अपनी जान और माल की सुरक्षा की गुहार की है। इस मौके पर मौजूद पांडेय जो कि हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरक्षा के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है।

## खुले आस्मां में न सोए, नजदीकी रैन बसेरा में जाएः डीएम



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बुधवार की देर रात्रि ठंड के दृष्टिगत रैन बसेरा, जिला अस्पताल आदि का निरीक्षण कर किए गए इंतजामों और अन्य व्यवस्थाओं आदि का जायजा लिया ।जिलाधिकारी ने पडरौना स्थित जलकल भवन, रेलवे स्टेशन पर आगंतुकों का हाल जाना। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति बाहर न रहे। उन्होंने रैन बसेरा में आवश्यकतानुसार बिस्तर और कंबल की संख्या सुनिश्चित करने व अलाव आदि की व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया। कहा कि जो भी यात्री आ रहे हैं, उनका विवरण रखते हुए सत्यापन अवश्य करें। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों के लिए किए गए इंतजामों को देखा और आवश्यक निर्देश दिए इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कंबल वितरण भी किया गया ।जिलाधिकारी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। पर्याप्त साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अस्पताल परिसर में शौचालय सहित सभी वार्डो में बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के संदर्भ में सख्त निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने ठंड के दृष्टिगत मरीजों के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सक अधीक्षक को आवश्यक निर्देश देते हुए जिला अस्पताल में मरीजों के लिए बढ़ते ठंड के दृष्टिगत आवश्यक इंतजाम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी खुले में न सोए और नजदीकी रैन बसेरा में जाए। वहां ठंड के दृष्टिगत जिला प्रशासन को ओर से सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं और आवश्यकता होने पर व्यवस्थाओं में वृद्धि का निर्देश भी संबंधित को दिया गया है। निरीक्षण के दौरान संबंधित गण उपस्थित रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश, अंतिम तिथि 25

**देवरिया।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों और कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों (महिला कल्याण विभाग, लखनऊ की सूची के अनुसार) के साथ-साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के पात्र बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय, सहजनवां, जनपद गोरखपुर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह विद्यालय बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिए समर्पित है वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 6 और कक्षा 9 में नामांकन किया जाएगा। पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जिन्होंने बोर्ड की तीन वर्ष की सदस्यता 30 नवंबर 2024 तक पूरी कर ली हो, उनके वे बच्चे, जो वर्तमान में कक्षा 5 या कक्षा 8 में पढ़ रहे हैं, आवेदन के पात्र हैं। कक्षा 6 के लिए आवेदन करने वाले बच्चों की जन्मतिथि 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9 के लिए जन्मतिथि 01 मई 2010 से 31 जुलाई 2012 के बीच होनी चाहिए।

आवेदन पत्र कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, विकास भवन परिसर, देवरिया से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2025 है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 09 फरवरी 2025 को होगा।

## विधायक के प्रयास से दो सड़कों का होगा कायाकल्प



**कुशीनगर।** फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा के प्रयासों से वर्षों से बदहाल पड़ी फाजिलनगर ब्लॉक की दो प्रमुख सड़कों का निर्माण अब एफडीआर पद्धति से प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत किया जाएगा। इस पर लगभग 20 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत आएगी ।एनएच-28 जोकवा से छहूं तक की लगभग 09 किमी लंबी सड़क तथा चौरा से बदुराव तक की 5.650 किमी लंबी सड़क के निर्माण हेतु लोगों ने मांग किया था। इन सड़कों की दुर्दशा के कारण क्षेत्र के लाखों लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। एनएच 28 से छहूं जाने वाली सड़क दो दर्जन गांवों को ब्लॉक, तहसील, और जिला मुख्यालय से जोड़ने का प्रमुख मार्ग है ।क्षेत्रीय लोगों ने सड़कों के निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की थी और धरना-प्रदर्शन के जरिए विरोध भी जताया था।

इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने विभाग को एफडीआर पद्धति से सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा था। उनकी पहल के बाद शासन ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को धन आवंटित कर दिया है ।सड़कों के निर्माण के लिए धन आवंटित होने की खबर से क्षेत्रीय जनता में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि इससे उनका जीवन सुगम होगा और आवागमन में सहूलियत मिलेगी ।विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा क्षेत्र का संपूर्ण विकास मेरी प्राथमिकता है। सड़कों के निर्माण से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विकास कार्यों को लेकर हरसंभव प्रयास जारी रहेगा।

## प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

**बरेली।** गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में नगर कीर्तन निकला। कोहड़ा पीर गुरुद्वारे से नगर कीर्तन शुरू हुआ। नगर कीर्तन पीलीभीत रोड दीनदयाल पुरम होता हुआ मॉडल टाउन पहुंचा। मार्ग में कई स्थानों पर कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने पुष्प वर्षा की। नगर कीर्तन में शामिल गतका पार्टी के सदस्यों ने करतब दिखाकर आश्चर्यचकित कर दिया। इसमें कई स्कूली बच्चों ने भी रंग-बिरंगी पोशाकों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । इसकी अगवाई पंज प्यारे कर रहे थे। नगर कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज गुरु नानक देव रिकी सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज गुरु नानक कन्या जूनियर हाई स्कूल खालसा इंटर कॉलेज श्री गुरु हरि कृष्ण पब्लिक स्कूल माता सीता देवी पब्लिक स्कूल के साथ ही स्त्री सत्संग सभा सिख सेवक जाता सिख मिशनरी कॉलेज खालसा पंथ और सुखमणि सेवा सोसाइटी के सदस्यों ने भाग लिया।

गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेकर लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अपर जिला जज मनोज कुमार तिवारी ने किया बालगृह का निरीक्षण

**देवरिया।** उच्च न्यायालय की बाल संरक्षण देखरेख समिति के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया, मनोज कुमार तिवारी ने राजकीय बालगृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने निर्देश दिया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बालगृह के प्रभारी अधीक्षक को बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही निबंध लेखन, योग, संगीत, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित करने की बात कही निरीक्षण के दौरान सचिव ने बालगृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया और उन्हें व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। साथ ही ठंड के मौसम से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त कंबल और ऊनी कपड़ों की व्यवस्था को संतोषजनक पाया। इसके अतिरिक्त, ठंड से बचाव हेतु अन्य समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकला का भी अवलोकन किया।

विशेष रूप से बालगृह में निवास कर रहे खुशबुद्दीन द्वारा बनाई गई चित्रकला की सराहना की। पुस्तकालय कक्ष के निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि उच्च न्यायालय की बाल संरक्षण देखरेख समिति द्वारा सुझाई गई पुस्तक सूची के अनुसार सभी पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं सचिव ने परिसर की स्वच्छता बनाए रखने और बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया इस निरीक्षण के दौरान राजकीय बालगृह, देवरिया के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लड़की ले जाने की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**आंवला, बरेली।** एक गांव के व्यक्ति ने आंवला पुलिस से शिकायत कर बताया है कि बदायूं जिले के एक गांव का युवक उसकी बेटी को अपने साथ बहला फुसला कर ले गया है। उसने काफी खोजबीन की मगर वह नहीं मिली।

उसने अनहोनी की आशंका जताते हुए एक युवक के खिलाफ शिकायती पत्र सौंपा है। इसके आधार पर आंवला पुलिस ने बदायूं जिले के गांव बघौल के राजू के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## दबिश के दौरान कच्ची शराब बरामद

**देवरिया।** जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के प्रानपुर गांव स्थित ईंट भट्ठे पर बड़ी मात्रा में बरामद शराब मामले की पुलिस जांच कर रही है। मामले में दो अभियुक्तों को जेल भेजने के बाद पुलिस मुख्य आरोपी ईंट भट्ठा मालिक व प्रधान की तलाश में छापेमारी कर रही है। सोमवार को पुलिस ने ईंट भट्ठे, आरोपी घर और अन्य जगहों पर दबीश देकर आरोपी के बारे जानकारी ली। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में ईंट भट्ठा पर कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों में हड़कंप मच गया है। बरियारपुर एसओ कंचन राय को रविवार को मुखबिरों से सुचना मिली कि प्रानपुर स्थित ईंट भट्ठे पर बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बनाई जा रही है। एसओ पुलिस टीम के साथ छापेमारी की तो मौके से करीब चार सौ लीटर शराब व शराब बनाने वाले सामान और बर्तन बरामद हुआ। पुलिस ने मामले में तीन लोगों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही झारखण्ड के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के पूछताछ में पकड़े गए दोनों आरोपियों ने ईंट भट्ठा मालिक के शराब बनवाने में भूमिका होने की बात कही। पुलिस फरार आरोपी मनीष त्रिपाठी की तलाश कर रही है ।क्या बताया थानाध्यक्ष ने बरियारपुर थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि ईंट भट्ठे से चार सौ लीटर शराब बरामदगी में ईंट भट्ठा मालिक और ग्राम प्रधान का नाम सामने आया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## आरटीई के दूसरे चरण के आवेदन शुरू

**देवरिया ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत बुधवार से दूसरे चरण की लॉटरी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में आरटीई के तहत खाली बची सीटों पर छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। 24 दिसंबर 2024 को आयोजित पहले चरण की लॉटरी में 198 बच्चों का चयन किया गया था। जिले के 841 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत कुल 5,000 सीटें आरक्षित हैं। आरटीई नियमों के तहत हर निजी विद्यालय को अपनी कुल सीटों की 25% सीटें दुर्बल और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित करनी होती हैं।

1 जनवरी 2025 से आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। अभिभावकों को सलाह दी गई है कि आवेदन करने से पहले दिशानिदेर्शों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और केवल अपने वार्ड या ग्रामसभा क्षेत्र के स्कूल के लिए आवेदन करें। इससे आवेदन के निरस्त होने की संभावना कम होगी और सीटों की उपलब्धता के आधार पर बच्चों को प्रवेश दिया जा सकेगा जिला कार्यालय में आरटीई हेल्पडेस्क स्थापित की गई है, जो आवेदन संबंधी सभी समस्याओं का समाधान करेगी। आरटीई के पहले चरण में 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से लगभग 50 आवेदन अवैध होने के कारण निरस्त कर दिए गए। जिन विकासखंडों से कम आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनकी साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

प्री-प्राइमरी और कक्षा एक में प्रवेश के लिए 19 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला समन्वयक, सामुदायिक सहयोग व समग्र शिक्षा, डॉ. आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि 20 से 23 जनवरी तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा।

इसके बाद 24 जनवरी को लॉटरी निकाली जाएगी और 27 जनवरी को बच्चों को स्कूल आवंटित कर दिया जाएगा। आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में हेल्पडेस्क स्थापित की गई हैं। जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ।

# वीसी ने बतायी यूनिवर्सिटी की उपलब्धियां

**बरेली।** रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. केपी सिंह ने नये साल पर प्रेस कान्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने विश्वविद्यालय की पिछले साल की उपलब्धियां बताईं। साथ ही नए साल का विजन डॉक्यूमेंट पेश किया।




उन्होंने बताया कि पिछले साल विश्वविद्यालय ने नैक ग्रेडिंग में ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त किया। यूजीसी कैटेगरी वन विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त किया। एनआईआरएफ एवं वर्ल्ड क्यूएस रैंकिंग सहित अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया। टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग इंडिया टुडे रैंकिंग इत्यादि अनेकों रैंकिंग्स में विश्वविद्यालय ने अपना स्थान बनाया। इसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय की छवि सुधार का महत्वपूर्ण काम हुआ है। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की पहचान भी बनी है ।विगत वर्ष विश्वविद्यालय को पीएम उषा योजना के अंतर्गत 100 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय डिजिटल लर्निंग हब के अंतर्गत अनेकों डिजिटल लर्निंग पाठ्यक्रम शुरू करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑगमेंटेड रियलिटी इत्यादि के माध्यम से न केवल उच्च कोटि की गुणवत्ता युक्त शिक्षण सामग्री छात्रों के लिए उपलब्ध होगी, बल्कि छात्रों के लिए वर्चुअल लैब्स की भी सुविधा उपलब्ध होगी। विगत वर्ष में 187 शोध छात्रों को पीएचडी उपाधि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई है। साथ ही 725 शोधार्थियों को विभिन्न विषयों में शोध कार्य के लिए प्रवेश भी दिया गया है ।उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में रिसर्च ग्रांट यहां के शिक्षकों एवं शोधार्थियों को विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय ने शोधार्थियों को शोध कार्य हेतु भी रिसर्च ग्रांट प्रदान कर रहा है। डिजिटल लर्निंग हब, अंतरराष्ट्रीय ट्रांसिट हॉस्टल एवं पायलट इनक्यूबेशन फैसिलिटी शीघ्र ही शुरू करने जा रहा है। पिछले वर्ष कैंपस में शिक्षक एवं शोध हेतु चार विभिन्न देशों से कल 71 अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने प्रवेश किया है। यह विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस आधार पर विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश ही नहीं वरन अंतरराष्ट्रीय जगत में भी अपना परचम लहरा रहा है ।निकट भविष्य में यूनिवर्सिटी के समस्त कार्य समर्थ पोर्टल से संचालित होंगे। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूपेण अंगीकृत कर विश्वविद्यालय अपने पठन-पाठन सहित अन्य सभी कार्यों को पूर्ण करेगा। विगत वर्ष विश्वविद्यालय ने अनेकों समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें से अधिकतम सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशा-निदेर्शों का विश्वविद्यालय द्वारा समग्र रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। कुलपति जी ने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर उठाए गए सुधार कार्यों की बदौलत विश्वविद्यालय छात्रों का ध्यान अपनी और आकृष्ट करने में सफल रहा है एवं छात्रों की अभिरुचि विश्वविद्यालय में निरंतर बड़ी है।

## समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



*कुशीनगर ।*बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी कसया पारितोष मिश्रा को पत्रक सौंपकर नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्डो की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की ।गुरुवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को सौंपे पत्रक में बताया कि नगर पालिका में शामिल गांवो में सफाई सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। सपहा, मल्लूडीह, बनवारी टोला, बाड़ीपुल, पकवा इनार के चौराहों पर शौचालय बनवाने, कसया देवरिया मार्ग पर पशु अस्पताल के पास जल जमाव को दूर करने की मांग की। नगर में बने मूत्रालयों पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। उसकी व्यस्था की जाय। उपरोक्त समस्याओं का समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन को चेताया। इस दौरान प्रदीप मौर्य, जवाहर शर्मा, अनिल, राजकुमार आदि मौजूद थे।

# अखिलेश यादव की पीडीए नीति ने भाजपा की नींद उड़ा दी है : श्याम लाल पाल

**देवरिया।** देवरिया में आज सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और पूर्व एमएलसी व प्रवक्ता सुनील सिंह साजन का रामपुर कारखाना के डुमरी चौराहे पर भव्य स्वागत सपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सिंह के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा किया गया। मनीष सिंह के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने रामपुर कारखाना विधानसभा के डुमरी चौराहे पर लोहिया जी की प्रतिमा के सामने दोनों नेताओं का ऐतिहासिक स्वागत किया। इस अवसर पर मनीष सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष जी को बाबा साहेब की लिखी संविधान की प्रति, सुनील साजन को भगत सिंह की जेल डायरी भेंट किया।



मनीष सिंह ने बताया कि चौदह वर्ष पूर्व पटनवा पुल पर नागा बाबा साधु और मनोज पाल की हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड के समय प्रदेश में बसपा की सरकार थी। तब भी कानून व्यवस्था खस्ताहाल थी और आज भाजपा के डबल इंजन सरकार में भी कानून व्यवस्था खस्ताहाल है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि भाजपा के राज में बच्चे स्कूल छोड़ रहे, युवा बेरोजगार हो रहे हैं। रोजगार मांगने पर योगी की पुलिस उनपर लाठियां बरसाती है ।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है। ऐसे में अब लोगों की उम्मीद और भरोसा सिर्फ हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही हैं। अखिलेश यादव की पीडीए नीति ने भाजपा की नींद उड़ा दी है। उनका विजन बिलकुल साफ है कि प्रदेश के सबसे निचले तबके के आखिरी आदमी का भी विकास होना चाहिए। प्रवक्ता,पूर्व एमएलसी श्री सुनील यादव साजन ने कहा की श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प लेते है और सपा सरकार में कार्य को जनता के बीच में लेकर जाना होगा ।साथ ही पार्टी कार्यकताओं को इस दिशा में मेहनत और परिश्रम करने का दृढ़ संकल्प दोहराया गया।

इस अवसर पर

सोनू प्रकाश , अफताब खान, अनिरुध यादव, सोनू खरवार, अक्षय सरकार ,सूरज कुमार,विक्की यादव,इंद्रजीत यादव,राजेश कुमार,राम प्रवेश खरवार, अनूप प्रसाद, गोपाल गौड़, विकाश यादव, शशि, सुनील श्रीवास्तव, अतुल मद्धेसिया, कृष्णा, राजेश जायसवाल, संदीप, राम इकबाल,विकास यादव अजीत सिंटू,बेचन यादव,सतपाल यादव आदर्श यादव आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही !

# शंकर राव की स्मृतियां समाज के लिए प्रेरणास्रोतः दिवाकर मणि त्रिपाठी

**कुशीनगर।** ग्राम विकास अधिकारी स्वर्गीय शंकर राव की प्रथम पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास अमरवा खुर्द, विकास खंड तमकुही में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने स्वर्गीय शंकर राव का स्मरण करते हुए कहा कि वह मिलनसार, सहृदय और सामाजिक व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहने का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी स्मृतियां समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. कन्हैया शर्मा ने स्व. राव को स्पष्टवादी और ईमानदार विचारों का पोषक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में समाजसेवा और विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी। कवि मनंजय तिवारी 'निर्मल' ने कहा स्वर्गीय राव के द्वारा किए गए कार्य और उनका कृतित्व उन्हें हमेशा जीवंत बनाए रखेंगे। उनके विचार और प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। स्वर्गीय शंकर राव के पुत्र और वरिष्ठ पत्रकार आद्या सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए अपने पिता के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता का जीवन सादगी और समर्पण का प्रतीक था। इस दौरान समाजसेवी अनिल जायसवाल, पत्रकार गुरुदत्त उपाध्याय, उमेश पांडेय, संतोष सिंह, सुबोध त्रिपाठी, राजकुमार पांडे, जीतबहादुर राव, रमेश सिंह, अयोध्या राव, राघवेन्द्र राव, अनुराग राव, सत्यप्रकाश राय, अजय सिंह, रामनरेश पाण्डेय, पंकज सिंह आदि उपस्थित रहे और सैकड़ों ग्रामवासियों ने स्व. शंकर राव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान शांति पाठ और उनके व्यक्तित्व पर विचार विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का समापन उनके आदर्शों और विचारों को अपनाने का संदेश देते हुए हुआ। सभा में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय राव को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम 20 को

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 20 जनवरी, 2025 को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, जनपद देवरिया में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग और सामान्य वर्ग के उन गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु है, जिनकी वार्षिक आय दो लाख रुपये तक है। इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर कुल 51,हजाररुपये व्यय किए जाएंगे। इसमें 35हजार रुपये (विधवा, परित्यक्ता या तलाकशुदा के मामले में 40,हजार रुपये) कन्या के बैंक खाते में अंतरित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विवाह उपहार सामग्री के रूप में 10 हजाररुपये (विधवा, परित्यक्ता या तलाकशुदा के मामले में 5,000 रुपये) प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजन पर 6,000 रुपये व्यय किए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन केवल मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट ार ही स्वीकार किए जाएंगे।

किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन के लिए कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए ।आवेदन के साथ आवेदक और कन्या के दो-दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, वर और कन्या के आधार कार्ड की छायाप्रति, कन्या के बैंक पासबुक की छायाप्रति, तहसील द्वारा जारी जाति और आय प्रमाण पत्र तथा कन्या का आयु प्रमाण पत्र (जैसे शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड या आधार कार्ड) संलग्न करना अनिवार्य है।

संक्षेप

## अज्ञात चोर ने धावा बोलकर लाखों की संपत्ति पार की

**महमूदाबाद सीतापुर ।** सदरपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद में एक निजी स्कूल संचालक के घर में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर लाखों की संपत्ति पार कर दी। स्कूल संचालक को घर में चोरी होने की सूचना गुरुवार की सुबह हुई। पीड़ित द्वारा चोरी की सूचना पुलिस को तहरीर देकर दी गई । सदरपुर थाना क्षेत्र कस्बा जहांगीराबाद निवासी वीरेंद्र कुमार यादव पुत्र जगदीश प्रसाद यादव कुंज बिहारी लाल सरस्वती ज्ञान मन्दिर के संचालक हैं।

विद्यालय से थोड़ी दूर पर स्थित उनके आवास में बुधवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा लगभग एक दर्जन ताले तोड़ कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोर यहां से अलमारी में रखे एक लाख सत्तर हजार रुपये नगद तथा करीब 15 लाख रुपये की कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी की रात प्रबंधक के घर पर कोई नहीं था और परिवार के सभी सदस्य विद्यालय में ही ठहरे हुए थे। सुबह जब प्रबंधक घर की ओर टहलने निकले तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है और उसका ताला टूटा है।

# कवियों ने आदिकाल से भक्ति और राष्ट्र प्रेम की अलख जगाने में प्रमुख योगदानः आरके




जिला संवाददाता(vol)

**महमूदाबाद सीतापुर!** कवियों ने आदिकाल से भक्ति और राष्ट्र प्रेम की अलख जगाने में प्रमुख योगदान दिया है। भारत को स्वतंत्र करने में क्रांतिकारियों के साथ-साथ कवियों की ओजस्वी कविताओं ने भी महती भूमिका निभाई थी जो अब भी हमारे दिलों में हैं। जब सोच बदलती है तो सृष्टि भी बदलती है।

आज भी कविताएं युवा पीढ़ी का मार्दशन कर रही हैं। उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में आयोजित बाल कवि सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर चेयरमैन आरके वाजपेयी ने मां शारदे एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कविता का उद्देश्य सौंदर्य भाव जाग्रत करना है। यह आत्म अभिव्यक्ति का एक रूप है। शिशु भारती एवं सांस्कृतिक विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों के साथ सभी आमंत्रित कवियों का स्वागत माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। बाल कवि सम्मेलन का शुभारंभ उदित सिंह द्वारा सरस्वती वंदना एवं नव वर्ष में आने वालों को आने दीजिए से किया तो विद्यार्थियों ने उनका स्वागत तालियां बजाकर किया। मोहित शौर्य के रूप में आशुतोष मौर्य ने आज कल का प्यार केवल होटलों में रह गया, कविता तिवारी के रूप में प्रियांशी दीक्षित ने मैं भारत वर्ष की बेटी हूं हरगिज डर नहीं सकती, विष्णु सक्सेना के रूप में स्तुति वर्मा ने दिल की जमी पर जब फसल यादों को बोओगे, राम भदावर के रूप में उज्जवल वर्मा ने पन्ना की तमन्ना, मानसी शास्त्री के रूप में पलक वर्मा ने आज कल की मम्मियां भी गजब ढा रही, सुनील जोगी के रूप में सिद्धांत प्रताप सिंह ने देखो कुर्सी की बलिहारी यूं जमाना बदला जाए, कवि रोहित के रूप में अमन गिरी ने माता पिता इतनी आजादी मत दे प्यारी संतान को सुनकर सभी को आनंदित किया। श्रेया वाजपेई ने संचालन करते हुए चरणों में विरल के लगा रहे ये मन सुनाया। आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रतिभा सिंह द्वारा किया। इस अवसर पर ज्ञान शंकर वर्मा, , मिकाइल अली, एसपी त्रिपाठी नवनीत पांडेय सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ब्रीडिंग व जलवायु अनुकूल प्रजातियों पर जोर दें वैज्ञानिकः सूर्य प्रताप शाही

जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में नववर्ष के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शिरकत कर वैज्ञानिकों, शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कृषि मंत्री ने अतिथि गृह एवं स्टाफ क्लब के प्रथम तल को क्रियाशील कराया और दो मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र भी दिया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यह कृषि विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्य कर रहा है। कृषि विवि में शिक्षकों की नियुक्तियां पहले की अपेक्षा दोगुनी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि विवि को ब्रीडिंग व जलवायु के अनुकूल प्रजातियों को विकसित करने पर जोर देना होगा जिससे कि किसानों तक उच्च गुणवत्ता के बीजों को पहुंचाया जा सके। मंत्री ने कहा की वर्तमान समय में फूलों की मांग बहुत अधिक हो गई है। फूलों की खेती के साथ मखाना और सिंघाड़ा की खेती पर भी विवि को कार्य करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने नैक में ए प्लस, प्लस की सफलता पर कुलपति के साथ-साथ पूरे विवि परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने नववर्ष पर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई दी। कुलपति ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों के साथ-साथ आगे के होने वाले विकास कार्यों के बारे में भी सभी को अवगत कराया। कुलपति ने कहा कि विश्व विद्यालय को एक बड़े ऑडिटोरियम की आवश्यकता है जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।

नैक में उच्च ग्रेड हासिल करने के बाद विवि में श्रीलंका, जिम्बाब्वे, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका, केन्या सहित लगभग एक दर्जन विदेशी छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया जो पूरे विवि परिवार के लिए गर्व की बात है। समारोह के मंच का संचालन कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने किया।

## विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर एएसआई बनने पर एसपी ने दी बधाई



**उन्नाव।** एसपी दीपक भूकर एवं एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह एवं प्रेमचंद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए ;मुख्या आरक्षीद्ध से कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी ;एएसआईद्ध के पद पर विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारीगण विजित श्रीवास्तव;डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटरद्धए रजनीश सागर ;आईजीआरएस सेलद्धए वीरेश कुमार जयसवाल ;प्रधान लिपिक कार्यालयद्धए अनुज सिंह ;मीडिया सेलद्धए अवधेश कुमार ;थाना बिहारद्धए रोहित कुमार भट्ट ;थाना हसनगंजद्धए पंकज कुमार ;थाना गंगाघाटद्धए दिवाकर शुक्ला ;थाना बीघापुरद्ध को रैंक प्रतीकध्एक स्टार लगाकर पदोन्नति बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## शासन स्तरीय दो सदस्यीय टीम ने मनरेगा कार्यों की जांच की

**फतेहपुर चौरासी।** उन्नाव। मनरेगा के कार्यों में खर्च हुए धन की वास्तविकता जानने को लेकर फतेहपुर चौरासी विकासखंड के तीन गांव चिन्हित किए गए थे। जिसमें जमरूद्दीनपुरए फिरोजपुर खुर्दए पेसारी गांव शामिल है ।गुरुवार को शासन की ओर से दो सदस्यीय टीम गांव पहुंचीए जहां टीम ने ड्रोन के जरिए मनरेगा से हुए कार्यों की जांच की। जांच के बाद टीम अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को प्रस्तुत करेगी। शासन से आई टीम ने ड्रोन से सर्वे किया है और हुए कार्यों को देखा।

## लम्बी बीमारी के बाद संत रामसेवक दास का निधन



**फतेहपुर चौरासी।** उन्नाव। क्षेत्र में दोस्तपुर शिवली के प्रसिद्ध त्यागी बाबा के शिष्य लगभग 62 वर्षीय संत रामसेवक दास का लंबी बीमारी के बाद स्वर्गवास हो गया। उनके अन्तिम दर्शन के लिए क्षेत्र के उनके भक्तों ने पहुंचकर दर्शन किये। त्यागी बाबा के शिष्य रामसेवक दास कल्याणी नदी के किनारे आश्रम बनाकर रहते थे। इधर काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार देर रात आश्रम में अंतिम सांस ली। इसके बाद बैंड बाजे के साथ उनके शव को दोस्तपुर शिवली गांव त्यागी बाबा कुटी लाया गया जहाँ त्यागी बाबा की समाधि के दर्शन कराकर उनके आश्रम वापस ले जाया गया जहाँ भक्तों ने आश्रम के पास ही उनका अन्तिम संस्कार किया। नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश जायसवाल ने अन्तिम संस्कार की व्यवस्था की उनके साथ प्रधान पवन पालए रामजीवन आदि समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सीओ ने 12 पुलिसकर्मियों को प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित



**महमूदाबाद, सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक की तंत्र के सबसे निचले स्तर पर जमीनी काम कर रहे कर्मियों की हौंसलाआफाजाई करने की पहल के तहत महमूदाबाद सर्किल के 12 पुलिसकर्मियों को एसपी द्वारा जारी प्रशस्तिपत्र देकर सीओ द्वारा सम्मानित किया गया। सीओ ने प्रशस्तिपत्र देने के साथ उन्हें जिम्मेदारी का अहसास दिलाते हुए और अधिक निष्ठा से काम करने की नसीहत दी। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र विभाग में कर्मियों की हौंसलाआफजाई करने के साथ अपराध नियंत्रण पर नित नए प्रयोग करते रहते हैं।

इसी कड़ी के तहत प्रत्येक थाने से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले तीन-तीन पुलिसकर्मियों का चयन करने के निर्देश एसपी द्वारा थाना प्रभारियों द्वारा दिए गए थे। इसी के तहत महमूदाबाद केआरक्षी हरिशंकर, अखिलेश, महिला आरक्षी डोली, सदरपुर के मुख्य आरक्षी जितेंद्र मिश्र, आरक्षी आशीष यादव, महिला आरक्षी रूबी, रामपुर मथुरा की महिला आरक्षी रचना, शैल्या राजपूत, थानगांव के आरक्षी राजेश, पवन कुंतल व महिला आरक्षी निशा सिंह समेत 12 कर्मियों को हेल्प डेस्क, आईजीआरएस निस्तारण व बीट में सतर्कतापूर्वक सक्रियता ने कर्तव्य निभाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रशस्तिपत्र सीओ महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा दिए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह, सदरपुर प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा, रामपुर मथुरा प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी, थानगांव प्रभारी निरीक्षक उमेश चौरसिया, एसएसआई अरविंद कटियार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केदो में शीतकालीन अवकाश

**सीतापुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में शीतलहर व तापमान में गिरावट को देखते हुए जिलाधिकारी के अनुमोदन से आंगनबाड़ी केंद्र पर अवकाश घोषित किया गया है।

1 जनवरी से 15 जनवरी तक जनपद में संचालित सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर शीत कालीन अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अवकाश अवधि में ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका द्वारा लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, वजन, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वीएचएसंएनडी सत्र एवं आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जॉच व संदर्भन के साथ-साथ अन्य शासकीय/ विभागीय कार्य नियमित रूप से सम्पादित किये जायेगें। अवकाश अवधि में बिना सक्षम स्तर पर अवकाश स्वीकृत कराये ऑगनबाड़ी केन्द्र/मुख्यालय से बाहर नहीं जायेंगी।

# 18 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई अपराधियों की संपत्ति को किया जायेगा जब्त

सीतापुर। कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी/परिवहन जैसे अपराध में लिप्त कुल 9 अपराधियों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने देवेन्द उर्फ मोनू पुत्र बृजबिहारीलाल, अनुज कुमार पुत्र राजबहादुर निवासी कृष्णलोक कालोनी फैजुल्लागंज थाना मड़ियांव जनपद लखनऊ, आशीष शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी ग्वालमण्डी थाना कोतवाली नगर, अमित कुमार दीक्षित पुत्र जगदीश दीक्षित निवासी ब्रह्मपुरी आँख अस्पताल के पीछेथाना कोतवाली नगर, विवेक तिवारी पुत्र कन्हैयालाल तिवारी निवासी ग्राम मेहपुरवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच हालपता बहादुरनगर थाना सदर जनपद लखीमपुर खीरी, सुभाष तिवारी पुत्र महेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम बरगांवा थाना पिसांवा, हालपता आनन्द बिहारी कालोनी थाना रामकोट, अनुराग अवस्थी पुत्र जयराम अवस्थी निवासी ग्वालमण्डी थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर-हालपता मकान न0537/519 भरतनगर थाना मडियांव जनपद लखनऊ, प्रसून तिवारी उर्फ सोनू पुत्र उमकान्त तिवारी निवासी मधवापुर थाना रामकोट , शिवम द्विवेदी पुत्र राजबहादुर द्विवेदी निवासी मकान न 234 कृष्ण लोक नगर फैजुल्लागंज जनपद लखनऊ के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। अभियुक्तगण शातिर एवं अभ्यस्त किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/परिवहन जैसे अपराधों के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति के बारे में पता लगाया जा रहा है। संपत्ति चिन्हित करने के बाद जबतीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

इधर थानगांव पुलिस ने पुलिस ने बाबूराम लोनिया पुत्र मैकू लोनिया निवासी ग्राम शिवपुर मजरा देवरिया थाना सदरपुर, संदीप पुत्र लल्ला, राम प्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम ग्वारी थाना थानगांव, आशीष उर्फ ननका पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम सुकुलपुरवा नई बस्ती मजरा केवडा थाना रामपुर मथुरा, नौशाद पुत्र मजीद निवासी ग्राम बकहुंआ बाजार थाना सदरपुर, रुप लाल लोनिया पुत्र लल्लन लोनिया उर्फ लालता, कलऊ उर्फ कमलाकान्त पुत्र वेद प्रकाश निवासी ग्राम शिवपुर मजरा देवरिया थाना सदरपुर के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। इन अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति को चिन्हित कर जबतीकरण की कार्रवाई

के सम्बन्ध में सूचना/साक्ष्य संकलित कर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। महमूदाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाकर बिक्री करने वाले राजेन्द्र पासी पुत्र रामलाल निवासी ग्राम मोहाला थाना सदरपुर, रोहित लोनिया पुत्र सोमवाली निवासी ग्राम गढीपुरवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। इन अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति को चिन्हित कर जबकि कर्ण की कार्रवाई की जाएगी।

## टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना मछरेहटा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे में नाकेबंदी की। यहां पुलिस ने चेकिंग के दौरान सोनू उर्फ सोनेलाल पुत्र सन्तराम निवासी ग्राम उमरापुर मजरा रामनगर थाना मछरेहटा को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि सोनू शातिर अपराधी है। सोनू थाने का टॉप टेन अपराधी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# प्रतियोगिता में बच्चों ने जमकर बहाया पसीना



**सीतापुर।** विकासखंड कसमंडा में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के द्वारा विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन मां महोठे रानी मैदान महोली कमलापुर में किया गया। जिसमें ब्लॉक के विभिन्न गांव के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नम्रता श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन करने के बाद किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रगति एवं बालक वर्ग में सुमित प्रथम स्थान रहा। 200 मीटर दौड़ में अनुसुइया प्रथम एवं सुमित ने प्रथम स्थान हासिल किया।

400 मीटर दौड़ में मयंक का प्रथम स्थान रहा। कबड्डी प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय चौड़िया प्राचीन एवं प्राथमिक विद्यालय बलोइया के बीच खेला गया। जिसमें चौड़िया के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर स्तर में कसमंडा फाइटर एवं कमलापुर फाइटर के बीच में कबड्डी प्रतियोगिता हुई। जिसमें कसमंडा फाइटर ने प्रथम स्थान हासिल किया। गोला फेक में बालिका वर्ग से तन्वी प्रथम स्थान दर्ज किया ।

प्रतियोगिता में विजयी सभी बच्चों को जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता मे नम्रता श्रीवास्तव क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कसमंडा एवं अनमोल सिंह राठौर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रेउसा व निर्णायक की भूमिका निभाने में व्यायाम शिक्षक अनूप शुक्ला एवं खेल अनुदेशक अनुराग सिंह, महेंद्र प्रताप , मुकेश कुमार , काजल द्विवेदी , अनीता देवी रही। पीआरडी जवान अजय, कुमार ,बजरंग सिंह ,रामनरेश, रामसेवक ओमप्रकाश मौजूद रहे।

## न्यायालय पहुंचा जमीन पर अवैध कब्जे का मामला



**सीतापुर।** सीलिंग की जमीन पर कब्जा कर उस पर मकान बनवाए जाने के मामले में महिला प्रधान ने अपने पति के बिरूद्ध न्यायालय में वाद दायर किया गया हैं आरोप है कि विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में सरकारी सीलिंग की जमीन गाटा संख्या 520 रकबा 1.846 हेक्टेयर है। उस सरकारी जमीन पर महिला ग्राम प्रधान के ससुर ने कई वर्ष पूर्व कब्जा कर लिया था। जिस पर कई वर्षों तक चीनी व गुड बनाने वाला क्रेशर लगाया। उसके बाद ग्राम प्रधान सन्तोषी देवी यादव के पति सन्तोष यादव ने उक्त सरकारी जमीन के कुछ भाग पर अपना आलीशान मकान बनवाकर तैयार कर लिया ।जिसमें प्रधान व उसके परिजन निवास कर रहे है तथा शेष जमीन पर बाग व कृषि कार्य किया जाता है मामले में ग्रामीण रामचन्द्र आदि ने मुख्यमंत्री जनता दरबार में एक शिकायती पत्र दिया था उसके बाद प्रधान सन्तोषी देवी पुत्री रामप्रकाश ने अपने पति सन्तोष कुमार पुत्र रामशंकर के बिरूद्ध सीतापुर न्यायालय में वाद दायर कर दिया था जिसमें प्रधान पति सन्तोष कुमार ने 13 दिसम्बर 2024 को सीतापुर न्यायालय से यथा स्थित का स्टेआर्डर ले लिया था उक्त मामले में 10 जनवरी को न्यायालय में पेशी की तारीख लगी हैं मामले में जब क्षेत्रीय लेखपाल राजेन्द्र चौधरी से बात की गयी तो उन्होने बताया कि सीलिंग की जमीन की पैमाइस की गयी है जिस पर प्रधान पति समेत कई लोगों के घर बने है मामला न्यायालय में बिचाराधीन है जांच रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों तथा न्यायालय को भेज दी गयी है ।

# व्यक्ति की पहचान उसके अभिनय के अभिव्यक्ति से होती है



**पाटन, उन्नाव।** इस संसार मे हम सब नाटक करने के निमित्त जन्म लिया हैए वह चाहे जिस क्षेत्र मे हो। व्यक्ति की पहचान उसके अभिनय के अभिव्यक्ति से होती है। उक्त उदगार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित स्वामी ब्रम्हात्मा नंद सरस्वती महाराज ने भगवन्तनगर स्थित श्यामराज कुंवरि जगन्नाथ सिह सनातनधर्म कन्या इण्टर कालेज के संस्थापक आदर्श शिक्षक रंजीत सिंह की 101 वीं जयन्ती के अवसर पर व्यक्त किया। उन्होंने ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मो से होती है। मनुष्य इस संसार मे अभिनय करने के लिए पैदा होता है। संसार मे जो व्यक्ति लोगों की सेवा कर लेता है वही व्यक्ति सफल माना जाता है।

रंजीत सिंह ने अपने जीवन काल मे समाज सेवा का आर्दश प्रस्तुत किया है ।हम सबको उनके कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह के मुख्य वक्ता के रुप उपस्थित पूर्व शिक्षक रमेश सिंह ने कहा कि रंजीत सिंह आदर्श शिक्षक होने के साथ साथ एक परोपकारी व्यक्ति थे ।जिन्होंने ने अपने मित्र शिक्षक साथी राम संघार को वेतन न मिलने पर उनकी आर्थिक मदद अपनी पूरे सेवाकाल मे किया। किन्तु आज स्थित यह है कि लोग हाथ नही नस पकड़ते है ।यदि व्यक्ति के व्यक्तित्व के असर को देखना हैं तो बैंक बैलेंस से नही बल्कि उनकी सन्तानों से देखे। आज समाज का बाजारीकरण हो गया हैए घरों के अन्दर बाजार घुस गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व रंजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

वही संस्था द्वारा गरीब निराश्रितों को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने कविता पाठ कर शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को राम सिंह सेवा निवृत्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नरेन्द्र सिंह आनन्द, कमलेश वर्मा आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वी डी सिंह पूर्व प्रधानाचार्य एवं संचालन प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार ने किया। आए हूए लोगों को प्रबंधक समरेन्द्र बहादुर सिंह ने अंग वस्त्रए प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया।

आये हुए लोगो के प्रति आभार विद्यालय के प्रबंधक समरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया और कहा कि यह जयन्ती समारोह मेरे माता पिता का पूण्य प्रताप है जिनके आशीर्वाद से निर्वाद संचालित हो रहा है। कार्यक्रम मे अमरेश वर्मा, पूर्व शिक्षक गौरी शंकर सिंह, नागेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह बब्लू, मन्टू सिंह, शिवेन्द्र सिंह, गोवर्धन सिंहए रवि शंकर शुक्ला, आशू पाण्डेयए सुनील सिंह, अभय साहू, अवधेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रक्तदाता धरा के देवदूतः संजीव सिंह




**अयोध्या।** अयोध्या महोत्सव न्यास व राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 युवाओं ने रक्तदान कर महादानी बनें। रक्तदान करने में अधिवक्ता, पत्रकार, पुलिस, शिक्षक व महिलाये भी शामिल रही। शिविर में अयोध्या जिले के अलावा गाजीपुर, बस्ती, बलिया व अम्बेडकर नगर के लोग भी शामिल रहे ।यह शिविर जिलाचिकित्सालय के सहयोग से लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने रक्तदानियों को प्रमाणपत्र व मेमोटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि रक्तदाता धरा के देवदूत हैं और रक्तदान सबसे पुनीत कार्य हैं।

अयोध्या जिले के मरीजों के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन किसी वरदान से कम नहीं हैं जो लगातार मरीजों को ब्लड मुहैया करा रही हैं। अयोध्या महोत्सव के आयोजक हरीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान शिविर भी अब अयोध्या महोत्सव का एक अंग बन चुका हैं। महोत्सव का उदेश्य अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के साथ साथ अब मरीजों को खून उपलब्ध कराने के लिए भी संकल्पित हैं। इसे अगले महोत्सव में और व्यापक स्तर से रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। संस्था अध्यक्ष व ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्त ने कहा कि एक बार रक्तदान करने से कम से कम तीन मरीजों की जान बचाया जा सकता हैं और नियमित रक्तदान करने से रक्तदाता हार्ट, बीपी, कैसर जैसे गंभीर बीमारियों सुरक्षित रहते हैं।

अयोध्या महोत्सव समिति द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन से जुड़े डॉ मनीष राय, विजय वर्मा, आरक्षी मो अहद, राम कुमार मौर्य, खुशबू शाही व माला रावत को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों में महोत्सव के संयोजक जनार्दन पाण्डेय, महासचिव आकाश अग्रवाल, अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, ज्योत्सना श्रीवास्तव, पत्रकार अरविन्द गुप्ता, डॉ सुनील कुमार गुप्ता, अजीत सिंह यादव, राधेश्याम यादव, राजेश कुमार, शिव पूजन वर्मा, आश्चर्य दीपक गुप्त, अरुणेश वर्मा, वृजेश ओझा, राज कुमार वर्मा, धर्मवीर वर्मा, जलज वर्मा, लालता प्रसाद, प्रवेश कुमार, उमेश चंद शुक्ला, विनय सिंह कुशवाहा, प्रमोद कुमार राजन यादव, जुनैद अहमद, अभय वर्मा, आदर्श शुक्ला, कुशल दूबे, शशांक वर्मा, घनश्याम वर्मा, पुरेंद्र सिंह, रोहित पाल, सुधांशु उपाध्यय, श्रवण जायसवाल व अशोक मिश्र शामिल रहें। रक्तदान शिविर के समापन पर महोत्सव के महासचिव आकाश अग्रवाल व संचालक अरुण द्विवेर्दी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ग्राहकों की संतुष्टि ही किसी भी व्यापार की प्रगति का सबसे मूल तत्व



**महमूदाबाद (सीतापुर)।** ग्राहकों की संतुष्टि ही किसी भी व्यापार की प्रगति का सबसे मूल तत्व है। व्यापारियों का देश के विकास में हमेशा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। नई-नई योजनाएं बाजार में ग्राहकों के आवागमन की गति को बढ़ाती है, जिससे हर वर्ग और क्षेत्र को लाभ होता है। यह बात सरावगी टोला स्थित जैन गिफ्ट हाउस में विवाहोत्सव योजना के डिस्प्ले केंद्र का उद्घाटन करते हुए संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष रमेश वाजपेयी ने कही। डिस्प्ले केंद्र के उद्घाटन के बाद जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। अतिथियों ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रबंधक पारस जैन, राजकुमार जैन ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया। इस दौरान विहिप नेता अतुल चित्रांश, साहित्यकार विनोद गुप्त, आदिश्वर, नमन, शैलेश आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## डम्पर ने मारी टक्कर, एक की मौत दो गम्भीर

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम रजवारा बिरारी पेट्रोप पंप के निकट राख से लदे तेज रफ्तार डम्फर ने स्कूटी सवार युवतियों को कुचल दिया, जिससे एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवतियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया, जहां उपचार के बाद चिकित्सकों ने झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

बताया गया है कि कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला चैकाबाग निवासी 19 वर्षीय डोली राजा पुत्री महेन्द्र राजा अपनी बहन 17 वर्षीय शिवानी ठाकुर पुत्री महेन्द्र व कटरा बाजार निवासी 20 अदिति जैन पुत्री सुधीर जैन के साथ मध्य प्रदेश के कुण्डेश्वर धाम दर्शन करके लौट रही थी। जब शाम को वह घर वापिस आ रही थी कि कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम रजवारा पेट्रोप पंप के पास तेज रफ्तार डम्फर ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार युवतियां चपेट में आ गई। मौके पर डोली राजा की मौत हो गई, वहीं उसकी बहन व कटरा बाजार निवासी सहेली घायल हो गई, जिसे चिकित्सकों ने झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## मजदूर की ठंड से हुई मौत

बरेली। थाना फरीदपुर के गांव नगमा के रहने वाले 36 वर्ष के सानू की सर्दी लगने से मौत हो गई। सोनू के भाई सनोज ने बताया कि पिछले तीन-चार दिन से काम करने के लिए शाहजहांपुर गए थे। काम से लौटते वक्त ठंड लगने से उनकी मौत हो गई। परिवार के लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक की पत्नी विनीता का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो बच्चे हैं।

## नवागत मंडल रेल प्रबंधक ने किया ज्वाइन

बरेली। सुश्री वीणा सिन्हा ने पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व वो रेलवे एओनर्जी मैनेजमेन्ट कम्पनी में सीईओ थीं।

यह पद निवर्तमान मंडल रेल प्रबंधक सुश्री रेखा यादव के उत्तर रेलवे में स्थानांतरण के कारण रिक्त हुआ था। वीणा सिन्हा ने 1994 में एमआईटी मुजफ्फरपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा वर्ष 1996 में आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में परास्नातक की उपाधि प्राप्त की है। इसके बाद रेलवे विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के माध्यम से रेल सेवा में काम शुरू किया। उन्होंने एमबीए की डिग्री भी प्राप्त की है।

## तमंचे के बल पर युवती से छीना मोबाइल

आंवला, बरेली। एक गांव की रहने वाली युवती से तमंचे के बल पर मोबाइल छीन लिया गया। थाना आंवला में सौंपे शिकायती पत्र में उसने बताया कि वह आंवला के एक डिग्री कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। वह कॉलेज जा रही थी। कॉलेज में गेट पर घुसते ही गांव के ही युवक ने उसका फोन और रुपये छीन लिए और थप्पड़ मारा। शिकायती पत्र में उसने आरोप लगाया कि युवक ने ने तमंचे के बल पर उसे धमकाया। उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी है। युवती ने आरोपित पर कड़ी व कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नाबालिग को बंधक बनाकर बालश्रम कराने वाले तीन पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर कोतवाली पुलिस ने बाल मजदूरी कर रहे नाबालिग की मां की तहरीर पर बेकरी संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं बंधक मजदूरी कर रहे नाबालिक को बेकरी से निकालकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मानवता को शर्मसार करने वाले इस प्रकरण को लेकर शहर क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय के पास स्थित एक कालोनी में रहने वाली महिला ने

**● जनपद में नहीं रूक रहा है बालश्रम**

कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके 10 वर्षीय नाबालिग पुत्र को एक माह पहले शनि ठाकुर पुत्र किशोर सिंह अपनी गाड़ी में बैठाकर लक्ष्मीपुरा स्थित बेकरी जिसके संचालक मोहित साहू पुत्र हरनारायण साहू बताया जा रहा है के यहां ले गया था। बताया जा रहा है कि बेकरी में की ब्रेड बनाये जा रहे थे। ब्रेड बनाने के लिए नाबालिग को जबरन भट्टी के सामने बैठाकर बाल मजदूरी करायी जा रही थी। बताया कि शनि ठाकुर व राजकुमार कुशवाहा द्वारा उसके नाबालिग पुत्र से बालश्रम कराया जा रहा था, जिसके एवज में 200 रुपये मजदूरी के दिये। महिला ने बताया कि राजकुमार कुशवाहा पुत्र महेश कुशवाहा द्वारा उसके पुत्र के साथ गाली-गलौज व मारपीट की गयी। इधर महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मोहित साहू, शनि ठाकुर व राजकुमार कुशवाहा के खिलाफ बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 की धारा 3/14 और बीएनएस की धारा 352 व 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**श्रम विभाग विभाग एवं संबंधित टीमें नहीं कर रही गहनता से कार्य**

कागजी कार्यवाही के घोड़े दौड़ाने वाले श्रम विभाग एवं संबंधित टीमों के द्वारा केवल कागजी खानापूर्ति करके बालश्रम अभियान चलाया जाता है। टीमें न तो किसी कारखाने में दबिश देने जाती हैं, और न ही बेकरी एवं बड़े स्टोरों जहां पर पैकेजिंग के काम धडल्ले से बालश्रमिकों से कराये जाते हैं। कभी कभार टीमें अभियान चलाकर सड़क किनारे, रेहडी पर अभियान चलाकर अपने कार्यों की इतिश्री करते हुये मिल जाती है। ऐसे में शासन को चाहिए कि वह संबंधितों पर नकेल कसते हुये जनपद में बड़ी संख्या में हो रहे बालश्रम पर रोक लगाये जाने के लिए कारगार उपाय करे। सोशल मीडिया पर वायरल हुये नाबालिग को बंधक बनाकर बालश्रम कराने की वीडियो के बाद शहरवासियों ने श्रम विभाग से बेकरी संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। वहीं दूसरी ओर बेकरी संचालक का खाद्य एवं फूड सेफ्टी का लाइसेंस निरस्त किये जाने की भी मांग उठायी जा रही है।

**असंगठित कर्मचारी यूनियन ने दिया ज्ञापन**

लक्ष्मीपुरा स्थित शुभम बेकरी में नाबालिग को प्रताड़ित कर बंधक बनाकर कराये जा रहे बालश्रम को लेकर असंगठित कर्मचारी यूनियन ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में यूनियन जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने वायरल वीडियो और उसमें दशार्ये जा रहे तथ्यों का हवाला देते हुये बेकरी संचालक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, हर्ष तिवारी, खलक सिंह राजपूत, विनोद मिश्रा, मुलायम सिंह के अलावा अनेकों लोगों के हस्ताक्षर अंकित बताये गये हैं।

## जनपद को टी.बी. मुक्त करने में सभी का सहयोग आवश्यकः डॉ.इम्तियाज



ललितपुर। सौ दिवसीय सघन टी.बी. अभियान के अन्तर्गत टी.बी. मुक्त भारत बनाये जाने हेतु प्राइवेट हास्पिटल संचालकों एवं चिकित्सकों के साथ सीएमओ कक्ष में बैठक की गयी। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि जिले में 24 मार्च 2025 तक सौ दिनों का सघन क्षय रोगी खोजी अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करेगा। अभियान में हाई रिस्क वाले क्षय रोगियों को खोज कर उनका इलाज किया जायेगा एवं अन्य विभागों के सहयोग से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जायेगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि टी.बी. एक जीवाणु जनित रोग है जो कि माइक्रो बैक्टीरियम ट्यूबर क्लोसिस के कारण होता है यह बीमारी आम तौर पर फेफडों को प्रभावित करती है, हालांकि यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। यदि किसी व्यक्ति को 14 दिन से अधिक खांसी आये, बुखार आये, वजन घटे, खांसी में खून, गले में गांठे हो तो यह लक्षण टी.बी. के हो सकते है, ऐसे लक्षण होने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सकीय सलाह अवश्य लेनी चाहिये। परामर्शी चिकित्सक डा.जे.एस. बक्सी ने अपील की कि लोग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करके इसे सफल बनायें, ताकि अंतरराष्ट्रीय टी.बी. दिवस (24 मार्च 2025) तक जनपद को टी.बी. मुक्त बनाया जा सके। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि क्षय रोग से ग्रसित मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। अभियान को सफल बनाने के लिये प्रभावशाली व्यक्तियों एवं धर्मगुरूओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में डी.पी.सी. शिवराम व विभिन्न प्राइवेट चिकित्सक आदि मौजूद रहे।

## बुंदेली दिवारी को दर्शकों ने खूब सराहा पहुंचे मंत्री विधायक



बांदा। बुंदेली दिवारी नृत्य प्रतियोगिता का केन नदी किनारे प्राचीनतम कलोथर बाबा के स्थान में आयोजन हुआ। दिवारी प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया। ग्राम कहला मजरा हटेटीपुरवा में बड़ोखर खुर्दए बजरंग पुरवाए कहलाए ग्राम बगहा व हटेटीपुरवा की टीमों ने शानदार दिवारी लोक नृत्य का प्रदर्शन किया। इस दौरान संत आनंदमूर्ति बलरामदास महाराज शांतिधाम पहाड़ी बाबा आश्रमए महंत ओम चेतन ब्रम्हचारी पीताम्बरा पीठ नागा बाबा आश्रमए प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषादए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के अलावा एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मेले में दिवारी नृत्य देखा। क्षेत्र की बुंदेली दिवारी टीमों के दल नायकों को सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने साल एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि बुंदेलखण्ड की प्रसिद्ध दिवारी कलाकारों ने संगीत के तीनों आयामों गायनए वादन तथा नृत्य को समेकित करते हुए अद्भुद प्रस्तुति दी। बड़ोखर खुर्द की दिवारी टीम की कला देखकर दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के आयोजक श्रीराम निषाद ने मंत्री, विधायक एवं गण्यमान लोगों का आभार जताया।

## गांजा की खेती करने वाला गिरफ्तार

बांदा। ऑपरेशन ईगल के चलते बीती रात अतर्रा पुलिस ने अवैध गांजे की खेती करने वाले आरोपी को ग्राम आऊ से गिरफ्तार कर लिया। थाना अतर्रा पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम आऊ में रवि मिश्रा पुत्र राजाराम घर के हाते में अवैध गांजे की खेती कर रहा है। इस जानकारी के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और 20 किलो 700 ग्राम हरा गांजा बरामद किया। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है और आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी कुलदीप कुमार तिवारीए उप निरीक्षक प्रेम पाल सिंहए दीपक कुमार सैनीए प्रदीप कुमार सोनीए सोनू त्यागीए कां0 पंकज आर्याए शुभम सिंह व पूजा रावत रहीं।

## स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति लोगों को किया जायेगा जागरूक



जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान ललितपुर की संयुक्त बैठक का

**● स्वदेशी जागरण मंच की बैठक आयोजित**

आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ललितपुर के कार्यालय पर आयोजित किया गया। जिसमें स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक, समन्वयक पूर्वी उत्तर प्रदेश अनुपम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अध्यक्षता हकीम सिंह जिला समन्वयक, स्वावलंबी भारत अभियान ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुदीप खरे तथा डी एस विवेक एडवोकेट, जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ललितपुर रहे। बैठक में 12 जनवरी से 12 फरवरी के मध्य होने विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के माध्यम से पूरे जिले में स्वदेशी वस्तुओं की प्रचार प्रसार करने तथा तथा स्वदेशी वस्तुओं की उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से विनोद कुमार शर्मा, सुबोध गोस्वामी, धरम सिंह कुशवाहा, ललित किशोर तिवारी, महिपाल सिंह, रुचिका बुंदेला, सुनीता पंथ, महिपाल सिंह बुंदेला, कुमार शशांक, सुनील कुमार जोशी, पी के नायक, राहुल कुशवाहा, प्रिंस पाल, गुलशन कुमार गुप्ता, जगदीश सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

## मुकदमों में फरार 25 हजार का इनामी बदमाश मुम्बई से गिरफ्तार



बिजनौर। नगीना पुलिस ने चोरी के कई मुकदमों में फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश टॉप-10 अपराधी/हिस्ट्रीशीटर को मुम्बई से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी से नगीना पुलिस की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

नगीना थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह के अनुसार थाना नगीना पर दर्ज मु0अ0सं0 228/2024 धारा 305 (क), 331 (4) बीएनएस-मु0अ0सं0 200/2024 धारा 305 (क), 331(4) बीएनएस-मु0अ0सं0 240/2024 धारा 305 (क), 331 (4) बीएनएस-मु0अ0सं0 273/2024 धारा 249 (ख)/317(5) बीएनएस व धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम में पिछले काफी समय से फरार अभियुक्त नौशाद पुत्र कमरुद्दीन निवासी ग्राम आले अलीपुर थाना नगीना, जनपद बिजनौर एक शातिर अपराधी है। शातिर अपराधी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। शातिर अभियुक्त नौशाद थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मु0अ0सं0 10/2024 धारा 457/380/427 व थाना शेरकोट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 160/2024 धारा 305 (क), 331 (4) बी0एन0एस० मे भी वांछित है। अभियुक्त नौशाद उपरोक्त थाना नगीना का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमो का गठन किया गया था। थाना नगीना पुलिस द्वारा इनामी बदमाश नौशाद को मुम्बई के मालवानी मलाड से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय महानगर दण्डाधिकारी बोरीवली मुम्बई (महाराष्ट्र) के समक्ष पेश कर 03 जनवरी 2025 तक का ट्रांजिट रिमाण्ड मंजूर कराकर जनपद बिजनौर लाया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह के अनुसार नौशाद एक शातिर किस्म का चोर है, जिसके विरुद्ध जनपद बिजनौर के विभिन्न थानों पर करीब ढाई दर्जन मुकदमें है। आरोपी नौशाद अपने शातिर दिमाग से बंद पडे मकानों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गजेन्द्र उज्जवल, सिपाही अंकित सोलानिया व सचिन कुमार शामिल थे।

## लाइफ ब्लड डोनर नेटवर्क ने गरीबों को बांटे कंबल



बांदा। सेवर्स ऑफ लाइफ ब्लड डोनर नेटवर्क के तत्वावधान में शहर के मर्दननाका में शीतलहर को देखते हुए गरीबों को कंबल वितरित किए गये। शहर के सीनियर फिजीशियन डॉ मोहम्मद रफीकए सबाना रफीकए डॉ हर्ष भार्गवए डॉ सऊद उज जमा के संरक्षण में संचालित सेवर्स ऑफ लाईफ ब्लड डोनर नेटवर्क सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी इरफान उल्ला खांए विशिष्ट अतिथि डॉ शेफाली आनंद एमडीए पीडीयाट्रिक ने शहर के जरूरतमंदों को साल देकर नववर्ष की बधाई दी। इसके पश्चात शाम को काली देवी मंदिरए वैष्णो देवी मंदिरए जमा मस्जिदए गोल कोठीए रेलवे स्टेशनएरोडवेज बस स्टैंड आदि में गरीबों को कंबल बांटे गये। कंबल वितरण कार्यक्रम में सेवर्स ऑफ लाइफ के सलमान खानए सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेनाए डॉ मेहनाज नासिरए डॉ बरखा श्रीवासए मुबीन खानए डॉ अर्शदए आसिम अल्वीए अंसार अहमदए मिथुन पुरूस्वानीए शान अलीए जुगुनु आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अंसार अहमद ने अतिथियों को बैज लगाकर किया।

## आंगनबाड़ी केन्द्र 1 से 14 तक बंद

बांदा। शीतलहर को देखते हुए जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों को 1 से 14 जनवरी तक बंद रखने के आदेश डीएम नगेन्द्र प्रताप ने दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालय कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों का बीते 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। अधिकांश आंगनवाड़ी केन्द्रप्राथमिक विद्यालयए अन्य शाषकीय व अर्ध शासकीय भवनों में संचालित हैं। आंगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे व मासूम होते हैं ऐसी स्थिति में शीतलहर एवं ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध नही हैं। इसलिए केन्द्र संचालन बंद करते हुए लाभार्थियों को अन्य सेवाओं का लाभ नियमित रूप से दिया जाएगा। आंगनवाड़ी कार्यकत्रीए मिनी आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाएं केन्द्रों को निर्धारित समय पर खोलकर लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार का वितरणए पोषण टैज्कर ऐप पर फीडिंगए सामुदायिक गतिविधियों का आयोजनए वी एच एस एन डी सत्र एवं अन्य विभागीय कार्यों का पहले की तरह निष्पादन करेंगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

## सबसे बड़ी तहसील धामपुर होने के नाते बार एसोसिएशन की भूमिका भी बड़ीः एसडीएम





धामपुर, बिजनौर। बार एसोसिएशन धामपुर की ओर से तहसील परिसर के सभागार में नववर्ष पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में तहसील स्तर के सभी प्रशासनिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

मुख्य अतिथि के रुप में एसडीएम रितु रानी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक दूसरे के सहयोग से तहसील में आने वाले पीड़ितों को त्वरित न्याय मिलना चाहिए। एसडीएम रितू रानी ने कहा कि जिले में सबसे बड़ी तहसील धामपुर होने के नाते यहां के बार एसोसिएशन की भी बड़ी भूमिका है। ऐसे में बार एसोसिएशन के साथ मिलकर तहसील प्रशासन यहां आने वाले पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के संकल्पबद्ध है। वहीं नायब तहसीलदार जितेंद्र चहल, राजकमल, विवेक तिवारी आदि ने भी विचार रखे। बार एसोसिएशन अध्यक्ष भीम सिंह एडवोकेट और उपाध्यक्ष सुधीर कुमार ने कहा कि बार हमेशा प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से कार्य करने को तैयार है।

उन्होंने अधिकारियों द्वारा भी पूरा सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सभी अधिवक्ताओं और एसडीएम समेत चारों नायब तहसीलदार आदि शामिल रहे। बैठक में बार के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार एडवोकेट, सचिव कुलदीप सिंह एडवोकेट, राहुल गुप्ता, विनय गुप्ता, गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ शहजादा परवेज, योगेंद्र पाल, नुसरतउल्लाह एडवोकेट, वीरेंद्र कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता भीम सिंह एडवोकेट ने की तथा संचालन कमलवीर सिंह ने किया।

## बिजनौर के पूर्व एसपी रहे डॉ. धर्मवीर सिंह बने डीआईजी, लोगों ने दी मुबारकबाद



बिजनौर। पुलिस अधीक्षक के रुप में जनपद वासियों को अपनी सेवा दे चुके एसपी डॉ0 धर्मवीर सिंह की नव वर्ष पर प्रोन्नति हो गई है। शासन ने उन्हें डीआईजी बना दिया है। उत्तर प्रदेश शासन ने बुधवार को 27 सीनियर आईपीएस अफसरों को वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन देकर डीआईजी बनाया है। प्रमोशन पाने वालो में जनपद बिजनौर में वर्ष 2021-22 में एसपी रहे डॉ0 धर्मवीर सिंह का नाम भी शामिल है। एसपी डॉ0 धर्मवीर सिंह का बिजनौर का कार्यकाल बेहद सफल रहा जिसके चलते लोग आज भी उन्हें याद करते है। उन्होंने जिले के सभी थानों में दर्जनों पुलिस चैकियां बनाकर पुलिस चैकियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस नई पुलिस चैकियों के लिए नए भवनों का निर्माण कराया व महापुरूषों के नाम पर किया।

मृदुभाषी और व्यवाहर कुशल एसपी डॉ0 धर्मवीर सिंह पीड़ितों की बात सुनकर उन्हें न्याय दिलाने के कारण काफी लोकप्रिय रहे जिस कारण वह बिजनौर के लोगो के दिलों में आज भी जगह बनाये हुए है। एसपी डॉ0 धर्मवीर सिंह इस समय पुलिस अधीक्षक पीएसी मेरठ में तैनात हैं। डॉ0 धर्मवीर सिंह के डीआईजी बनने पर उनके शुभचिंतक संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की, पत्रकार नौशाद अंसारी, मनीष राणा, मुकेश त्यागी, प्रेम कुमार शर्मा एडवोकेट, शहजाद ठेकेदार, मौ0 अलीम सलमानी आदि ने उन्हे मुबारकबाद दी है।

## गुलदार की फिर से आबादी में दस्तक, लोगों में बना दहशत का माहौल



नगीना, बिजनौर। गुलदार ने आबादी के नजदीक घुसकर एक पशु को अपना निवाला बना डाा। गुलदार की दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पिंजरा लगाए जाने की बात कही है। जानकारी के अनुसार थाना बढापुर नगर की सीमा से सटे ग्राम पंचायत चक उदयचंद के अंतर्गत आने वाले पक्का तालाब निवासी नसीम पुत्र वाहिद ने घोड़ी पाल रखी है। गुरुवार की सवेरे घोड़ी का चार माह बच्चा पक्का तालाब में ही आबादी के नजदीक चर रहा था। घात लगाए बैठे गुलदार ने उसी दौरान घोड़ी के बच्चे को अपना निवाला बना लिया। गुलदार आबादी में घुसकर घोड़ी के बच्चे को मारने की घटना से लोगो में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घोडी के बच्चे का पोस्टमार्टम करने के बाद घटना स्थल पर पिंजरा लगाने की कार्रवाही शुरू कर दी है।

# बालश्रम के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियान



ललितपुर। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5, बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम व पुनर्वास अभियान के अन्तर्गत थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं उ.नि. योगेन्द्र सिंह, म.का.सीता देवी व श्रम विभाग से कुलदीप गुप्ता, जिला प्रोबेशन से जयराम, चाईल्ड लाइन से रचना के साथ बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान में पिसनारी बाग, सदर बाजार, कटरा बाजार, नदीपुरा, धुराबाजार, पानी टंकी, नई बस्ती, नेहरुनगर आदि स्थानों पर एएचटीयू व श्रम विभाग की संयुक्त की टीम द्वारा की गई रैकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान मिशन शक्ति फेज-5 तथा मानव तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 02 किशोर श्रमिक बालश्रम करते मिले, श्रम विभाग द्वारा नियोजकों को मौके पर ही नोटिस देकर किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया।

अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों, जनरल स्टोर व दुकानदारों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया गया व हिदायत किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है। अभियान में एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थानाध्यक्ष उ.नि. योगेन्द्र सिंह, म.का. सीता देवी, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन, चाईल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जनपद के 16 केंद्रों पर 18 को होगी नवोदय की प्रवेश परीक्षा

अयोध्या । नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा 2025 को लेकर तैयारी प्रारम्भ हो गई है। आगामी 18 जनवरी को जिले के कुल 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित चयन प्रवेश परीक्षा में इस बार 9398 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों और नोडल की निगरानी में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य केके मिश्र ने बताया कि नवोदय में चार परीक्षा केंद्रों समेत कुल 12 ब्लॉकों में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 18 जनवरी को होने वाली परीक्षा सुबह 11 बजे से सुनिश्चित की गई है।

इस परीक्षा में 100 अंकों का निर्धारण किया गया है, जिसमें 80 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल, कैलकुलेटर आदि ले जाना प्रतिबंधित है।

## गमों पे हो भारी अब खुशियों का साया, नया साल आया नया साल आया...

ललितपुर। नूतन वर्ष के आगमन एवं बीते वर्ष की विदाई के अवसर पर कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदवी के तत्वाधान में वरिष्ठ कवि काका ललितपुरी के निवास पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक क्रांतिकारी ने की एवं सफल संचालन संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा

**● नूतन वर्ष के मौके पर कवि सम्मेलन व मुशायरा आयोजित**

एड. ने किया। उन्होंने देशवासियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से देश में अमन चैन की कामना करते हुए खूबसूरत शेर पढ़ते हुए कहा कि कांटो संग रहकर मुस्कुराना हमें सिखाया है, नया साल नई उम्मीद का नया सवेरा लाया है।

रामचरण नामदेव अनुरागी ने गीत पेश करते हुए कहा चांदनी में धवल हो गई चांद मुस्कुरा गया। नया वर्ष खुशियां लेकर आ गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कामना है मेरी शुभकामना है सबके लिए अब के बरस ऐसा गीत होना चाहिए। राधेश्याम ताम्रकार ने रचना पेश करते हुए कहा कि नए साल की आ गई शुभ घड़ी है मुबारकबाद की है लगी है अब झडी है। महिला शक्ति की ओर से एक मात्र महिला कवित्री सुमनलता शर्मा चांदनी ने रचना पेश करते हुए कहा कि गमों पे हो भारी अब खुशियों का साया। नया साल आया नया साल आया। काका ललितपुरी ने नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा स्वागत है 25 का विदा हुआ 24को गाल फुलाए है, कोऊ काडरो खीस। किशन सिंह बंजारा नव वर्ष का स्वागत करते हुए कहा कि आओ गुणगान करें मानव का सम्मान करें आया नया वर्ष है उसकी पहचान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशोक क्रांतिकारी ने रचना पेश करते हुए कहा बीज खेत से भूख तक पुहँचे। नूतन वर्ष एक संकल्प होना चाहिए।

## इच्छुक दिव्यांगजनों के लिए जनपद में निःशुल्क विशेष कोचिंग संस्थान संचालित

बिजनौर। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, बिजनौर द्वारा जनपद के इण्टर पास एवं इण्टर से अधिक शिक्षित दिव्यांगजन जो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे है या करना चाहते है। ऐसे इच्छुक दिव्यांगजनों के लिए जनपद बिजनौर में एक निःशुल्क विशेष कोचिंग संस्थान संचालित है। जिसमें निःशुल्क हॉस्टल, भोजन एवं कोचिंग कक्षाओं के लिए योग्य अध्यापकों की व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जो दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ लेना चाहते है, जनपद के ऐसे इच्छुक दिव्यांगजन अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों सहित दिनांक 25 जनवरी, 2025 तक कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी बिजनौर, विकास भवन में आकर अपना पंजीकरण करायें।

## बुंदेलखंड चैम्पियन फुटबॉल प्रतियोगिता अगले माह

ललितपुर। जिला फुटबॉल एशोसियन की एक बैठक स्थानीय एक होटल में अध्यक्ष मनमोहन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी माह में जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में बुंदेलखंड चैम्पियन फुटबॉल प्रतियोगिता कराये जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुये प्रतियोगिता को भव्य स्तर पर कराये जाने की बात कही। बैठक का संचालन वरिष्ठ अध्यक्ष प्रताप विक्रम सिंह ने की। बैठक में सुशील चैबे, शत्रुघन यादव, डा.आनंद विश्वास, मोहम्मद इशाक खान, नीटू ने भी अपने विचार रखे।

# अंतरिक्ष में इसरो ने रचा एक और कीर्तिमान



संजय श्रीवास्तव

इसरो ने साल के जाते जाते एक इतिहास रच दिया। स्पेडेक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण के साथ ही देश ने अंतरिक्ष में अंतरग्रही अभियानों, गगनयान और मानव सहित चांद पर पहुंचने, वहां से नमूने लाने के कीर्तिमानी कोशिशों की तरफ एक बेहद मजबूत कदम बढ़ा दिया है। उसकी इस छलांग ने देश का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर पहुंच दिया है।

इसरो ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में पहले भी अनेक कीर्तिमानी कार्य किए हैं पर इस साल का उसका यह आखिरी अभियान 'स्पेडेक्स मिशन' का सफलतापूर्वक लांच निःसंदेह ऐतिहासिक है। स्पेडेक्स अर्थात स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट। डाकिंग यानी पृथ्वी की निचली कक्षा में एक अंतरिक्ष यान के दूसरे से जुड़ने की क्षमता, जो भविष्य में मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों और उपग्रह अभियानों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण तकनीक होगी। सही बात तो यह है कि इसके बिना मंगलयान, गगनयान, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के बनने, उसे कार्यरत होने अथवा चांद या अन्य ग्रहों से नमूने लाने की हमारी अंतरिक्षीय महत्वाकांक्षा अधूरी थी। इस एक अभियान की सफलता से कई मनोरथ एक साथ सध सकेंगे। आगामी 7 जनवरी 2025 को इस मिशन के अंतर्गत जब अंतरिक्ष में बुलेट की रफ़्तार से चक्कर लगा रहे दो स्पेसक्राफ्ट्स को आपस में जोड़ा जाएगा, तो अगर मिशन सफल रहा तब हम रूस, अमेरिका और चीन के ऐसा करने वाले दुनिया के महज चौथे देश होंगे। यह ठीक है कि अमेरिका ने यह कारनामा 58 साल पहले, रूस ने 57 और चीन ने 13 बरस पहले कर लिया पर भारत की यह सफलता उनसे कई मायनों में अनूठी है। तमाम अनुबंधों और समझौतों के बावजूद जब किसी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने भारत से यह अत्यंत जटिल प्रणाली और तकनीक प्रक्रिया को साझा नहीं किया तो हमने अपनी स्वदेशी डॉकिंग मैकेनिज्म को विकसित कर इसे श भारतीय डॉकिंग सिस्टम श नाम दिया और इस डॉकिंग सिस्टम पर अपना पेटेंट लिया।

स्पैडेक्स के डिजाइन और निर्माण में यूआर राव सैटेलाइट सेंटर का प्रमुख हाथ है, जबकि दूसरे इसरो केंद्रों वीएसएससी, एलपीएससी, एसएसी, आईआईएसयू और एलईओएस का सहयोग था पर बड़ी बात यह कि उपग्रहों का पूर्ण एकीकरण और परीक्षण बैंगलोर स्थित मेसर्स अनंत टेक्नोलॉजीज में किया गया, जिसे हाल ही में देश के अंतरिक्ष नियामक, द्वारा 'बेनिफीशरी ऑफ ऑपर्चुनिटी' की घोषणा का लाभार्थी नामित किया गया था, आज यह कंपनी भू-स्थिर कक्षा संचार उपग्रह की सेवाएं प्रदान करने वाली पहली निजी भारतीय उपग्रह ऑपरेटर कंपनी है। यह उल्लेख इसलिए कि सरकार द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी ऑपरेटरों के



लिये खोलने का बड़ा लाभ हासिल होता नजर आ रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण मौकों पर इस योगदान को रेखांकित करना आवश्यक है। स्पेडेक्स मिशन के तहत एक ही रॉकेट पीएसएलवी-सी60 के जरिए धरती की 475 किमी ऊपर उसकी वृत्ताकार कक्षा में 55 डिग्री झुकाव पर प्रक्षेपित किए जाने वाले 220 -220 किलो के एसडीएक्स ए और एसडीएक्स बी नामक दो पेलोड को अंतरिक्ष में अलग-अलग जगहों पर छोड़ा गया, जिसका स्थानीय समय चक्र लगभग 66 दिन का और कार्यावधि दो साल होगी। पहले में निगरानी और इमेजिंग के लिए हाई-रेजोल्यूशन कैमरा, दूसरे में संसाधनों की निगरानी और अंतरिक्ष विकिरण अध्ययन के लिए मिनिएचर मल्टी-स्पेक्ट्रल पेलोड के अलावा जैविक अनुसंधान हेतु कुछ उपकरण हैं। इनमें एक चेसर सैटेलाइट होगा, जो दूसरे टारगेट उपग्रह को पकड़ेगा, उससे डॉकिंग करेगा। पृथ्वी के ऊपर 475 किलोमीटर के परिपत्ति पथ में इन्हें एक दूसरे से 30 किलोमीटर दूर स्थापित कर फिर इनके वेग को नियंत्रित करके इन्हें तीन मीटर से अधिक करीब लाकर एक दूसरे से जोड़े जाने की प्रक्रिया यानी डॉकिंग की जाएगी। इस प्रक्रिया के दौरान किसी अंतरिक्ष यान की गति करीब 28,800 किलोमीटर प्रति घंटे होती है जो किसी यात्री विमान की रफ्तार से 35 गुना और बुलेट की स्पीड से 10 गुना अधिक है। इसलिये अंतरिक्ष में सटीक डॉकिंग प्रक्रिया सबसे कठिन होती है। फिर ये दोनों पेलोड तो अपेक्षाकृत बहुत हल्के और छोटे भी हैं। डॉकिंग के बाद दोनों के बीच विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी और फिर उन्हें एक दूसरे से अलग या अनडॉक किया जायेगा। यह जटिल प्रक्रिया प्रक्षेपण के लगभग 9 दिन बाद होगी। यह परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दोनों उपग्रह दो साल तक अंतरिक्ष में माइक्रोग्रैविटी तथा कुछ जैविक प्रयोग करते हुये वही रहेंगे तथा लगातार आंकड़े और चित्र भेजते रहेंगे। स्पेडेक्स की लांचिंग में दो मिनट की देरी इसलिये हुई क्योंकि समान कक्षा में उसी पथ पर कुछ दूसरे उपग्रह भी मौजूद थे। अंतरिक्ष में उपग्रहों की भीड़ है। अकेले स्टरलिंक के 7 हजार उपग्रह चक्कर काट रहे हैं, जो बढकर 12 हजार पहुंचने वाले हैं। बाकी हजारों दूसरे भी हैं। बहुतेरे निष्क्रिय हो मलबे तौरपर हैं इस अंतरिक्षीय कचरे से निबटना एक समस्या है। संभव है कि सैटेलाइट रोबोटिक आर्म के जरिए किसी दूसरे टारगेट क्यूबसेट को पकड़कर अपनी ओर खींचने का तजुर्बा भी करे, इससे न सिर्फ कक्षा में भटके उपग्रहों को सही जगह लाया जा सकता है बल्कि निष्क्रिय उपग्रहों के मलबे की समस्या से भी निबटा जा सकता है। इससे कक्षा में ही किसी उपग्रह की गड़बड़ी सुधारने और रीफ्यूलिंग का तरीका मिलेगा।

## स्पेडेक्स मिशन

यह मिशन अंतरग्रही अभियानों, उन्नत अंतरिक्ष खोजों, भविष्य के चंद्रमा मिशन, ग्रहों के बीच प्रवास और 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' के निर्माण के लिए पथ प्रशस्त करेगा। हमारा लक्ष्य 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर पहुंचाने का है साथ ही 2027 तक चंद्रयान-4 मिशन से चंद्र नमूने लाने का भी है। इन सबके लिये यह मिशन अनिवार्य था। हम जिस श भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन श की योजना बना चुके हैं उसमें पांच मॉड्यूल होंगे, जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ ले जोड़ना होगा, पहला साल 2028 में लॉन्च होगा। इस तकनीक के बिना उनका जुड़ना असंभव था। स्पेस स्टेशन बनाने और उसके बाद वहां जाने-आने तथा धरती से आपूर्ति पहुंचाने के लिये भी इस तकनीक की आवश्यकता है। यदि यह तकनीक हासिल नहीं होगी तो इसरो के अगले चंद्र मिशन चंद्रयान-4 के लिए दो अलग-अलग लॉन्च और अंतरिक्ष में उनकी डॉकिंग असंभव थी। स्पेडेक्स अभियान के दौरान इसरो द्वारा कई विशेष परीक्षण वास्तविक परिस्थितियों में किए जाने का अवसर प्राप्त होगा। जैसे डॉकिंग के अंतिम चरण का परीक्षण करने के लिए डॉकिंग मैकेनिज्म परफॉर्मेंस टेस्ट, नियंत्रित परिस्थितियों में डॉकिंग तंत्र का परीक्षण करने के लिए वर्टिकल डॉकिंग एक्सपेरिमेंट लेबोरेटरी और रीयल टाइम सिमुलेशन के साथ रेंडेजवस सिमुलेशन लैब जो इसके एल्गोरिदम को जांचेगा।

इनके अलावा सटीक माप लेने वाले कई नए सेंसर जैसे लेजर रेंज फाइंडर, रेंडेजवस सेंसर और डॉकिंग सेंसर का परीक्षण भी लगे हाथ हो जायेगा, एक नितांत नये प्रोसेसर की भी आजमाइश होगी। यह सब भविष्य के मिशनों के लिए पूरी तरह से ऑटोनॉमस सिस्टम हेतु प्रस्थान बिंदु बनेगा। अभियान में इसरो पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल के तहत अपने 14 पेलोडॅ और 10 गैरसरकारी संस्थाओं, स्टार्ट-अप और शैक्षणिक संस्थानों के पेलोड भी जा रहे हैं जो अंतरिक्ष में विकिरण, आंत की बैक्टीरिया तथा हरित नोदक के अलावा वहां की माइक्रोग्रेविटी संबंधित कई प्रोद्योगिकी संबंधित प्रयोग करेंगे। पहली बार मल्टीस्पेक्ट्रल पेलोड का उपयोग अंतरिक्ष में प्राकृतिक संसाधनों और वनस्पति की निगरानी के लिए किया जाएगा। पहली बार होगा जब इसरो अपने अंतरिक्ष मिशन के तहत जैविक प्रयोग करेगा और वहां लोबिया के 8 बीज उगाने के साथ दो पत्ती वाले चरण तक पौधे की वृद्धि की निगरानी करेगा। कुल मिलाकर इसरो का यह मिशन सफल रहा तो पृथ्वी से लगभग 470 किलोमीटर की ऊंचाई पर हम उसका यह कीर्तिमानी कमाल देखेंगे जिसके चलते अंतरिक्ष के क्षेत्र में रूस, अमेरिका और चीन के बाद ऐसा करने वाले हम चौथे देश बन जायेंगे।

# चुनावी रेवड़ी पर घमासान

चुनावी मौके पर आम आदमी पार्टी पूरी तरह फॉर्म में आ गयी है। अपनी चिर-परिचित रेवड़ी सियासत को आगे बढ़ाते हुए पार्टी खोज-खोज कर लोगों को उपकृत कर रही है या उपकृत करने वायदा कर रही है। महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना पर हुए सियासी विवाद और घमासन के बीच आम आदमी पार्टी ने पुजारी, ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा करते हुए इसमें पंजीकरण शुरू कर दिया है। दरअसल यह पंजीकरण सिर्फ यह बताने के लिए है कि पार्टी ऐसा करने जा रही है। यह योजनाएं तभी शुरू हो सकती हैं जब आप दिल्ली में फिर से जीतकर आयेगी। इसलिए इस पंजीकरण को वैधानिक महत्व नहीं है। क्योंकि जब योजना शुरू होगी, तो जो विभाग इसे लागू करेगा उसके यहां पंजीकरण होगा और वही मान्य होगा। यह सिर्फ सियासी स्टंट है। हां इसी बहाने पार्टी कार्यकर्ता संभावित लाभार्थियों तक पहुंचते हैं और उनको योजना की लालच देकर वोट मांगते हैं। केजरीवाल पहले भी फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस यात्रा, फ्री तीर्थयात्रा, ऑटो चालकों को वर्दी भत्ता, आदि देकर देश में रेवड़ी सियासत के सिरमौर बन चुके हैं। अब उन्होंने दस साल तक सरकार चलाने के बाद तमाम चुनौतियों एवं आरोपों के बीच रेवड़ी सियासी की नयी खेप लांच कर विरोधियों को भी गच्चा दे दिया है। दरअसल आम आदमी पार्टी सरकार चलाने और सियासत करने के तमाम मानदंडों को फिर से गढ़ रही है। उसकी दिल्ली और पंजाब में सरकार लेकिन कहीं भी विकास और अर्थव्यवस्था की चिंता करने के बजाय सिर्फ रेवड़ी बांटकर चुनाव जीतने का अचूक फार्मूला खोज लिया है। भारत राज्यों का संघ है और जब सभी राज्य बेहतर करेंगे तभी देश की आर्थिक प्रगति संतोषजनक हो सकती है। देश की आर्थिक विकास दर चालू वित्त-वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 फीसदी आंकी गई है। इसमें भी कुछ अतिशयोक्ति है, कुछ विरोधाभास भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट-पूर्व के विमर्श में विकास-दर 8 फीसदी की इच्छा व्यक्त की थी। दरअसल विकास दर जब तक ऊंची नहीं होगी तब तक भारत 'विकसित देश' बनने की शुरूआत तक नहीं कर सकता। हमारे भाजपा-कांग्रेस से लेकर द्रमुक-टीडीपी और आम आदमी पार्टी ( आप ) तक, अधिकतर क्षेत्रीय दल अर्थव्यवस्था की हकीकत समझने को तैयार नहीं हैं और मुफ्त रेवड़ियां परोस कर चुनावी वैतरणी पार करना चाहते हैं। ऐसा लगातार किया जा रहा है, जबकि राज्यों पर भारी कर्ज भार है। देश पर भी बहुत अधिक कर्ज है। फिर भी रेवड़ियों की सियासत यह बताती है कि नेताओं और पार्टियों को विकास से कोई लेना देना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी आगाह करते रहे हैं कि रेवड़ियां बांटने का रिवाज देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर सकता है, जबकि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को प्रयासरत है। चूंकि 2025 का पहला चुनाव दिल्ली में है लिहाजा केजरीवाल और आप की रेवड़ीदार घोषणाएं ज्यादा प्रासंगिक लगती हैं और चिंतित भी करती हैं। इसी कड़ी में आप ने ताजा घोषणा यह की है कि दिल्ली में आप सरकार मंदिर के पुजारियों और सिखों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये माहवार का मानदेय देगी। ऐसी ही घोषणा केजरीवाल ने 240 इमामों के लिए की थी। हालांकि इस मामले में सर्वोच्च अदालत ने दखल देकर फैसला सुनाया था कि वक्फ़ की आमदनी में से इमामों को मानदेय दिया जाये। लेकिन प्रावधान तय किया गया कि वक्फ़ की राशि भी दिल्ली सरकार के जरिए ही दी जायेगी। उसमें भी बीते 17 महीनों से इमामों को मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। अब इमाम केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि उनको लंबे समय से मानदेय नहीं मिला है। अब ग्रंथियों और पुजारियों को भी मानदेय का वायदा किया जा रहा है। आप की रेवड़ी सियासत से स्पष्ट है कि कोई भी पार्टी इस मामले में मुकाबला नहीं कर सकती है। दरअसल आम आदमी पार्टी चुनाव जीतते ही अगले चुनाव में क्या-क्या फ्री करना है, कौन-कौन सी रेवड़ी देनी है, इस पर काम करने लगती है। अब इससे विकास प्रभावित हो या किसी की राजनीति, अपना काम तो बनता है।



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में सियासी रेवड़ियों की एक नयी खेप को लांच कर, एक बार फिर अपने सियासी विरोधियों को इस मामले में पीछे कर दिया।

## विचार

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

## सोशल मीडिया

प्रयागराज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रांत संघचालक आ. डॉ. विश्वनाथ लाल निगम जी के आवास पहुंचकर उनसे आत्मीय भेंट की और विभिन्न विषयों पर वार्ता की। केशवप्रसाद मौर्य.



पुजारी, ग्रंथी सम्मान योजना के एलान से देश भर से फोन और मैसेज आ रहे हैं, सभी धार्मिक लोग बहुत खुश हैं, दिल्ली के पुजारी, ग्रंथी मिलने आये, सभी ने आशीर्वाद दिया। अरविंद केजरीवाल.



देश-दुनिया भर में रहने वाले सभी भारतीयों तथा उनके परिवार के लोगों को नये साल 2025 की हार्दिक बधाई एवं सुख शांति, समृद्ध और मंगल जीवन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मायावती.



# भोग प्रधान संस्कृति

## अंतर्दृष्टि

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# उत्तम किस्म के चमचे चाहिए

## व्यंग्यलोक

वह परीक्षा किस काम की जिस में पेपर आउट ना हो! प्रश्नों को हल करने में किसी प्रकार का डाउट ना हो! हर एक वोटर को देना होगा इसका खर्चा। चुनाव प्रचार में दलदल पार्टी का नेता वोटरों के आगे प्रतिदिन अपनी नाक को 1.1 मिलीमीटर घिसता रहा। रबड़दल पार्टी का नेता अपनी नाक 1.2 मिलीमीटर घिसता है। चुनाव परिणाम के दिन दलदल पार्टी की नाक 5.5 मीटर घिस चुकी थी जबकि रबड़दल पार्टी की नाक 5 मीटर ही घिसी बताइए दोनों ने कितने कितने दिन चुनाव प्रचार किया? सामान्यतया वोटरों में शराब बांटने से 1.7 प्रतिशत, रुपए बांटने से 1.2 प्रतिशत और कपड़े बांटने से 0.7 प्रतिशत वोटों की वृद्धि होती है। एक पार्टी अपने वोटों को पिछले चुनावों की तुलना में 17.5 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, तो बताइए उसे 60 करोड़ वोटरों के लिए कितनी मात्रा में शराब कपड़े और रुपयों की व्यवस्था करनी पड़ेगी? एक विरोधी नेता की सभा में हंगामा मचाने के लिए 10 उत्तम किस्म के चमचे चाहिए। इस किस्म के एक चमचे पर कुल 0.4 लाख रुपयों का खर्चा पड़ता है। एक पार्टी ने ऐसे चमचों पर 11.5 करोड़ रुपए खर्च किए तो बताइए उसने कुल कितनी विरोधी सभाओं में हंगामा मचाया? एक पार्टी अपने फंड में 30 प्रतिशत रुपए भ्रष्टाचार से 10 प्रतिशत रूपए कमीशन से 25 प्रतिशत रुपए रिश्वत से 20 प्रतिशत रुपए ट्रांसफर से व शेष रुपए चंदे से जमा करती है। यदि पार्टी फंड में इस वर्ष 8000 करोड़ रुपए जमा हुए तो बताइए पार्टी ने ट्रांसफर बिजनेस में कितना रुपया कूटा? ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर के किसी विरोधी गुट के नेता को तोड़ने में दी जाने वाली राशि का अनुपात 1:2:3 का रहता है। अगर कोई पार्टी विरोधी गुट के जिला स्तरीय नेता को 0.7 करोड़ में तोड़ती है, तो उसे राज्य स्तरीय 8 नेताओं को तोड़ने में कितने रुपयों की जरूरत होगी? एक पार्टी ने दलित वोटों के लिए 500 कैरेट शराब, पिछड़े वोटों के लिए 400 टन कबाब और सवर्ण नोटों के लिए 570 शबाब की व्यवस्था की, बताइए पार्टी को मिलने वाले वोटों में दलित, पिछड़े व सवर्ण के वोटों का कितना अनुपात रहेगा? एक नेता को तोड़ने में 5 करोड़ रुपए व चार सुंदरियों की जरूरत होती है। पार्टी को सरकार बनाने के लिए 38 नेताओं की जरूरत है। बताइए सरकार बनाने के लिए उसे कितने रुपए व कितनी सुंदरियों की जरूरत होगी। चुनाव जीतने में एक नेता ने 10 करोड़ खर्च किए व मंत्री पद उसने 15 करोड़ में खरीदा। अगर उसे प्रति भ्रष्टाचार 5 लाख प्रति कमीशन डीलिंग 3 लाख व प्रति ट्रांसफर 1 लाख रुपयों की आय होती है। तब बताइए कि उसे कुल कितने भ्रष्टाचार, कमीशन और ट्रांसफर केस डील करने होंगे ताकि वह नेता व्यवसाय में अपनी लागत का 5 गुना रुपया आराम से निकाल सके?



रामविलास जॉगिड़

# खान-पान में बदलाव कर बनायें हेल्दी फिटनेस



स्वास्थ्य/फिटनेस

राजकुमार दिनकर

घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना। काम की अधिकता और समय की कमी के कारण दिन भर अस्त-व्यस्त रहना। अनियमित दिनचर्या जीना। ये कुछ ऐसी बातें हैं जिनके चलते हमारा स्वास्थ्य बर्बाद होता है और सबसे पहले ये हमारी बढ़ी हुई तोंद के रूप में सामने आता है। यह अकारण नहीं है कि आज हर पांचवां नौजवान औसत से ज्यादा मोटा और हर आठवें नौजवान की तोंद बाहर निकली हुई है। यह अलग बात है कि युवाओं की तोंद अधेड़ों जितनी तीखी या स्पष्ट नहीं दिखती। लेकिन नाभि के पास से अगर पेट खींचने पर पेट का एक बड़ा हिस्सा रबर की तरह खिंच जाए या हाथ पर आ जाए तो समझो तोंद निकल रही है।

कई बार यह तोंद हमारे लिए इंबैरेसमेंट की वजह भी बन जाती है। लेकिन अगर हम इससे शर्मिंदा न भी हों तो भी तो यह हमारे लिए कई किस्म की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वजह तो बनती ही है। सवाल है इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है ? आप कहेंगे लाइफस्टाइल। अगर लाइफस्टाइल जिम्मेदार है तो इसे बदल दो। आप कहोगे आपके लिए यह संभव नहीं है क्योंकि बाजार की यही डिमांड है। अगर लाइफस्टाइल बदलना संभव नहीं है क्योंकि भूमंडलीकरण के चलते दुनिया आपस में एक जैसा जीवन जीने के लिए बाध्य है तो पूरी दुनिया का यही हाल है ? इस सवाल का जवाब है-ह्यनहींह्व। दुनिया में और कहीं भी युवाओं के स्वास्थ्य का ऐसा हाल नहीं है, जैसे हमारे यहां होता जा रहा है। वास्तव में हम हिंदुस्तानी चाहे युवा हों या अधेड़ इस राय को बेहद संजीदगी से मानते हैं कि आराम सबसे बड़ी चीज है...। हम लोग कसरती काम को बिल्कुल भी तरजीह नहीं देते हैं। हर चैथा हिंदुस्तानी कसरत से जी चुराता है चाहे वह युवा हो या अधेड़। एक्सरसाइज करते भी हैं तो दौड़ने या तैरने जैसी एक्सरसाइज से बचते हैं, इसकी जगह बागो-बहार में टहलना पसंद करते हैं। 50 प्रतिशत युवा मानते हैं स्वास्थ्य की चिंता करना तो बुड्ढों का काम है, हम क्यों इसे लेकर परेशान रहें क्या हम कोई बुड्ढे हैं ? कुल मिलाकर कहने की बात यह है कि निकलती तोंद लाइफस्टाइल या बदले हुए वर्क नेचर का नतीजा नहीं बल्कि स्वास्थ्य को लेकर हमारे जागरूक न होने का नतीजा होती है। सवाल है इस बढ़ती हुई तोंद पर कैसे काबू पाया जा सकता है? अगर आपकी तोंद निकली हुई है तो आपके लिए पुदीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से इसकी चटनी और पुदीने से बनी चाय पीजिये। जल्द ही मोटापे से निजात मिलेगा और तोंद से भी। आपके लिए सौंफ भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके लिए आधा चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और फिर करीब 10 मिनट तक के लिए इसे ढककर रख दें। इसके बाद इस पानी का सेवन करें। लगातार तीन महीने तक ऐसा करने से वजन में फर्क पड़ेगा और मोटापे में भी। मूली को सलाद में तो खाते ही होंगे। अब इसके रस का भी सेवन करना शुरू करिए। दो बड़े चम्मच मूली के रस में शहद मिलाकर बराबर मात्रा मिलाकर इसे पानी के साथ पीयें। एक महीना ऐसा करने से आपके वजन में निश्चित फर्क दिखेगा। टमाटर और प्याज भी फैट कम करने में काफी फायदेमंद साबित होते हैं। इसके लिए खाने के साथ टमाटर और प्याज के सलाद पर काली मिर्च और नमक डालकर खाइए। इससे बढ़ता वजन कम होने लगेगा। साथ ही शरीर में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन के, आयरन, पोटैशियम, लाइकोशपीन और ल्यूटिन भी पहुंचेगा।

करेले की सब्जी खाने से भी वजन में फर्क पड़ता है। इसके लिए कम तेल में कटे हुए करेले की सब्जी खाएं न कि तले हुए करेले। ग्रीन टी भी मोटापा कम करने में सहायक है। ग्रीन टी का सेवन शुरू करें बिना चीनी और दूध। इसमें मौजूद एंटी ऑक्सिडेंट्स आपके चेहरे से झुर्रियों को भी हटाता है और साथ ही साथ वजन को भी नहीं बढ़ने देता। लौकी का जूस वजन घटाने का एक अच्छा माध्यम है। इससे आपका पेट भी भरा रहता है और लौकी में मौजूद फाइबर भी शरीर को स्वस्थ रखते हैं। जाहिर है मोटापा तो कंट्रोल में रहता ही है। हरी मिर्च भी आपके अभियान में सहायक बन सकती है बशर्ते तीखी हो और उसे खाते हुए बार बार आप पानी न पीयें। आपके लक्ष्य को हासिल करने में गाजर की भी काफी उपयोगिता है। इसके लिए करें ये कि खाना खाने से कुछ देर पहले गाजर खाएं।

## आपकी बात

### रोजगारपरक उद्यमों को बढ़ायें

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। वैश्विक तनाव ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे युद्ध ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.**

### महंगाई पर लगायें लगाम

आरबीआई के महंगाई कम करने के प्रयासों का असर दिखायी नहीं दे रहा है। दरअसल आरबीआई के प्रयासों का असर ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, रीयल एस्टेट आदि पर ही अधिक पड़ता है। दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाले दूध, सब्जी, खाद्य तेल, मसालों आदि पर इसका कोई विशेष असर नहीं पड़ता है। यही कारण है कि आरबीआई के प्रयासों के बावजूद बीते अक्टूबर महीने में हरी सब्जियों, प्याज, फल, लहसुन की कीमतें बढ़ीं। त्योहारों का असर भी हुआ और इस कारण अक्टूबर महीने में मुद्रास्फीति 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। लेकिन यह बहुत अधिक दिनों तक परेशान नहीं कर पायेगी। सर्दी का मौसम शुरू होते ही हरी सब्जियों, साग, फल आदि की आपूर्ति बढ़ेगी और फिर महंगाई की दर सामान्य हो जायेगी। अक्टूबर में खुदरा महंगाई की दर 6.2 फीसद रही। यह बीते 14 माह में सबसे अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक के 4-5 फीसदी के संतोषजनक स्तर से भी अधिक। देश में हरी सब्जियों की कीमतें अक्टूबर में 42.2 फीसदी तक बढ़ी हैं। खाद्य और शीतलपेय वाले समूह में महंगाई सितंबर में 8.36 फीसदी थी, लेकिन अक्टूबर में बढ़ कर 9.69 फीसदी तक पहुंच गई। प्याज और लहसुन ने एक भी एक बार फिर से लोगों को परेशान किया। सब्जियां ही नहीं, अनाज, दालें, खाद, खाद्य तेल और खेती के लिए अनिवार्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। किसानों को रबी की बोआई भी करनी है। लेकिन बाजार में खाद का संकट है। खाद की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। खाद की जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, वह अब कम कर दी गई है। लेकिन दाम बढ़े हैं।

**अशोक कुमार राय, लखनऊ.**

संक्षेप

### दबंगों ने मां-बेटी को पीटा, केस दर्ज

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चैकी देवगांव अंतर्गत दुर्गन गांव में दलित महिला के घर में घुसकर मां और बेटियों की जमकर पिटाई करने के मामले में कुमारगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर एससी एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में महिला समेत आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मिली जानकारी के मुताबिक कुमारगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चैकी देवगांव अंतर्गत पालपुर दुर्गन गांव निवासिनी विद्यावती ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि मैं अपनी बेटी संजू और पूजा के साथ घर में मौजूद थी तभी गांव के संदीप यादव, विंध्य प्रसाद, रिंकू यादव भद्दी भद्दी गाली देते हुए घर में घुसकर मारने-पीटने हुए खींचकर आरसीसी की विपक्षी अंतिमा यादव, अमृका यादव, कांति यादव, अवधेश कुमार और दिवाकर ने मिलकर लात घूसों से जमकर मारा पीटा तथा जाति सूचक गाली भी दी। प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर एससी एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर मेडिकल को भेजते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# नये साल पर बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालु



- सूर्यकुंड व गुप्त हरि गार्डन में पर्यटकों का लगा जमावड़ा
- दो लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या।** नववर्ष पर पहली बार अयोध्या में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी।8 से 10 लाख के बीच लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। भारी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन के साथ-साथ अन्य स्थलों का भी जमकर लुत्फ उठाया। इन सब में अयोध्या का गुप्त हरि गार्डन लोगों की पहली पसंद बनी रही। अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पर्यटन की दिशा में तेजी से विस्तार हो रहा है।योगी सरकार ने पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इसके साथ ही कई स्थलों का जीर्णोद्धार भी कराया है।

इसमें 2017 से पहले बदहाल रहा अयोध्या के कैंट स्थित गुप्त हरि गॉर्डन और दर्शन नगर का सूर्यकुंड भी शामिल है। जहां पर आज बड़ी संख्या सैलानी पहुंच रहे हैं। नए वर्ष पर रामलला के दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। इतने ही श्रद्धालु हनुमानगढ़ी पर भी पहुंचे।योगी सरकार की ओर से गुप्तारघाट का जीर्णोद्धार कराने के बाद इसका स्वरूप ही बदल गया है।

नव वर्ष के पहले दिन यहां मेले जैसा माहौल रहा। 10 हजार से भी अधिक लोगों ने गुप्त हरि गार्डेन में लुत्फ उठाया। देर शाम तक यहां भीड़ बनी रही। दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड पर सात हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। शाम के समय चलने वाले फाउंटेन शो का लोगों ने लुत्फ उठाया। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त हरि गार्डन व सूर्यकुंड जैसे धार्मिक स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विस्तार किया गया है, ताकि राम मंदिर में दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालु यहां आकर इन स्थलों की आभा भी निहार सकें। वहीं हाल ही में राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत तैयार हुए मिरर इमेज भूल भुलैया का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में बनी इस भूल भुलैया में शाम तक दो हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि भूल-भुलैया जैसे अन्य पर्यटन स्थलों को तैयार कराया जा रहा है।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज की प्रहरीः अशोक सैनी

**सोहावल- अयोध्या।** नई शिक्षा नीति के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर आधारित पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ विकास खण्ड के चैधरी चरण सिंह सभागार में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी ने किया।आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समाज का प्रहरी बताया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यशाला की रूप रेखा कोर्स डायरेक्टर बाल विकास परियोजना अधिकारी डाक्टर अनीता सोनकर ने रखी। कहा कि 2 से 4 जनवरी तक संचालित होने वाले इस प्रशिक्षण प्रतिदिन 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बुलाया जायेगा। इन्हें प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं पढ़ाई पर बच्चों एवं महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य के संबंध में विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया जायेगा। कार्यक्रम में बाल विकास विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं तथा राकेट लर्निंग एवं उमाया फाउंडेशन आदि का भी सहयोग लिया जायेगा। प्रथम सत्र में प्रशिक्षक के रूप में बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर मीनाक्षी पाण्डेय भी उपस्थित रहीं |बाल विकास परियोजना सोहावल में कार्यरत मुख्य सेविका श्रीमती शशि वर्मा श्रीमती सुमन लता एवं श्रीमती आशा देवी ब्लाक कोआर्डिनेटर सौरभ तिवारी तथा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां प्रशिक्षण में उपस्थित रहीं।

### नाले में गिरकर अधेड़ की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**अयोध्या।** कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के समाहा कला में एयरपोर्ट के लिए खोदवाए गए नाले में गिरकर बुधवार की देर रात एक अधेड़ की मौत हो गई। परिजन रात भर उन्हें खोजते रहे लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। बृहस्पतिवार की सुबह उनका शव घर के बगल ही नाले में पड़ा मिला तो हलचल मच गई। काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और आक्रोश जताया। गांव निवासी 45 वर्षीय रामचरन यादव बुधवार की रात घर से निकले थे। इस बीच संदिग्ध परिस्थितियों में घर से सटे हुए नाले में गिर गए। सुबह काफी संख्या में परिजन और ग्रामीण एकत्र हुए और पुलिस बुलवाई गई। मृतक के भाई राम मूरत यादव ने बताया कि प्रशासन ने नाला खोदवाया और खुले में ही छोड़ दिया है। आने-जाने के लिए भी रास्ता नहीं बचा है। इस वजह से यह मौत को दावत दे रहा था। प्रशासन के अनदेखी की वजह से हादसा हुआ है। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि शिवचरण की नाले में गिरकर मौत की सूचना आज सुबह पुलिस को मिली।

### मोहिउद्दीनपुर में संचालित वृहद गौ आश्रय पहुंचे डीएम, किया निरीक्षण



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने तहसील नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहिउद्दीनपुर में संचालित वृहद गौ आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डी0एम ने पशुओ के चारा-पानी की उपलब्धता समेत अन्य सुविधाओ की स्थिति का जायजा लिया। तथा सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बंकी, अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 250 छात्राओ को चिकित्सकों की टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण



**बाराबंकी।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा माध्यमिक की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रधानाचार्य नंदिता सिंह की अध्यक्षता मे विद्यालय के 250 छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाटा बरौली चिकित्सक डॉ0 विजय कुमार पाल, डॉ0 प्रियंका भाषा वार, डॉ0 पूजा वर्मा, डॉ0 आशीष वर्मा की टीम ने 250 छात्राओं का नेत्र रोग, स्त्री रोग, बुखार एवं अन्य रोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। तथा उनके विकार दूर करने के उपाय बताये।

### भारतीय परिधान धोती कुर्ता पहनने वाले जनप्रतिनिधियो का हुआ सम्मान



- धर्मसेवको ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**बाराबंकी।** भारतीय परिधान धोती कुर्ता पहनने वाले जनप्रतिनिधियो को धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र0 संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे धर्मसेवको ने सम्मानित किया। धर्मसेवको ने पूर्व एमएससी रामपाल वर्मा, उ0प्र0 अनुसूचित जाति एंव जनजाति आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश सिंह को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर एससीएसटी आयोग अध्यक्ष श्री रावत ने कहा कि यह भारतीय संस्कृति की ही देन है कि आधुनिक मनु डॉ0 भीमराव राम अबेडकर ने एक ऐसी व्यवस्था दी है जिसमें कोई भी व्यक्ति आगे बढ़ सकता है जिसका एक उदाहरण मैं स्वयं हूं। इस अवसर पर आर0के वर्मा, पंकज सिंह, अंकित जायसवाल, अजय त्रिवेदी मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

जिला संवाददाता(vol)



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** तहसील परिसर में गुरुवार को अधिवक्ता भवन में बार एसोसिएशन मिल्कीपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष रमेश पांडेय, उपाध्यक्ष विश्वनाथ मिश्र, महामंत्री सूर्य नारायण द्विवेदी सहित श्रीप्रकाश पांडेय, रामसवारे,जितेंद्र कुमार सिंह, शशिभूषण मिश्र,संदीप शुक्ल को शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता देश की रीढ़ है स्वतंत्रता संग्राम में अधिवक्ताओ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जेल भी गए।चैरी चैरा कांड में सजा भी हुई। डाक्टर राजेन्द्र ने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई। अधिवक्ता का दायित्व है की निष्पक्ष रूप से अपने मुअक्किल को न्याय दिलाये।न्यायाधीश दोनों पक्षों को सुनकर आदेश करता है उसका सम्मान करना चाहिए। समारोह में खाद एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता देश की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी, डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि महापुरुषों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई यह लोग भी अधिवक्ता थे अधिवक्ता ही समाज के कमजोर व मजबूर लोगों को कानूनी सहायता प्रदान कर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत 21वीं सदी में दुनिया का सिरमौर बनेगा वह सपना आज पूरी तरह सरकार होता दिख रहा है, विकसित भारत की कल्पना साकार हो रही है हमारी पीढ़ियों ने 500 वर्षों तक जिस सम्मान के लिए संघर्ष किया था वह आज पूरा हुआ है, अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का सपना साकार हुआ है, आपको तय करना है कि आने वाली पीढियां को कैसा भारत देना है। उन्होंने कहां की जो गलती अयोध्या के संसदीय चुनाव में जो गलती हुई है उसकी भरपाई मिल्कीपुर के उपचुनाव में करने की आवश्यकता है। अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता नीति निर्धारक होता है समाज व देश कैसे आगे बढ़े इसके लिए अधिवक्ता है, नीतियां बनाते हैं जिस पर लोग चलते हैं, गरीबों मजलूमों को न्याय कैसे मिले इसकी रूपरेखा भी अधिवक्ता ही तैयार करता है, अयोध्या में एक राजनीतिक दुर्घटना संसदीय चुनाव में हुई थी, अयोध्या हमारी संस्कृति का केंद्र बिंदु है इस पर कुठाराघात हुआ अयोध्या के लोगों को सोचना होगा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो।इस मौके पर ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश अनुज सिन्हा, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, अमित मिश्रा, सतीश तिवारी कालिका तिवारी, विनोद वाजपेई, विजय कुमार उपाध्याय , भगवती सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### एआरटीओ ने की बस आपरेटरों के साथ बैठक

**बाराबंकी।** महाकुम्भ-2025 के लिये श्रद्धालुओ के लिए सुगम परिवहन व्यवस्था हेतु अस्थायी बस अड्डा स्थापित किये जाने को लेकर उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय पर बस यूनियन पदाधिकारियो के साथ बैठक हुई। बैठक मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि महाकुम्भ-2025 में परिवहन निगम तथा प्राइवेट बसे दोनों संचालित होगी। प्रदेश के सभी जनपदों में परिवहन निगम की बसों हेतु अपने बस अड्डों की व्यवस्था स्थापित है। लेकिन जनपद में प्राइवेट बसों के संचालन हेतु प्रायः बस अड्डों की व्यवस्था नहीं है। एआरटीओ ने बस आपरेटरो से जनपद में एक अस्थायी प्राइवेट बस अड्डा स्थापित कर महाकुम्भ की सम्पूर्ण अवधि के दौरान संचालित करने, पार्किंग स्थल की एप्रोच रोड़ की पर्याप्त चैड़ाई, प्रवेश एवं निकास के लिए पृथक मार्ग की व्यवस्था, बसों की पर्याप्त पार्किंग, श्रद्धालुओ के विश्राम तथा रैन बसेरे के साथ-साथ अलाव की व्यवस्था, निर्वाध विद्युत आपूर्ति तथा प्रकाश विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, 247 संचालित हेल्प डेस्क तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मेडिकल कैम्प एवं एम्बुलेन्स की व्यवस्था, पीने एवं भोजन, बनाने हेतु टैंकर के माध्यम से शुद्ध पेयजल, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, अस्थायी बस अड्डे को शहर से जोड़ने के लिए आटो रिक्शा, ई-रिक्शा की कनेक्टिविटी, महिलाओं तथा पुरुषो हेतु पृथक मोबाइल टॉयलेट, अस्थायी शौचालय की व्यवस्था, सम्पूर्ण परिसर में नियमित साफ-सफाई एवं फगिंग की व्यवस्था, स्थानीय आवश्यकता के अनुसार अन्य आवश्यक जन सुविधा कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक मे यातायात प्रभारी रामयतन यादव, बस आपरेटर ओमप्रकाश, मो0 फैजान, मो0 अतीक, मो0 ताहिर, हाजी एजाज, मो0 मेराज मौजूद रहे।

# ओवरलोड , अनफिट वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने की सख्त कार्यवाही

- रिफ्लेक्टिव टेप न मिलने पर ट्रैक्टर-ट्राली पर लगाया जुर्माना
- 7 वाहन सीज, 15 वाहनो के चालान



**बाराबंकी।** बकाया टैक्स, ओवरलोड़, अनफिट वाहनो, अनाधिकृत डग्गामार के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान का असर देखने को मिल रहा है। इस दौरान दर्जनो अनाधिकृत डग्गामार, ओवरलोड़, बकाया टैक्स मिलने पर 7 वाहनो को सीज किया गया। तथा 15 वाहनो के चालान किये गये। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर यात्री/मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी की टीम ने अनाधिकृत डग्गामार, बकाया टैक्स, ओवरलोड़ मिलने पर 7 वाहनो को मोहम्मदपुर चैकी मे बंद किया। तथा 15 वाहनो के चालान किये। इसके साथ ही हाइवे से गुजरने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियो का चालान करते हुये रेटो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने के सख्त निर्देश दिये।

# ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल



**अयोध्या।** नव वर्ष के अवसर पर अयोध्या के नयाघाट क्षेत्र में जन चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और रुदौली विधायक राम चंद्र यादव ने लगभग 1000 जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित किए। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस कड़ाके की सर्दी में गरीब और जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए यह छोटा सा प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गरीबों असहायों को हम क्या-क्या व्यवस्थाएं दे सकते हैं इसको लेकर निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसको लेकर चिंतित भी रहते है ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था, कंबल की व्यवस्था के लिए निर्देशित भी करते रहते हैं, इसी क्रम में लोगों को कंबल का वितरण किया गया है। और ठंड में लगातार कंबल वितरण का कार्यक्रम जारी रहेगा। उन्होंने जनकल्याण के लिए चल रही योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा राशन वितरण, आवास योजना, उज्जवला योजना, और अन्य कई योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग की सहायता की जा रही है। वेद प्रकाश गुप्ता ने यह भी बताया कि सरकार का लक्ष्य हर गरीब तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है ताकि कोई भी व्यक्ति किसी भी आवश्यकता से वंचित न रहे। रुदौली विधायक राम चंद्र यादव ने भी इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे समाज कल्याण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दौरान संजय शुक्ला, लालजी मिश्र, बाल कृष्ण वैश्य,हरभजन गोंड,दिनेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को स्वेटर , ड्रेस, जूता का वितरण



**बाराबंकी।** सिटी इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को स्वेटर, ड्रेस, जूता का वितरण किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि प्रबंधक सरदार आलोक सिंह ने भगवान श्री गणेश व माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम मे आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओ को प्रधानाचार्य वी0पी सिंह व मुख्य अतिथि प्रबन्धक श्री सिंह ने स्वेटर, ड्रेस, जूता का वितरण किया। तथा सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय पहुंचने और ध्यान लगाकर पढ़ाई करने को प्रेरित किया।

### लाखों खर्च फिर भी सामुदायिक शौचालय पर लटक रहे ताले




**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। ताकि लोग खुले मे शौच न करे। जिसके लिये भारी धनराशि खर्च कर महिला-पुरुष शौचालयो का निर्माण करवाया गया। लेकिन जिम्मेदारों की उपेक्षा से शौचालय निर्माण सार्थक नहीं हो रहा। जिसका जीता जागता उदाहरण विकासखंड पूरेडलई के ग्राम कूढा में सामुदायिक शौचालयों पर लगे ताले को देखकर लगाया जा सकता है। ग्राम पंचायत कूढा में शौचालय बनने के बाद ताला लगा दिया गया है। इसमें एक दिन भी जरूरतमंद को जाने का मौका नहीं मिला। लोग खुले में शौच जाने को विवश हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी गांवों मे जाना और जन सुविधाओं व समस्याओं को जानना नहीं चाहते। लिहाजा ब्लाक में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए शौचालय निरर्थक साबित हो रहे हैं।

रीता देवी ने बताया कि सालो से सामुदायिक शौचालय में ताला लटक रहा है। इसे अभी तक लोगों के लिए चालू नहीं किया गया है। राघवेंद्र ने बताया कि सामुदायिक शौचालय बना होने के बावजूद महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। बरसात के मौसम में दिक्कतें होती हैं। अधिकारी इसे चालू कराएं तो लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। इस सम्बन्ध मे एडीओ पंचायत योगेंद्र प्रताप ने बताया कि 10 से 5 बजे तक केयरटेकर वहां पर रहता है और सामुदायिक शौचालय चालू है।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का संशोधित कार्यक्रम निर्धारित

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच ।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधान के कारण 01 सप्ताह के राष्ट्रीय शोक के उपरान्त ग्रामीण खेल लीग अन्तर्गत 03 से 07 जनवरी 2025 तक एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, बैडमिंटन, कबड्डी, वालीबाल, फुटबाल विधाओं में ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 दिसम्बर से 01 जनवरी 2025 तक ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होनी थी परन्तु पूर्व प्रधानमंत्री के निधन के कारण आयोजन को स्थगित कर दिया गया था ।डी.ओ. पी.आर.डी. ने बताया कि 02 व 03 जनवरी को ब्लाक पयागपुर अन्तर्गत बी.आर.सी. खेल मैदान पुरानी तहसील पयागपुर, 03 व 04 को ब्लाक अन्तर्गत सहादज इण्टर कालेज नानपारा, हुजूरपुर के ग्रामीण स्टेडियम हुजूरपुर व मिहींपुरवा के ग्रामीण स्टेडियम सेमरहना, 04 व 05 को कैसरगंज के परमहंस डिग्री कालेज, महसी के स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज, शिवपुर के राम प्यारे शिव शंकर इण्टर कालेज शिवपुर व विशेश्वरगंज के जय भारती लघु माध्यसमिक इण्टर कालेज विशेश्वरगंज 05 व 06 को चित्तौरा के मानस इण्टर कालेज तथा 06 व 07 जनवरी को जरवल के एकलव्य महाविद्यालय जरवल रोड, नवाबगंज के जू.हा.स्कूल नवाबगंज, फखरपुर के बालार्क महाविद्यालय फखरपुर,रिसिया के बृज नरेश इण्टर कालेज रिसिया, तेजवापुर के ग्रामीण स्टेडियम मरौचा में ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी।

### 36 घंटे बंद रहेगी सेमीखेड़ा चीनी मिल

**देवरनिया, बरेली।** जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा को सामान्य सफाई के लिए शुक्रवार तीन जनवरी से 36 घंटे के लिए बंद किया जाएगा।?? मिल प्रबंधन ने इसकी सूचना किसानों को दी है ।मिल को सामान्य सफाई के लिए पेराई सत्र को कुछ समय के लिए बंद किया जाता है। पहली सामान्य सफाई के लिए मिल ? यार्ड में उपलब्ध गन्ने की पेराई के बाद शुक्रवार से 36 घंटे के लिए बंद की जाएगी।

# करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक संपन्न

जिला संवाददाता(vol)



**बहराइच ।** कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर राजस्व वसूली तथा प्रवर्तन कार्य की समीक्षा के लिए आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि कर-करेत्तर राजस्व वसूली से सम्बन्धित विभागों के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक कर मानक के अनुसार वसूली सुनिश्चित करायें। वसूली प्रमाण-पत्र के वापसी की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि किन्हीं कारणों से तहसीलों द्वारा वापस की गयी आर.सी. को सम्बन्धित पोर्टल से भी डिलीट कर डाटा को अनिवार्य रूप अद्यतन कर दिया जाय।

बैठक में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की मदवार समीक्षा में पाया गया कि माह नवम्बर 2024 के लिए भू-राजस्व मद के लिए निर्धारित लक्ष्य 12.50 लाख के सापेक्ष रू. 4.67 लाख की वसूली की गयी है जो कि लक्ष्य का 37.36 प्रतिशत है। वाणिज्य कर के लिए निर्धारित लक्ष्य रू. 1816.03 लाख के सापेक्ष 1380.99 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 76.04 प्रतिशत, स्टाम्प तथा निबन्धन मद में लक्ष्य रू. 1937.00 लाख के सापेक्ष 1437.74 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 74.23 प्रतिशत, आबकारी मद में लक्ष्य रू. 4552.00 लाख के सापेक्ष 3829.86 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 84.14 प्रतिशत, बैंक देय मद में लक्ष्य रू. 135.89 लाख के सापेक्ष 272.69 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 200.67 प्रतिशत तथा विद्युत मद में लक्ष्य रू. 3500.00 लाख के सापेक्ष 3130.00 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 89.43 प्रतिशत है।

इसी प्रकार परिवहन मद में लक्ष्य रू. 695.08 लाख के सापेक्ष 795.07 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 114.39 प्रतिशत, वानिकी मद में लक्ष्य रू. 165.00 लाख के सापेक्ष 56.73 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 34.38 प्रतिशत, अलौह खनन मद में लक्ष्य रू. 200.00 लाख के सापेक्ष 181.97 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 90.99 प्रतिशत, मण्डी समिति मद में लक्ष्य रू. 227.48 लाख के सापेक्ष 233.30 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 102.56 प्रतिशत, स्थानीय निकाय मद में लक्ष्य रू. 55.61 लाख के सापेक्ष 63.50 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 114.19 प्रतिशत तथा बांट माप में मद में लक्ष्य रू. 7.20 लाख के सापेक्ष 7.43 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 103.19 तथा सिंचाई विभाग अन्तर्गत मासिक लक्ष्य रू. 452.70 लाख के सापेक्ष 1840.20 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 406.49 प्रतिशत है। इस प्रकार कुल 17 मदों में मासिक लक्ष्य रू. 13757.93 लाख के सापेक्ष 13236.19 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 96.21 प्रतिशत है।

इस सम्बन्ध में डीएम मोनिका रानी ने कर करेत्तर से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी स्तर पर प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि किसी भी विभाग की राजस्व वसूली लक्ष्य से कम नहीं होनी चाहिए। डीएम ने ऐसे विभाग जो अभी लक्ष्य से काफी पीछे हैं उन्हें निर्देश दिया कि वसूली बढ़ाये जाने के लिए सप्ताहवार लक्ष्य निर्धारित कर वसूली के अभियान संचालित कर मानक के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करें। डीएम ने तहसीलों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से अमीनवार व मदवार वसूली की समीक्षा करते रहें। एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि ग्रामों के भ्रमण के दौरान सम्बन्धित ग्राम बड़े बकायेदारों से राजस्व की भी समीक्षा भी करें। डीएम ने कर-करेत्तर से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को बताया कि आर.सी. मिलान के लिए रोस्टर निर्धारित कर दिया गया है सभी विभाग विशेषकर सभी बैंक आर.सी. का मिलान अवश्य करा लें।

### जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक 8 को

**बहराइच ।** जिला पोाण/कन्वर्जेन्स समिति की समीक्षा हेतु 08 जनवरी 2025 को अपरान्ह 04:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी है।

उल्लेखनीय है कि बैठक के लिए पूर्व निर्धारित तिथि 06 जनवरी 2025 को श्री गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती के अवसर पर अवकाश घोषित होने के दृष्टिगत अब यह बैठक पूर्व निर्धारित समय एवं स्थान पर 08 जनवरी 2025 को सम्पन्न होगी। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने दी।

संक्षेप

## छीनैती कासात दिन बाद दर्ज हुआ केस

**सुलतानपुर (वीओएल)।** घर लौट रहे युवक को तीन लोगों ने धक्का दे गिरा दिया, उसके पास से 14 हजार की नगदी व मोबाइल फोन लेकर चले गए थे। युवक ने थाने पर तहरीर दी थी जिस सात दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। चांदा थाना क्षेत्र के कोइरीपुर निवासी गौरव ने थाने पर तहरीर दी थी। पीड़ित ने बताया कि वह बीते 25 दिसंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे ढकवा बाजार से घर लौट रहा था। जैसे ही वह मकरहवां पुल के दाहिने तरफ टावर पर पहुंचा तभी तीन बाइक सवार लोगों ने ओवरटेक कर रोक लिया। जैसे ही वह रुका तभी उसे धक्का दे गिरा कर उसकी जेब में रखा हुआ 14 हजार रुपए व एंड्रॉयड फोन लेकर भाग निकले। चांदा थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

## 20 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाने पर तैनात उपनिरीक्षक राम जीत यादव हमराहियों के साथ क्षेत्र में थे। तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति मदनपुर मोड के पास शराब के साथ खड़ा है। सूचना पर पहुंचे दरोगा ने व्यक्ति को पकड़ते हुए उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। युवक की शिनाख्त कजियाना मोहल्ला के मनीष कुमार के रूप में हुई। इसी थाने पर तैनात उपनिरीक्षक रजनू निर्मल हमराहियों के साथ लंबित मामलों के निस्तारण के लिए निकले थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि बढ़ौली से एक्सप्रेस वे की तरफ निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास एक युवक शराब लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने युवक को पकड़ते हुए तलाशी ली तो उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए युवक की शिनाख्त बभनैया पुरब मोहल्ला कजियाना निवासी अनिल कुमार के रुप में हुई।

## वन रक्षक ने पांच लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

**सुलतानपुर।** लंभुआ रेंज के वनरक्षक आनंद पांडेय ने चांदा थाने पर तहरीर दी है। वन रक्षक ने बताया कि फोन पर सूचना मिली कि चांदा थाना क्षेत्र के देवाढ़ गांव में गाटा संख्या 891 में 14 कटहल, एक जामुन, एक महुआ व एक सिरसा का पेड़ काटा जा रहा है। सूचना पर सेक्शन अधिकारी प्रतापपुर कमैचा को सूचित कर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 17 पेड़ कटे मिले, जिसमें महुआ व जामुन के पेड़ प्रतिबंधित श्रेणी में आते हैं। पता लगाने पर पता चला कि देवाढ़ गांव के ही शिव शंकर, अंकित, संतोष, सुनील व सुभाष ने पेड़ काटा है। जिस पर उक्त लोगो के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जानी आवश्यक है। चांदा थाना प्रभारी रवींद्र सिंह ने बताया कि पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## साल भर करता रहा किशोरी का शोषण, विरोध पर पीटा

सुलतानपुर। ननिहाल में रह रहा युवक साल भर से किशोरी को डरा धमका शोषण करता रहा। मामला जब पुलिस तक पहुंचा तो समझौता हो गया। बीते दिनों फिर युवक ने किशोरी को डरा धमका शोषण किया तो किशोरी ने इसकी जानकारी घर पर दी। परिजन जब विरोध करने युवक के घर गए तो पूरे परिवार वालो ने जमकर पीट दिया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली देहात के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर दी है। महिला ने बताया कि उसके बगल में एक युवक ननिहाल में रहता है।

# संविधान के दिखावटी प्रदर्शन से नहीं आयेगा बदलाव




**रायबरेली।** संविधान के दिखावटी प्रदर्शन से बदलाव नहीं आएगा, बदलाव संविधान की इज्जत करने और उसके बताये रास्तों के अमल से आएगा। यह बातें विश्व हिन्दू रक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह ने कार्यकर्ता समागम एवं प्रेस वार्ता में व्यक्त की। इसके पूर्व श्रीसिंह का रायबरेली आगमन पर कार्यकताओं के द्वारा बछरांवा, कुंदनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज और रतापुर चैराहा पर जोरदार स्वागत किया।

श्री सिंह ने कहा बीती 21 दिसंबर को रायबरेली के कुछ विशेष स्थान पर जन भावनाओं के अनुरूप भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 ( अभिव्यक्ति की आजादी ) जो भारत में रहने वाले हर व्यक्ति को अपने विचारों को किसी भी तरह से व्यक्त करने का अधिकार देता है के तहत रायबरेली के वर्तमान सांसद एवं लीडर ऑफ अपोजिशन राहुल गांधी से कुछ प्रश्न फ्लेक्स बोर्ड के माध्यम से किए गए थे। जिन्हें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं उनके सहयोगियों द्वारा तोड़ा और फाडा गया, जो भारतीय न्याय संहिता में आपराधिक कृत्य है और यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है।

पोस्टर्स में रायबरेली की जनता की भावनाओं के अनुरूप हिंदू दर्जी कन्हैयालाल से नफरत मुस्लिम दर्जी से प्यार क्यों? हिंदुओं को जाति में बांटने की साजिश क्यों? जार्ज सोरोस से क्या नाता है? भारत विरोधियों से हमदर्दी क्यों? कुर्सी मिले तो देश लूट डालो ना मिले तो हिंदुओं में फूट डालो? संभल के दंगाइयों से प्यार लेकिन बहराइच पीड़ित रामगोपाल मिश्रा से दुश्मनी क्यों? आतंकवादी अफजल गुरु से प्यार लेकिन देशभक्त वीर सावरकर से नफरत क्यों? हर बात में संविधान की बात करने वाले और उसका प्रदर्शन करने वालों के संविधान में क्या बुजुर्ग सांसद की पिटाई का प्रावधान है। नफरत की आंधी - राहुल गांधी उक्त कारणों से ही रायबरेली जनपद का आम जनमानस खुद को शर्मिंदा महसूस कर रहा था। रायबरेली और देश का जनमानस आज भी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के इन्तजार में बैठा है। जनकल्याण के संवर्धन एवं समाज में असंगत विचारों के विरुद्ध न्याय के लिए आवाज उठाने वाली संस्था विश्व हिन्दू रक्षा परिषद् पिछले कई वर्षों से कार्य कर रही है। इस संस्थान का मुख्या उद्देश्य समाज हित में कार्य करते हुए हर व्यक्ति को न्याय दिलाने की संकल्पना से प्रारंभ हुआ है गरीब और असहाय व पीड़ित लोगों की सेवा में तत्पर है जिसमें भारत के कई राज्यों से हजारों लोगों को मदद मिली है। विश्व हिन्दू रक्षा परिषद् सनातन संस्कृति के संवर्धन और राष्ट्र रक्षा के लिए संकल्पित हैं।

# डंपर चालक को दबंगों ने पीटा

- पीड़ित ने नहीं दी तहरीर, बीच सड़क में डंपर पर चढ़े बदमाश

**अमेठी ।** अमेठी में आये दिन दबंगो की गुंडई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. अमेठी



कस्बे के धमौर रोड पर बीच सड़क एक डंपर पर चढ़कर चालक की पिटाई करते दो दबंगो का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर नही दी गई है. हालांकि पुलिस मामले में कोई तहरीर नहीं मिलने की बात कहते हुए जांच करने कर कार्रवाई करने की बात कही रही है ।

अमेठी कस्बे के धम्मौर रोड का है जहाँ पीएनबी बैंक के पास जाम के दौरान एक डंपर चालक की मामूली बात को लेकर दो युवक नाराज हो गए. युवक भीड़ के बीच डंपर की केबिन में चढ़कर पिटाई करने करने लगे। मामले में बीच-बचाव करने के बजाए किसी ने पूरे मामले की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया वायरल कर दिया। हालाकि बाद पर डंपर चालक बिना पुलिस में शिकायत किए चला गया तो दबंग युवक भी मौके से फरार हो गए. वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है. एसएचओ बृजेश सिंह ने कहा कि वीडियो संज्ञान में आया है. मामले की जांच की जा रही है. डंपर चालक ने कोई तहरीर नही दी है। जांच के बाद युवकों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी ।

## फार्मर रजिस्ट्री आईडी न जारी कराने पर नहीं मिलेगी किसान पेंशन की अगली किश्त

**अमेठी।** किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई डी तैयार करने के लिए विशेष अभियान जारी है। बुधवार तक काम की प्रगति लगभग चौदह फीसदी है।उप निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी कराने की अपील की है।फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी न कराने वाले किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किश्त नहीं मिलेगी। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद के किसानों हेतु फार्मर रजिस्ट्री आई०डी० बनाये जाने का कार्य कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा किया जा रहा है जिसके तहत शासन द्वारा जनपद में फार्मर रजिस्ट्री आईडी का लक्ष्य 242054 के सापेक्ष अद्यतन कुल 33095 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईड० तैयार करते हुये लक्ष्य का 13.87 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली गयी है।

# फार्मर रजिस्ट्री योजना को समय से करायें पूरा : तहसीलदार



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** गुरुवार को कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ कांफ्रेंसिंग हाल में फार्मर रजिस्ट्री योजना के तहत किसानों को जागरूक करने के साथ फार्मर रजिस्ट्री कार्य को भी समय से पूरा कराने को लेकर तहसीलदार ह्रदय राम तिवारी की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक ,रोजगार सेवकों संग बैठक की। बैठक के दौरान तहसीलदार श्री तिवारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री समयबद्ध तरीके में पूरा करवाएं। सभी ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व रोजगार सेवक मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। इससे पूर्व बीडीओ श्रीकांत तिवारी पंचायत सहायकों से रूबरू होते हुए फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन करने के दौरान आ रही समस्या के निस्तारण को लेकर संवाद किया। इस दौरान एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा व एपीओ ने पंचायत सहायकों को फार्मर आईडी लॉगिंग करवाई। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी, भोलानाथ तिवारी, पुष्पेंद्र वर्मा, प्रियंका सिंह, अंकिता यादव, रविशंकर गुप्ता, महेश तिवारी, ग्राम प्रधान राधेश्याम वर्मा, राम चरन, राजेशसिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, अमर सिंह, राजेन्द्र कुमार राम सेवक आदि मोजूद रहे।

## सेंध लगाकर किराना दुकान में चोरी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** पूस की रात में कड़ाके की ठंड के बढ़ते ही चोरों के हौसले बुलंद हो गए है। नव वर्ष के पहले ही दिन चोरों ने किराने की दुकान को निशाना बना पुलिस को चुनौती दी। मामला गोसाईगंज थाना अंतर्गत सुदनापुर बाजार का है। जहां बीते बुधवार की रात चोरों ने किराना व्यवसाई महेंद्र तिवारी निवासी भटपुरा की सुदनापुर बाजार स्थित दुकान की दीवाल काटकर अंदर घुस गए। चोरों ने दुकान के अंदर रखे दस हजार की नगदी सरसों तेल, दाल की बोरी सहित करीब 15000 हजार का सामान उठा ले गए। वहीं बाजार में ही स्थित मदनपुर निवासी राम सेवक की कॉस्मेटिक और भटपुरा निवासी राम मूरत तिवारी की पान की गुमटी का भी ताला तोड़ने का चोरों ने प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित व्यवसाई ने सूचना डॉयल 112 को दी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक एनामुल हक सिपाही ओम प्रकाश ने जांच पड़ताल कर जानकारी प्राप्त की। वहीं बाजार वासियों ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठाते हुए गश्त बढ़ाने की मांग की हैं। सुदनापुर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत संवेदन शील मानी जाती है। बीते समय कई चोरी की घटनाएं घट चुकी हैं। लेकिन खुलासा न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित व्यवसाई ने चोरी की लिखित तहरीर चैकी पर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## भीषण शीतलहर में सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे प्राइवेट विद्यालय

**बछरावां, रायबरेली।** जहां एक तरफ शीतलहर के मद्देनजर सरकार परिषदीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक शीत लहर अवकाश घोषित करके राहत प्रदान कर रही है। इसके लिए शिक्षा निदेशक ने अवकाश तालिका में लिखित शासनादेश के द्वारा अवगत भी कराया है। फिर भी क्षेत्र के कुछ मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय पता नहीं कौन से आदेश का इंतजार करके विद्यालय का संचालन किए हुए हैं या फिर सरकार के नियम कानून को न मानना उनकी आदत में शुमार हो चुका है। जहां पारा 7 डिग्री के नीचे आ चुका है ठंड में लोग अपने घर में दुबके हुए हैं। अब जिम्मेदार अधिकारी इन विद्यालयों पर कौन सी कार्यवाही करते हैं या फिर यह ऐसे ही चलता रहेगा।

## दुकानदारों के अतिक्रमण से रोज जूझते हैं लोग

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर की सभी सड़कों की पटरियों पर दुकानदारों ने या तो स्वयं कब्जा कर लिया है या सामने फल, चाट आदि की ठेलिया लगवा कर पैसा कमा रहे हैं। दो वर्ष पूर्व प्रशासन ने नगर पंचायत चुनाव के दौरान अतिक्रमण हटाया था तब से अतिक्रमण को लेकर तहसील प्रशासन और नगर पंचायत ने चुप्पी साध रखी है। कस्बे का मेन रोड हो या गल्ला मंडी मार्ग प्रत्येक सड़क पर दुकानदारों ने पटरी पर आगे बढ़कर दुकान सजा ली है जिससे सामान लेने वाले अपनी बाइक या वाहन सड़क पर खड़ी करने को मजबूर होते हैं जिससे रोज जाम की स्थिति बनी रहती है और आने जाने वाले लोगों से दुकानदारों से वाद विवाद भी होता है। इसी तरह सब्जी मंडी बालाजी मंदिर रोड ,सराफा मंडी रोड सभी पर दुकानदारों ने सड़क तक बढ़कर कब्जा कर लिया है। पटरियो पर कब्जा होने से नगर पंचायत के कर्मचारी नालियां भी नहीं साफ कर पाते हैं जिससे मच्छरों की भी भरमार हो गई है। नगर में बुधवार और रविवार बाजार का दिन रहता है। इन दो दिनों में तो नगर की सड़कों से निकलना बहुत ही आफत का काम होता है। सब्जी दुकानदार भी सड़क की पटरी पर ही दुकान सजा लेते हैं। चैराहों पर ई रिक्शा और मैजिक की भीड़ लगी रहती है। सवारियां भरने के चक्कर में दोनों वाहनों के चालक सड़क पर अड्डा जमाये रहते हैं।

# पत्रकारों ने नव वर्ष के अवसर पर मुंशी चंद्रिका प्रसाद की समाधि पर अर्पित की पुष्पांजलि



**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां कस्बा में स्थित दयानंद पीजी कॉलेज में नव वर्ष की पावन बेला पर महाविद्यालय के सेमिनार हाल में प्रधानमंत्री की अति महत्वाकांक्षी योजना कौशल विकास मिशन के कार्यक्रम के दौरान बछरावां प्रेस क्लब बछरावां के पत्रकारों को माल्यार्पण व अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। दयानंद बछरावां पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पत्रकार हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है जो निस्वार्थ भाव से सामाजिक सेवा का कार्य करते हैं। वहीं इस मौके पर प्राचार्य के साथ पत्रकारों ने बछरावां के गांधी प्रथम विधायक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुंशी चंद्रिका प्रसाद गुरु जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित किया। इसके साथ ही साथ पत्रकार अंकुर चैधरी ने नववर्ष की पावन बेला पर शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए पत्रकारिता के वर्तमान परिदृश्य के बारे में भी अवगत कराया।

## धरौली में गरीबों को बांटे गये कंबल

**मुसाफिरखाना।** गुरुवार को क्षेत्र के धरौली गांव में समाजसेवी विनोद सिंह द्वारा अपनी माता स्वर्गीय सरस्वती देवी की पुण्यतिथि पर गरीबों को कंबल का वितरण किया गया। स्व.सरस्वती देवी की पुण्यतिथि पर आयोजित हुए कार्यक्रम में समाजसेवी विनोद सिंह और पूर्व ब्लाक प्रमुख अरुणा सिंह द्वारा गरीबों को कंबल बांटा गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान भावना सिंह चंदेल ने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गरीब परिवारों की मदद के लिए हर वर्ग को आगे आना चाहिए। इस मौके पर शेमफोर्ड विद्यालय के डायरेक्टर रंजीत सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य एके तिवारी, कीर्तिपाल सिंह, यशपाल सिंह, बंटी तिवारी, जय बहादुर तिवारी, राजू श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिकों के बच्चों को मिलेगा प्रवेश, प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी को

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत पात्र बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश मिल सकेगा। विद्यालय का संचालन अयोध्या के रुदौली तहसील के अमराई गांव में शैक्षणिक सत्र 2023-24 से कक्षा- 6 से शुरू किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा- 6 और कक्षा 9 के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। कक्षा- 6 में 70 लड़के और 70 लड़कियां, कक्षा 9 में 70 लड़के और 70 लड़कियां को प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 6 के लिए मानसिक क्षमता परीक्षण, अंकगणित और भाषा संबंधित टेस्ट होंगे, जबकि कक्षा 9 के लिए अंग्रेजी, गणित, हिंदी और विज्ञान से संबंधित परीक्षा ली जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन 20 जनवरी से सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय और अन्य संबंधित कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की जाएगी।

# अराजक तत्वों से पीड़ित दलित परिवार क्रमिक अनशन के लिए लखनऊ रवाना



**बछरावां, रायबरेली।** जहां एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अभियान चला कर महिलाओं को सशक्त करने के लिए नित नए आयाम करके सतत प्रयास कर रही है। इसके साथ ही साथ दलितों के उत्थान के लिए भी प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ बांदा जनपद के रहने वाले बसंत लाल पुत्र भजनिया निवासी ग्राम व पोस्ट पल्हरी बबेरू जनपद बांदा अपनी बहन मंजू सिंह उम्र 28 वर्ष व बेटी रेशमा सिंह उम्र 16 वर्ष, शिवानी सिंह उम्र 14 वर्ष, आकांक्षा सिंह उम्र 12 वर्ष व दिव्या सिंह उम्र 9 वर्ष के साथ पद यात्रा करते हुए बांदा से लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग होकर लखनऊ के लिए जा रहे थे। जब पदयात्रा के संबंध में संवाददाता ने बसंत लाल से बात की तो उन्होंने बताया कि बीते 20 सितंबर को प्रशासन ने लखनऊ जाने से रोका था व कई बिंदुओं पर वार्ता भी हुई और अंत में कहा गया था रामबाबू प्रधान मुरवल से जांच कर कर समस्या का निराकरण किया जाएगा। लेकिन समस्याओं का आज तक कोई निदान नहीं हुआ फिर भी अराजक तत्वों द्वारा बीते 30 दिसंबर को मेरे घर पर आकर प्रकरण गाटा संख्या 3441 रकबा के संबंध में मारा पीटा और जाति सूचक शब्दों में गाली गलौज किया। इसकी शिकायत हमने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है। समस्या का निदान न होने पर हम अपनी बहन और बेटियों के साथ लखनऊ इको गार्डन जा रहे हैं जहां पर हमारा क्रमिक अनशन प्रारंभ होगा। जब तक मुख्यमंत्री जी हमारी समस्या का निदान नहीं करेंगे तब तक हम लोग वहीं पर अनशन करेंगे।

# अलाव जलवाकर लोगों को दिलायी ठंड से निजात

**महराजगंज, रायबरेली।** विगत एक सप्ताह से पड़ रही भीषण ठंड में क्षेत्र से आने वाले राहगीरों किसानों व व्यापारियों की सुविधा हेतु व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कस्बे के लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाकर लोगों को ठंड से निजात दिलाई बताते चलें कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष अश्विनी सिंह उर्फ पिंटू सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों ने कस्बे के सार्वजनिक स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तहसील कस्बे के मेन तिराहा सहित लगभग एक दर्जन जगहों पर सूखी लकड़ी का अलाव जलवाया जिसमें व्यापारी सहित राहगीर भी तापते नजर आए और लोगों को हो रही भीषण ठंड से राहत मिल सके। इस मौके पर प्रिंसू वैश्य ,अंकुर गुप्ता, मानस वैश्य, कृष्ण कुमार कसेरा, पप्पू यादव ,विशाल चैरसिया, अनिल जायसवाल, अखिलेश जायसवाल ,गुड्डू मनिहार, जैनुल आबदीन उर्फ लाला ,आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## कार सवारों ने वृद्ध को पीटा, वीडियो वायरल

**बछरावां, रायबरेली।** क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया वायरल वीडियो में चार कार सवार सड़क के किनारे एक वृद्ध को पीट रहे हैं। जिसका किसी मौजूद व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। यह वीडियो बांदा बहराइच मार्ग पर स्थित क्षेत्र के पश्चिम गांव चैराहे का बताया जा रहा है। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि अभी कोई जानकारी नहीं है तहरीर मिलने पर जांच कराई जाएगी।

## भागवत माहात्म्य ज्ञान के बिना प्रेम चिरंजीव नहीं होता : श्याम सारथी



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रतापपुर कमैचा गाँव मे श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानकथा यज्ञ के प्रथम दिवस मे अयोध्या से पधारे भागवताचार्य श्याम सारथी जी महाराज ने कहा कि भागवत माहात्म्य ज्ञान के बिना प्रेम चिरंजीव नहीं होता, अस्थायी हो जाता है। भागवत मरण मंगलमय होना बताती है। जीवन जिया कैसे जाय और यहाॅ से जाया कैसे जाय का सम्यक बोध भागवत श्रवण से होता है। परीक्षित जन्म एंव शुकदेव आगमन की कथा सुनाई। आचार्य श्याम सारथी जी महाराज ने आगे कहा कि भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धमार्नुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। श्रीमदभागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनी से मुक्ति मिलती है। चित्त की स्थिरता के साथ ही श्रीमदभागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत श्रवण मनुष्य के सम्पूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। सम्पूर्ण सृष्टि की शक्ति समाहित होकर मनुष्य के पीछे लग जाती है ओर हमारे सारे कार्य सफल होते है। ठीक उसी तरह बुरे कर्मो की राह के दौरान सम्पूर्ण बुरी शक्तियाॅ हमारे साथ हो जाती है। इस दौरान मनुष्य को निर्णय करना होता कि उसे किस राह पर चलना है। छल ओर छलावा ज्यादा दिन नहीं चलता। छल रूपी खटाई से दुध हमेशा फटेगा। छलछिद्र जब जीवन में आ जाए तो भगवान भी उसे ग्रहण नहीं करते है- निर्मल मन प्रभु स्वीकार्य है। इसके पूर्व मुख्य जजमान तिलकधारी मिश्र ने व्यास पीठ का पूजन किया।

# डीएम ने जर्मनी आधुनिक नेत्र जांच मशीन का किया लोकार्पण



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय का उत्तर प्रदेष युवा उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा उपलब्ध करायी गयी जर्मनी आधुनिक नेत्र जांच मशीन का लोकार्पण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह मशीन मिलने से मरीजों को इसका लाभ मिलेगा अस्पताल में एक मशीन पहले से थी, दूसरी मशीन हो जाने से अधिक मरीज इसका लाभ उठा पायेंगे। मशीन का अपग्रेड मॉडल होने की वजह से चिकित्सकों को भी सर्जरी करने में आसानी होगी और मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, अधीक्षक मोहन सिंह नेत्र चिकित्सालय डॉ एसके कटियार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, व्यापार मण्डल से अतुल गुप्ता, मोहित गुप्ता सहित व्यापार मण्डल के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छह प्रधानों ने गौमाता को घोषित किया ग्राम माता

**अमेठी।** सराय भागमानी, बेहटा, अरगंवा छिटेपुर, पठानपुर, भटगंवा सहित छह ग्राम सभा के ग्राम प्रधान ने गौमाता को ग्राम माता घोषित कर जिले में प्रथम गौ पुत्र का गौरव प्राप्त किया।

**जय गौमाता जय राष्ट्रमाता।**

भारतीय संस्कृति में गोमाता का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। वेदों पुराणों में इनकी अपार महिमा गायी गई है। यह हम सभी के लिए सर्वाधिक पूज्या होने के बाद भी यह विडम्बना ही है कि भारत में अब भी गोहत्या हो रही है।

हमें प्रसन्नता है कि भारत की पवित्र भूमि से गोहत्या का कलंक मिटाने और गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के लिए ज्योतिर्मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज ने सशक्त अभियान चलाया है। इसी क्रम में गुरुवार को जनपद अमेठी के गो-सांसद राकेश तिवारी के



जन जागरण व शंकराचार्य भगवान के परम्शिष्य कंचन सिंह पत्रकार गौरीगंज के अथक प्रयास से अमेठी जनपद में पहली बार सराय भागमानी के सम्मानित ग्राम प्रधान ललित सिंह ,बीडीसी अजय सिंह, बेहटा से श्रीमती पूनम सिंह, भटगंवा से राजकिशोर सिंह, छिटेपुर से बाबूलाल, अरगंवा से दिनेश मिश्र पठानपुर से श्रीमती उमा सिंह ने कहा कि हम भी चाहते हैं कि गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान मिले। वेदों ने जब गाय को विश्वमाता कहा है तो यह राष्ट्रमाता क्यों नहीं हो सकती?

अतः हम यह घोषणा करते हैं कि आज से हमारी ग्रामसभा सराय भागमानी, बेहटा ,अरगंवा, छिटेपुर पठानपुर, भटगंवा ब्लाक गौरीगंज तहसील गौरीगंज जनपद अमेठी की माता, गोमाता है, और हमारे ग्राम में गोहत्या नहीं होगी। इस अवसर पर पवन सिंह, ललित सिंह,अभय सिंह,बब्बन सिंह,राम बाबू, राम गिरि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पेड से लटकता मिला वृद्ध का शव

जगदीशपुर अमेठी ।सुबह संदिग्ध परिस्थितियो मे एक वृद्ध का शव पेड से लटकता मिलने पर लोगो मे सनसनी फैल गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

भाले सुल्तान शहीद स्मारक (वारिसगंज)थानाक्षेत्र के अंतर्गत मकदूमपुर मजरे टांडा गांव के निकट जंगल में उस समय अफरा तफरी मच गई जब सुबह खेत के लिए निकले ग्रामीणों ने गांव निवासी राम अजोर उम्र लगभग सत्तर वर्ष का शव जो पेड पर धोती के सहारे लटकता देखा जहां आसपास के तमाम लोग इकट्ठा हो गए घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनो से पूंछताछ करते हुए शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेज कर आवश्यक कार्रवाई जारी है ।

## युवक ने असलहे से हमले का लगाया आरोप, केस दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** क्रिकेट खेलने के दौरान युवक से दो लोगों ने विवाद कर लिया तो युवक ने पुलिस को सूचित किया। साथ ही साथी संग घर जाते समय आरोपियों ने फायरिंग कर दिया, मौके पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी युवक मौके से भाग निकले। युवक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हलियापुर थाना क्षेत्र के हलियापुर गांव निवासी आदर्श अनुराग सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि वह बुधवार को माधवदासकुटी जरईकला के खेल मैदान पर क्रिकेट खेल रहा था। तभी अमेठी जिले के जामो थानाक्षेत्र के रेसी गांव निवासी अमन सिंह, जरईकला निवासी शिवम सिंह व विकास सिंह एक अन्य साथी के साथ असलहा लहराते हुए आए गाली गलौज देने लगे। वह पुलिस को सूचना देते हुए साथियों से घर के लिए निकल लिया। आरोप है कि घर जाते समय करीब चार बजे उक्त लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिससे वह और उसका दोस्त हर्ष प्रताप सिंह गिर गए जान बचा भागने लगे। इसी बीच पुलिस आ जाने से उक्त लोग मौके से भाग निकले। हलियापुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फायरिंग की जांच पड़ताल की जा रही है।

संक्षेप

## तीन गैंगस्टर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गुरुवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्त पप्पू उर्फ मोहन पुत्र श्यामलाल, वीरभान पुत्र मुरारीलाल, बानासुर पुत्र श्यामलाल निवासीगण ग्राम घुरुकुआ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद को ग्राम घुरुकुआ से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

## अंग्रेजी शराब सहित गैंगस्टर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वाछिंत एक अभियुक्त को अवैध अग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार किया। थाना रसूलपुर प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट थाना रसूलपुर में वाछिंत अभियुक्त सलमान पुत्र शकील उर्फ होजी बोना निवासी कबूतर वाली गुदडी झम्मैया टोला थाना रसूलपुर फिरोजाबाद को अवैध अग्रेजी शराब रॉयल स्टैग के 25 पव्वे सहित वकीलपुरा मण्डी के पास से गिरफ्तार किया गया थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर आबकारी अधिनियम पजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## हाईवे पर आपस में टकराये कई वाहन

**मथुरा।** चैमुहां के थाना जैंत क्षेत्र में दिल्ली-आगरा हाईवे पर कोहरे के कारण करीब आधा दर्जन वाहन टकरा गए। गनीमत ये रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। वाहनों के टकराने के कारण हाईवे पर आधा घंटा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हाईवे से हटाया। थाना जैंत क्षेत्र की नयति चौकी हाईवे पर गुरुवार सुबह हाईवे पर घना कोहरा होने के कारण करीब 7 बजे आगे चल रहे ईंटों से भरे ट्रैक्टर में पीछे से ट्रक जा घुसा। इस दौरान हाईवे पर ईंटें बिखर गईं। ट्रक वहीं खड़ा रह गया। कोहरा घना होने के कारण पीछे से ट्रक में दो ट्रक और दूध का कंटेनर जा घुसा। पुलिस ने वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू कराया।

## रामगढ़ की टीम 13 रनों से हुई विजेता

**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ 2024.25 के आज छठवें दिन क्रिकेट मैच का पहला मुकाबला चुनार और रामगढ़ के बीच, भाजपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल के द्वारा टॉस करा कर मैच का शुभारंभ किया गया, चुनार की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया रामगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में.9 विकेट खोकर 150 रनों का स्कोर खड़ा किया रामगढ़ की तरफ से शशिकांत ने 33 गेंदों का सामना कर 4 चैके और 2 छक्के की मदत से 44 रनों की पारी खेली , चुनार के गेंदबाज अंशु ने 35. रन देकर 2 विकेट चटकाए जवाब में चुनार की टीम ने स्कोर का पीछा करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खो कर 137 रन ही बना सकी, रामगढ़ की टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर 13 रनों से मैच को जीत कर आगे के मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है चुनार की तरफ से चंचल यादव ने 77 रनों की पारी खेली फिर भी अपने टीम को जीत नहीं दिला सके रामगढ़ की तरफ से सत्यप्रकाश दुबे ने अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाते हुए 18 रन देकर 3 विकेट चटकाए अतः सत्यप्रकाश दुबे को, भाजपा नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा रूबी प्रसाद ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

# धूमधाम से युवा प्रतिभा महोत्सव शुरू

### श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय के खेल महोत्सव में इंटर कॉलेजों के विद्यार्थी उमड़े



**गोवर्धन।** प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी युवायों के सपनों को पंख लगाकर उनकी प्रतिभा को निखारकर, और उनके बहुमुखी व्यक्तित्व का विकास करने वाला कार्यक्रम युवा प्रतिभा महोत्सव 2025 का आयोजन श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम शुभारंभ से किया गया। जिसमें गोवर्धन तहसील के नायाब तहसीलदार अवनीश कुमार, प्राचीन जंगलेश्वर महादेव के महंत डॉ. दीनबंधु शरण महाराज, व्यापार मंडल के अध्यक्ष गणेश पहलवान ने संयुक्त रूप से गणेश जी महाराज का माल्यार्पण और पुष्पवर्षा करके किया। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार अवनीश कुमार ने कहा खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से ही खेल खेलना चाहिए। मैदान के बाहर भी आपसी भाईचारे को सदैव बनाए रखना रखें। गोवर्धन व्यापार मंडल के अध्यक्ष गणेश पहलवान ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से विद्यार्थियों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक मजबूत होते है। महंत दीनबंधु शरण महाराज ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि महाविद्यालय द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करके विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जाना प्रशंसनीय है। युवा प्रतिभा महोत्सव कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के डायरेक्टर नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, सचिव श्रीमति मधु शर्मा ने मोतीमाला, पटुका उड़ाकर किया। जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेजों से आये प्रधानाध्यापकों, कोचों, अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, व शिक्षा निदेशक महेश चंद्र अग्रवाल ने गिरिराज महाराज का स्मृति चिन्ह देकर किया। विपुल शर्मा व सतीश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई दिलीप यादव एवं भारत उपाध्याय एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया। प्रथम दिन का क्रिकेट मैच में लॉर्ड कृष्णा इंटर कॉलेज अडींग ने श्री मुरारी कुंज सरस्वती इंटर कॉलेज गोवर्धन पर 20 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में तिलक सिंह इंटर कॉलेज राल, ने ध्रुव इंटर कॉलेज अडींग पर 8 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में मानव भारती इंटर कॉलेज जुल्हेंदी ने आदर्श जनता इंटर कॉलेज अडींग 3 विकेट से जीत दर्ज की। चैथे मैच में भगवान इंटर कॉलेज नीमगांव ने जीआईसी इंटर कॉलेज अडींग पर पांच रन से रोमांचक जीत दर्ज की। इस अवसर पर प्राध्यापक टीकम सिंह राजावत, राजेश शर्मा, पवन शर्मा, विष्णुकांत शर्मा, के.पी. सिंह, जे.पी. सिंह, भानु अग्रवाल, हारून, देवीराम, बालकिशन, दिनेश कौशिक, प्रकाश सिंह, चंद्रशेखर जोशी, नीलम, याचना शर्मा, उमा जोशी, दीपा चतुवेदी, बुलबुल कौशक, अनुराधा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## बाबू बालेश्वर लाल की जयंती पर बांटे कंबल

**चोपन,सोनभद्र।** स्थानीय नगर में जब नगरवासी वर्ष 2024 की विदाई और नववर्ष 2025 का स्वागत रात्रि में झूमते गाते, पिकनिक मनाते हुए समूहों में अपने अपने अंदाज से कर रहे थे तो ऐसे में सेवा ही संकल्प के साथ ग्रामीण पत्रकार एशो. के संस्थापक स्मृतिशेष बाबू बालेश्वर लाल जी की 95 वीं जयंती पर उन का श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए ग्रामीण पत्रकार एसो. के प्रदेश संगठन मंत्री और अग्रणी सामाजिक संस्था प्रयास सामाजिक सेवा समिति, चोपन के अध्यक्ष पत्रकार अजय भाटिया ने अपने सहयोगी प्रयास के महामंत्री और चोपन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष संजय जैन एवं अन्य सहयोगियों के साथ मध्य रात्रि में चोपन नगर का आकस्मिक भ्रमण कर कड़ाके की ठंड में ठिठुरते जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरित किये। कार्यक्रम के तहत देर रात ठन्ड बढ़ी तो प्रयास के साथी कंबल लेकर वितरण के लिए निकल पड़े और बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बैरियर, सरकारी अस्पताल के आसपास ठंड से ठिठुरते मिले जरुरतमंदों के बीच कम्बल बाटे। इस अवसर पर धर्मेन्द्र जायसवाल, सोहन यादव, सुशील पाण्डेय, अनिल शर्मा, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे। सेवा के इस कार्य में बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी से जुड़े प्रयास के साथी शरद ढ़ीगरा का सराहनीय सहयोग रहा।

## जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास कार्यालय ने कंबल वितरित किये



**फिरोजाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत शरद ऋतु में अधिक ठंड सर्दी के दृष्टिगत जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय फिरोजाबाद के अधिकारी कैप्टन आई.एन.आशीष मित्तल से.नि.एवं कार्यालय कर्मचारियों, द्वारा सेक्टर-2. सुहाग नगर फिरोजाबाद स्थित राजकीय बाल गृह में एक कार्यक्रम आयोजित कर किशोर बच्चों को कम्बल वितरण किया गया और उनके साथ समय व्यतीत कर उनसे वार्ता की गयी तथा उनकी विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित होकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। उनकी योग्यता को और बेहतर किये जाने सम्बन्धी टिप्स भी दिये गये तदोपरान्त बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया। उक्त आयोजन के दौरान मुख्य रूप से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी फिरोजाबाद, तत्कालीन प्रभारी अधिकारी ई सी.एच.एस.पॉलीक्लीनिक फिरोजाबाद कमाण्डर बिजेन्द्र सिंह एवं राजकीय बाल गृह अधीक्षक रवि खान राघवेन्द्र प्रताप सिह पूर्व सैनिक शिव कुमार सिंह पूर्व सैनिक नेत्रपाल सिंह, कार्यालय कर्मचारी, राघवेन्द्र सिह राम कुमार सिंह एवं बाल विकास गृह में रह रहे बच्चे उपस्थित रहे।

## स्टांप कमी के वादों की समाधान योजना की जा रही लागू : डीएम

**फिरोजाबाद।** शासन के निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अवगत कराया है कि स्टांप कमी के वादों की समाधान योजना पुनः लागू की जा रही है, जिससे स्टांप वाद जो लंबित हैं, जिनमें राज्य सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है, इस क्षति को दूर किया जा सके, स्टांप वादों के त्वरित निस्तारण के लिए उसमें निहित स्टांप कमी की धनराशि को शीघ्रतिशीघ्र प्राप्त करने के लिए तथा जन सामान्य को अधिकाधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त स्टांप कमी के वादों की एक समाधान योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह समाधान योजना 31 मार्च, 2025 की अवधि तक प्रभावी रहेगी। किसी भी पक्षकार द्वारा इस अवधि में योजना के प्रभावी रहने की अन्तिम तिथि से पूर्व पुष्टि की गई स्टाम्प कमी की धनराशि नियमानुसार ब्याज एवं रु0 100 के टोकन अर्थदण्ड की धनराशि के साथ जमा करने पर उसे इसका लाभ प्राप्त होगा।

## नव वर्ष 2025 के जश्न में डूबा रहा सोनांचल

**सोनभद्र।** नूतन वर्ष के आगमन के साथ ही लोगों में उत्साह हो गया और अमबार जश्न मनाया। सुबह होते ही लोग एक दूसरे के पास जाकर हैप्पी न्यू इयरकहते देखे गये। कुछलोगों ने तो इस दौरान नव वर्ष भी कराया। छोटे उम्र से लेकर बड़े उम्र तक के लोगों ने नये साल की बधाई की खुशी में मुंह मीठा देने के लिए नगर में जमकर पुष्प गुच्छों की खरीददारी की। नूतन वर्ष व्दी पहली सुबह जहाँ बादलों की चाँदर में लिपटी रही, वहीं, सर्द हवाओं ने भी नये साल का स्वागत किया। आधी रात के बाद से ही मोबाइलों से लोगों द्वारा एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देने का कम शुरू हो गया। के माध्यमों नये साल के अवसर पर पहले दिन बुधवार को तमाम जगहों पर जाम से जाम टकरा चियर्स किया गया। रेस्टॉरेंट, होटलों, पहाड़ि ?यों, सोन इको प्वाइंट, कंडाकोट, धंधरौल काँध, मुक्खाफाल, कोराई घाट, अमदर, नगनों बाँध सिलहट आदि पिकनिक स्पोटों पर खासकर युवा वर्ग नए साल की उमंग में डूबे रहे। मौज-मस्ती में मांस और मदिरा की भी बहार रही। कटी-चोरखा का भी आनन्द लिया। इसके अलावा विभिन्न तरह के व्यंजनों का भी स्वाद चखा।

## मिशन शक्ति फेज 5 के तहत किया जा रहा जागरूक



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के विशेष अभियान के तहत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में रैली संगोष्ठी आदि के माध्यम से महिलाओं बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति फेज 5 के तहत ही जनपद में एक युद्ध नशे के विरुद्ध नशा विरोधी जनजागरुकता अभियान के तहत छात्र छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान क्रम में गुरुवार को एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एएसपी नगर ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में छात्र छात्राओं शिक्षकाओं को जागरुक करने के क्रम में थाना नगला सिंघी के ग्राम अजीत नगर थाना मक्खनपुर के कस्बा मक्खनपुर थाना खैरगढ के कस्बा खैरगढ थाना सिरसागंज के गांधी मण्डी मार्केट थाना रसूलपुर के नालबंद तिराहा, थाना दक्षिण के नंदराम चौक थाना लाइनपार के लेबर कॉलोनी थाना नगला खंगर के ग्राम उराबर थाना रजावली के नगला सिकंदर थाना बसईमौ0पुर के नगला उदी थाना पचोखरा के ग्राम पंचायत गढी बादशाह थाना जसराना के ग्राम सियोडा थाना टूंडला के कस्बा टूण्डला आदि में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरुक किया गया।

## काव्य पाठ की अविरल रसधार ने समरसता का दिया संदेश

**दुद्धी,सोनभद्र।** धार्मिक एवं सामाजिक संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध अपने बेबाक विचारों के हस्तक्षेप से पं.दीनदयाल उपाध्याय विचार मंच दुद्धी द्वारा एक होटल में आयोजित काव्य गोष्ठी में कनहर, ठेमाँ, लौआ, पांगन नदियों प्रकृति पहाड़ आंचल में बसे कवियों द्वारा देर रात्रि तक काव्य पाठ की अविरल रसधार की सनातन शुरूआत विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती के स्तुति कवि डॉक्टर लखन राम जंगलीके तेरे ह्यचरण में मां शत-शत नमन हो के उपरान्त टिकुली टिकुली लेते टिकुली, सुन अहा संगी मोर लिलार हो, लेते आबे टिकुली-उपरांत यथार्थ विष्णु द्वारा शानदार ष्ना राजा का लड़का हूं मैं, ना उद्यम व्यापार में गीतों का राजकुमार, पास नहीं है धन दौलत ना, सोने की भंडार क्या फिर भी तुमको प्यार-सुनाकर वाह वाही लूटी तत्पश्चात सोन प्रभात न्यूज संपादक आशीष कुमार गुप्ता द्वारा समाज में पहले जाति भेद के ऊपर जल की महत्ता को समिति युवा के मर्म को ह्यवहीं डगर वहीं चुनी जो सामाजिक थी मेरे कामों के पीछे छीपी लॉजिक थीं की प्रथम प्रस्तुति विचार मंच पर दिया जिसे खूब सराहा गया। नवोदय कवि मुकेश कुमार द्वारा काबिले तारीफ बंगाल के डॉक्टर की के साथ गत माह जघन्नतम घटना से उत्पन्न मार्मिक रचना ह्यकरे जो बेटी का अपमान, जो लूट उसका मान सम्मान, तो उसके भाषा में उसको समझना चाहिए, जल्लादो को चैराहों पर जलाना चाहिए ह्यतीखी रचना पढ मन का भड़ास निकाला। जैसे करतल ध्वनि से सराहा गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार मंच अध्यक्ष डॉक्टर लवकुश प्रजापति ने-मैं हूं चिरयौवन कुंती, एक शापित माँ-किले के एक अज्ञात गवाक्ष में, मैंने अभी-अभी तो जना था, सूर्यपुत्र अपने ह्दयांश कर्ण को, अपनी कुँआरि कोख से-ह्यमां कुंती का मर्म के शानदार अनोखी प्रस्तुति कर कवियों को चिंतन की एक नई दिशा दी। डॉ संजय कुमार गुप्ता द्वारा पहली बार शायरी ह्यखुशियों का ना खो देना मेरे बाद भी, मुझे ढूढ़ लेना मेरे बाद भी-पढ़कर खूब वाहवाही लूटी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत दुद्धी अध्यक्ष कमलेश मोहन द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर ह्यजब तलक जिंदा रहेगा आशियां दे जाएगा, कत्ल होता पेड़ तो भी लड़कियां दे जाएगाह्न साथ हीं आतंकवाद पर करारा प्रहार में ह्यमजहब के नाम पर बेगुनाहों का कत्ल करने वालों तेरे बाद तेरे अपनों का अंजाम क्या होगा जरा ए सोंच लेना-पढ़कर हैरत में डाला जिसे खूब सराहा गया।

## अखिल भारतीय जाट महासभा ने वीर गोकुला जाट को अर्पित की श्रद्धांजलि



**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा सुभाष चैधरी के निवास पंचवटी कॉलोनी में वीर गोकुला जाट के बलिदान दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश चैधरी जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय जाट महासभा मथुरा द्वारा की गई। वीर गोकुला जाट द्वारा हिंदुओं की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया। लेकिन मुस्लिम शासक के समक्ष समझौता नहीं किया। औरंगजेब कर के नाम पर जनता का शोषण कर रहा था वीर गोकुला जाट ने विरोध किया और अपनी, 5 हजार सैनिको के साथ औरंगजेब की विशाल सेना को पराजित कर उसके सेनापति की मृत्यु कर दी। इससे औरंगजेब बौखला गया और वीर योद्धा को चारों दिशाओं से घेर कर बंदी बना लिया। आगरा में एक एक अंग काटकर मृत्यु दी थी। जब वीर की भुजाओं को काटा गया तो खून का फब्बारा फूटा था। आज आगरा में उसी स्थान का नाम फब्बारा है। श्रद्धांजलि सभा में सर्व श्री रामवीर सिंह बल्टिकारी, देशवीर सिंह, दिगंबर सिंह, नेत्रपाल सिंह, कमल सिंह, दयाशंकर जी, मानपाल सिंह, तोरण सिंह, मेघ सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, सतवीर सिंह, उदयवीर सिंह, भूपराम पहलवान, सुजाता सिंह जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सत्यवती चैधरी, दीपा चैधरी आदि उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस-वे पर चलती बस धू-धू कर जली, चालक ने कूदकर बचायी जान




**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर दौड़ती बस में अचानक से आग लग गई। आग लगते देख चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई, आग लगने की सूचना पर गस्त कर रही पीआरबी 1939 की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंची और पीआरबी पुलिस ने इलाका पुलिस एवं यमुना एक्सप्रेसवे की अधिकारियों को घटना की सूचना दी। थाना बलदेव क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 135 के समीप एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे नोएडा के परी चैक से महाराष्ट्र के लिए चली एक प्राइवेट बस में अचानक से धुआं निकलने लगा, धुंआ निकलता देख बस चालक ने बस को साइड किनारे खड़ा कर दिया। और देखते ही देखते उसमें आग लग गई आग की ऊंची लपटों को देख हाईवे पर हड़कंप मच गया और दौड़ते वाहनों के पहिए थम गए। घटना को देख राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर हाईवे पर गस्त कर रही पीआरबी 1939 की गाड़ी मौके पर पहुंची। पीआरबी पुलिस ने थाना बलदेव पुलिस और यमुना एक्सप्रेस वे के अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर इलाका पुलिस एवं यमुना एक्सप्रेसवे की दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और बस में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। बस में भीषण आग लगी हुई थी और हाईवे पर अन्य वाहनों के पहिये थम गई, सूचना पाकर पहुंची दमकल की गाड़ी नेआग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बस जलकर खाक हो गई। बलदेव थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकी सिंह ने बताया गया कि बस में कोई भी सवारी नहीं थी बस पूरी तरह से खाली थी और केवल चालक था चालक को जैसे ही बस से दुआ ने निकलता हुआ दिखाई दिया तो उसने साइड से बस को लगा दिया और कूद कर अपनी जान बचाई, थाना प्रभारी ने बताया गया कि बस चालक देवदास पुत्र काशीनाथ निवासी बीलबाड़ी थाना बसवा जिला विदर कर्नाटक का रहने वाला है जो खाली गाड़ी को नोएडा के परी चैक से महाराष्ट्र के लिए लेकर जा रहा था।

# नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मेधावियों को किया समान्नित



**सोनभद्र,शक्तिनगर।** संत जोसेफ स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रांची झारखंड के हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम खेल गांव में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण व दो रजत समेत कुल 6 पदक अपने नाम किया स खिलाड़ियों ने विभिन्न भार व वायु वर्ग में प्रतिभाग किया, जिसमें स्वर्ण पदक पर आरती यादव एवं रुचिका यादव ने तो विद्वत जायसवाल एवं अपेक्षा ने रजत पदक तथा कांस्य पदक पर आराध्या सिंह एवं आराध्या वाजपेई ने बाजी मारी स ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य यूनिट झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रांतो के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक आयोजित हुई, जिसमें भारी संख्या में देश के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। खिलाड़ियों प्रदर्शन से विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीसेंट परेरा ने खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक संतोष यादव को हार्दिक बधाई एवं जीत की ट्राफी देते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक ङ्गउत्साहवर्धक है, जिससे प्रोत्साहित होकर अन्य खिलाड़ी भी ऐसे आयोजनों में उम्दा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित होंगे। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## गैस कैप्सूल टैंकर पलटने से हाईवे पर अफरातफरी, वाहनों की लंबी कतार

**मथुरा।** बीतीरात राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक गैस कैप्सूल टैंकर ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे अफरातफरी मच गई। और हाइवे पर लंबा जाम लग गया। बताया गया कि कृष्णानगर चैकी अन्तर्गत जैत मंदिर के पास रात करीब 9 बजे जैसे ही गैस कैपसूल टंकर पलटा तो अफरातफरी मच गई। टैंकर खाली होने के कारण कोई हादसा नहीं हुआ। यह टैंकर सोनीपत से गैस खाली करके मथुरा रिफाइनरी लौट रहा था। तभी यह घटना हुई। कैपसूल गैस टैंकर की गति तेज होने के कारण वह रेलिंग तोड़ता हुआ आगे तक पहुंच गया। पूरी तरह टैंकर ध्वस्त हो गया। दमकल विभाग की गाडियां मौके पर पहुंच गई। रिफाइनरी के कर्मचारी और उनकी टीम भी मौके पर पहुंच गई। कैपसूल टैंकर चालक घायल हुआ है। उसे चिकित्सा के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। रिफाइनरी की टैक्नीशियन टीम ने जांच पड़ताल की बाद में 3-4 घंटे की मशक्कत के बाद इसे सीधा किया गया। तब जाकर रास्ता खोला गया। इस दौरान हाइवे पर वाहनों लंबी कतार लग गई।

## तमंचा सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने एक अभियुक्त दुर्गेश उर्फ नागा पुत्र स्व0 मुन्नालाल निवासी ग्राम बाकलपुर थाना नसीरपुर फिरोजाबाद को एक तमंचा व दो कारतूस सहित बाकलपुर भट्टे के पास से गिरफ्तार किया थाना पुलिस ने अभियुक्त को विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## जिलाधिकारी ने रैनबसेरों का किया निरीक्षण, गरीबों को बांटे कंबल

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने गोवर्धन के रैन बसेरा का अचानक निरीक्षण किया। वहां पर मौजूद तीर्थ यात्रियों से उन्होंने रैन बसेरे की व्यवस्थाओं की जाकारी ली। उन्होंने बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं और देने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने शासन के निर्देश पर गरीब व असहाय लोगों के लिएकंबल वितरित किए। इस मौक पर उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जनपद में संचालित सभी 29 रैन बसेरों का अधिकारी रात में भ्रमण कर रहे हैं। जिसकी वजह से रैन बसेरों में आने वाले लोगों को अच्छी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि शीतलहर को देखते हुए अलाव जलवाए जा रहे हैं। तहसीलदार अपने-अपने तहसीलों में कंबल वितरित कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने गोवर्धन में नियमित साफ सफाई और नियिमत रूप से रैन बसेरों में हीटल चलाने को कहा। उन्होंने बताया कि जनपद में कोई भी व्यक्ति ठंड में खुलेआसमान में न रहे। सभी के लिए व्यवस्थाएं की जा रही है। जगह-जगह रैन बसेरे बनाए जा रहे हैं जिससे किसी की ठंड से मौत न हो।

# श्रील जीव गोस्वामी की पुण्यतिथि पर हुआ समाधि पूजन

- नगर के संत महंत डप्रबुद्धजनों ने श्रीजीव को स्वामी महाराज को अर्पित की श्रद्धांजलि



**मथुरा।** कान्हा की नगरी श्रीधाम वृंदावन के सप्त देवालयों में से प्रमुख ठाकुर श्रीराधा दामोदर मंदिर में गुरुवार को विश्व गुरु श्रील जीव गोस्वामी महाराज का तिरोभाव महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मंदिर में मौजूद समाधि स्थल पर श्रील जीव गोस्वामी महाराज की चरण पादुका का अभिषेक किया गया। वही मंदिर के सेवायतों के द्वारा समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बोलते हुए मंदिर की सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी महाराज ने बताया कि मंदिर की मां गोसाई आचार्य तरूलता गोस्वामी के सानिध्य में यह उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है। आज विश्व गुरु श्रील जीव गोस्वामी महाराज की पुण्यतिथि है। जिसमें प्रातः कालीन बेला में मंदिर में मौजूद श्रील जीव गोस्वामी महाराज की समाधि स्थल पर पूजन अर्चन और अभिषेक किया गया। वहीं आचार्य करुण गोस्वामी महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में आज प्रातः कालीन बेला में श्रील जीव गोस्वामी महाराज के द्वारा लिखे ग्रंथों का साधुओं के द्वारा मंदिर में पारायण किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में सूचक गायन का भी आयोजन हुआ है। मंदिर के सेवायत आचार्य पूर्ण चंद्र गोस्वामी महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में मध्यकालीन बेला में साधु संतों का भंडारा किया गया। साथ ही संध्या कालीन बेला में नगर के प्रबुद्ध जन, साधु संत महंतों के द्वारा श्रील जीव गोस्वामी महाराज को अपने-अपने व्यक्तव्य के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह उत्सव हर वर्ष बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। 3 जनवरी को इस उत्सव का समापन नगर शोभायात्रा एवं भंडारे के साथ होगा। इस मौके पर स्वामी ज्ञानसागर महाराज, मधुसूदन महाराज, दिनेश शर्मा, स्वामी रामदेवनंद सरस्वती महाराज, बिहारी लाल वशिष्ठ, महंत प्रेमदास महाराज, अधिकारी गुरु महाराज, आचार्य दीपक गोस्वामी मौजूद रहे।

संक्षेप

## चीनी उत्पादन 16 प्रतिशत घटकर 95.40 लाख टन

नयी दिल्ली। अक्टूबर में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष की पहली तिमाही में चीनी उत्पादन 16 प्रतिशत घटकर 95.40 लाख टन रह गया, जिसका मुख्य कारण महाराष्ट्र के उत्पादन में गिरावट आना है। बृहस्पतिवार को जारी उद्योग निकाय इस्मा के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले की इसी अवधि में चीनी मिलों ने 113.01 लाख टन चीनी का उत्पादन किया था। उत्पादन के आंकड़ों में एथनॉल बनाने के लिए चीनी के हस्तांतरण को शामिल नहीं किया गया है। भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में पेराई दर पिछले साल से बेहतर थी। हालांकि, बारिश के कारण गन्ने की आपूर्ति में अस्थायी व्यवधान के कारण दिसंबर, 2024 के अंतिम सप्ताह के दौरान उत्तर प्रदेश में पेराई की दर प्रभावित हुई। पहली तिमाही के दौरान 493 मिलें चालू थीं, जबकि एक वर्ष पूर्व यह संख्या 512 थी। देश के सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2024-25 (अक्टूबर-सितंबर) की पहली तिमाही के दौरान घटकर 32.80 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 34.35 लाख टन था। देश के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में उत्पादन एक साल पहले के 38.20 लाख टन से घटकर 30 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में उत्पादन 24.91 लाख टन से घटकर 20.40 लाख टन रह गया।

## सीआरआई पम्स को मिला 754 करोड़ का ऑर्डर

नई दिल्ली। सीआरआई पंप्स ने अपनी प्रतिबद्धता को स्थिरता और अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मुंबई महाराष्ट्र द्वारा 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। इस ऑर्डर का मूल्य 754 करोड़ रुपये है और यह मागेल त्याला सौर कृषी पंप योजना का हिस्सा है इस नियुक्ति के साथ, सीआरआई पंप्स अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा देने, महाराष्ट्र के कृषि परिदृश्य को सशक्त बनाने और एक हरित एवं अधिक स्थायी भविष्य में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि एमएसईडीसीएल ने इन सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए हमें चुना है। यह बड़ा ऑर्डर नवाचार और ऊर्जा-कुशल, टिकाऊ पंपिंग समाधानों के विकास में सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताओं, गहन उद्योग विशेषज्ञता और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ, सीआरआई पंप्स इन सिस्टम्स की निर्बाध डिलीवरी और इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करता है।

## टाटा ने नये मानक स्थापित किये

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स सीएनजी वाहन सेगमेंट को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कंपनी ने खुद को मार्केट लीडर के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। मजबूत उत्पाद पोर्टफोलियो और रणनीतिक पहलों के साथ, कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही तक संपूर्ण सीएनजी सेगमेंट में प्रभावशाली 21.1 फीसद बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। इस अवधि के दौरान ब्रांड की कुल कार बिक्री में सीएनजी वाहनों की हिस्सेदारी 26 फीसद थी, जो मजबूत क्षेत्रीय विकास की स्थिति को दशार्ता है। पर्यावरण अनुकूल मोबिलिटी के प्रति टाटा मोटर्स की प्रतिबद्धता उभरते ऑटोमोटिव परिदृश्य को अपनाने के लिए इसके सक्रिय दृष्टिकोण में स्पष्ट रूप से जाहिर होती है।

## मजबूत हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग से कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार बढ़ा दिए जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल का भाव 32 रुपये चढ़कर 6,196 रुपये प्रति बैरल हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में फरवरी आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंध का भाव 32 रुपये यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,196 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें कुल 589 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि कारोबारियों के अपने सौदे बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल के भाव में तेजी दर्ज की गई। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल का भाव 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.06 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# सेंसेक्स में 1436 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,436 अंक उछलकर दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया। वित्तीय, वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,943.71 अंक पर बंद हुआ। यह एक महीने से अधिक समय में एक दिन की यह सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान, यह 1,525.46 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 445.75 अंक यानी 1.88 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,188.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से बजाज फिनसर्व में सर्वाधिक लगभग आठ प्रतिशत की तेजी रही जबकि बजाज फाइनेंस छह प्रतिशत से अधिक चढ़ा। इसके अलावा मारुति, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। सन फार्मा एकमात्र कंपनी रही, जिसमें गिरावट रही। घरेलू बाजार में गतिविधियां तेज रहीं। इसका कारण अगले सप्ताह से कंपनियों का वित्तीय परिणाम आना है, जिसको लेकर निवेशक आशावादी हैं। तेजी चौतरफा रही। ज्यादातर क्षेत्रों के सूचकांक लाभ में रहे। वाहन क्षेत्र इसमें अगुवा रहा। इसका कारण दिसंबर महीने में बिक्री का मजबूत होना है। बैंक और आईटी शेयरों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा...। मझोली कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 0.89 प्रतिशत चढ़ा जबकि स्मॉलकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत मजबूत हुआ। देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर महीने में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये रहा है। घरेलू और निर्यात मदों में कर वापसी में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद जीएसटी संग्रह बढ़ा है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर में 12 महीने के निचले स्तर 56.4 पर आ गई। नए ऑर्डर तथा उत्पादन की धीमी गति इसकी मुख्य वजह रही। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। पीएमआई दिसंबर में 56.4 रहा, जो नवंबर में 56.5 था। यह परिचालन स्थितियों में कमजोर सुधार का संकेत देता है। गिरावट के बावजूद इसका 54.1 के अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर रहना मजबूत वृद्धि दर का संकेत देता है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।

## सेबी ने फ्रंट रनिंग मामले में नौ इकाइयों पर रोक लगाई, 21 करोड़ रुपये की अवैध कमाई जब्त की



नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों से जुड़ी एक फ्रंट-रनिंग योजना का भंडाफोड़ किया है। इन लोगों ने इस योजना के जरिये 21.16 करोड़ रुपये का अवैध लाभ कमाया था। पीएनबी मेटलाइफ ने इस संदर्भ में जारी एक बयान में कहा है कि उसने जांच के दौरान सेबी के साथ पूरा सहयोग किया और इस मामले में शामिल व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की है।

कंपनी ने बयान में कहा कि अपनी आंतरिक प्रक्रिया के तहत हमने अनुशासनात्मक कार्वाई की है। मेटलाइट कंपनी संचालन और पारदर्शिता के उच्च मानकों का अनुपालन करती है। फ्रंट रनिंग से आशय अग्रिम सूचना के आधार पर शेयर बाजार में लेन-देन करना और लाभ कमाना है। उस समय तक यह सूचना ग्राहकों को उपलब्ध नहीं होती। मामले से संबंधित इकाइयों द्वारा फ्रंट-रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही। सेबी ने हाल ही में जारी एक अंतरिम आदेश में सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया और उनके द्वारा अर्जित अवैध लाभ को जब्त कर लिया। सेबी ने कुछ इकाइयों द्वारा बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लेन-देन में संदिग्ध फ्रंटरनिंग की जांच की थी। जांच का मकसद यह पता लगाना था कि क्या संदिग्ध इकाईयों ने डीलरों औराया कोष प्रबंधकों सहित सहित अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके बड़े ग्राहकों के लेन-देन में फ्रंट रनिंग की थी और इस तरह इन लोगों ने सेबी के पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया था या नहीं। जांच की अवधि एक जनवरी, 2021 से 19 जुलाई, 2024 तक थी। अपनी जांच में सेबी ने पाया कि पीएनबी मेटलाइफ में अधिकांश लेन-देन से संबंधित निर्णय निष्पादन के लिए सचिन दगली को सौंपे गये थे। नियामक ने पाया कि सचिन बकुल दगली और उनके भाई तेजस दगली ने पीएनबी मेटलाइफ और इन्वेस्टेक के संस्थागत ग्राहकों के आगामी ऑर्डर के बारे में गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त की।

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर निचले स्तर



नयी दिल्ली। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर में 12 महीने के निचले स्तर 56.4 पर आ गई। नए ऑर्डर तथा उत्पादन की धीमी गति इसकी मुख्य वजह रही। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर में 56.4 रहा जो नवंबर में 56.5 था। यह परिचालन स्थितियों में कमजोर सुधार का संकेत देता है। गिरावट के बावजूद इसका 54.1 के अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर रहना मजबूत वृद्धि दर का संकेत देता है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। भारत की विनिर्माण गतिविधि ने 2024 में एक मजबूत वर्ष का समापन किया, जबकि औद्योगिक क्षेत्र में मंदी के रुझान के संकेत मिले हालांकि यह मध्यम रहे। नए ऑर्डर में विस्तार की दर इस साल सबसे धीमी रही, जो भविष्य में उत्पादन में कमजोर वृद्धि का संकेत देती है। प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबाव के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि बाधित हुई। नये निर्यात ऑर्डर की गति में कुछ वृद्धि हुई है, जो जुलाई के बाद सबसे तेज गति से बढ़ी है। कीमतों के मोर्चे पर, नवंबर से कंटेनर, सामग्री तथा श्रम लागत में कथित रूप से वृद्धि के साथ, भारतीय विनिर्माताओं ने समग्र व्यय में और वृद्धि दर्ज की। हालांकि, मासिक आधार पर कच्चे माल की मूल्य मुद्रास्फीति की दर ऐतिहासिक मानकों के अनुसार मध्यम रही। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## रुपये नौ पैसे फिसलकर 85.73 प्रति डॉलर पर आया

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में जोरदार उछाल के बीच बृहस्पतिवार को आयातकों से डॉलर की मजबूत मांग आने और विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से रुपया डॉलर के मुकाबले नौ पैसे गिरकर 85.73 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि 2024 में अधिकांश मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में तेजी रही थी और यह सिलसिला नए साल में भी जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा विदेशी कोषों की लगातार निकासी भी कारोबारी धारणा को प्रभावित कर रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोरी के साथ खुला और कारोबार के दौरान 85.68 के ऊपरी स्तर तक गया और 85.79 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक आया। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बीच रुपया कारोबार के अंत में 85.73 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.64 पर स्थिर रहा था जो इसका रिकॉर्ड निचला बंद भाव है। रुपये ने 27 दिसंबर को कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.80 के अबतक के सबसे निचले स्तर को छुआ था। हमें आशंका है कि अमेरिकी डॉलर में मजबूती और आयातकों की तरफ से डॉलर मांग आने के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार निकासी से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक का किसी भी तरह का हस्तक्षेप रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकता है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 85.50 से 86 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत गिरावट के साथ 108.46 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.91 प्रतिशत बढ़कर 75.32 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 1,436.30 अंक उछलकर 79,943.71 अंक पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 445.75 अंक बढ़कर 24,188.65 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को पूंजी बाजार में 1,782.71 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।



## देश में रोजगार पिछले 10 साल में 36 प्रतिशत बढ़कर 64.33 करोड़



नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में रोजगार पिछले 10 साल में 36 प्रतिशत बढ़कर 2023-24 में 64.33 करोड़ रहा है। जबकि 2014-15 में यह 47.15 करोड़ था। यह राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार के कार्यकाल के दौरान रोजगार सृजन की स्थिति में सुधार को दर्शाता है। मंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार के तहत 2004 से 2014 के बीच रोजगार में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के दौरान 2004 से 2014 के बीच सिर्फ 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हुईं, जबकि नरेन्द्र मोदी सरकार के तहत 2014-24 के बीच 17.19 करोड़ नौकरियां जोड़ी गईं। मंत्री ने कहा कि केवल पिछले एक साल (2023-24) में, देश में लगभग 4.6 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। देश में रोजगार सृजन को लेकर सरकार पर दबाव के बीच यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है। मांडविया ने कृषि क्षेत्र के बारे में कहा कि संप्रग कार्यकाल के दौरान 2004 से 2014 के बीच रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि राजग कार्यकाल के तहत 2014 से 2023 के बीच इसमें 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी तरह, संप्रग कार्यकाल में 2004 से 2014 के बीच विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सिर्फ छह प्रतिशत बढ़ा, जबकि राजग कार्यकाल में 2014-2023 के बीच इसमें 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि संप्रग कार्यकाल के दौरान 2004 से 2014 के बीच सेवा क्षेत्र में रोजगार 25 प्रतिशत बढ़ा, जबकि मोदी कार्यकाल के दौरान 2014 से 2023 के बीच इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मांडविया ने यह भी कहा कि बेरोजगारी दर घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत पर आ गई जो 2017-18 में छह प्रतिशत थी। वहीं रोजगार दर यानी कामकाजी आबादी अनुपात बढ़कर 2023-24 में 58.2 प्रतिशत हो गया, जो 2017-18 में 46.8 प्रतिशत था। इसी तरह, श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) बढ़कर 2023-24 में 60.1 प्रतिशत हो गई जो 2017-18 में 49.8 प्रतिशत थी। मंत्री ने संगठित क्षेत्र में नौकरी में शामिल होने वाले युवाओं की संख्या में वृद्धि के बारे में यह भी कहा कि पिछले सात साल में (सितंबर 2017-सितंबर 2024 के बीच) 4.7 करोड़ से अधिक युवा (आयु 18-28 वर्ष) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े।

## जीटीआरआई ने सुरक्षा उपाय से पहले इस्पात उद्योग के मूल्यांकन का किया आह्वान

नयी दिल्ली। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने प्रस्तावित सुरक्षा शुल्क लगाने से पहले मौजूदा आयात उपायों के प्रभाव की समीक्षा करने के लिए भारतीय इस्पात उद्योग का व्यापक आकलन करने का बृहस्पतिवार को आह्वान किया।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट में दावा किया गया कि कुछ इस्पात उत्पादों के आयात में कथित उछाल के संबंध में वाणिज्य मंत्रालय की सुरक्षा जांच में कई तकनीकी कमियां हैं, जैसे कि न्यूनतम आयात वृद्धि वाले उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करना तथा वैश्विक सुरक्षा उपायों का अनुचित इस्तेमाल करना। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि कोई भी नया उपाय उद्योग और व्यापक अर्थव्यवस्था पर मौजूदा उपायों के प्रभावों की स्पष्ट समझ पर आधारित होना चाहिए। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, भारत में इस्पात उद्योग की स्थिति पर एक अध्ययन किया जाए और प्रस्तावित व मौजूदा आयात उपायों के परिणामस्वरूप होने वाली उच्च लागत, आर्थिक वृद्धि और नौकरियों पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करें। इसके बाद ही कोई भी नई कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ), इस्पात आयात निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस) और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की आवश्यकताओं वाली वर्तमान प्रणाली अत्यधिक जटिल व नकाफी है। जीटीआरआई रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि इन प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा अनुपालन को स्वचालित तथा परेशानी मुक्त बनाने के लिए उच्च स्तरीय समीक्षा आवश्यक है। मंत्रालय के अधीन व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने पिछले महीने फैब्रिकेशन, पाइप विनिर्माण, निर्माण, पूंजीगत सामान, ऑटो, ट्रैक्टर, साइकिल और इलेक्ट्रिकल पैनल सहित विभिन्न उद्योगों में उपयोग किए जाने वाले गैर-मिश्र धातु व मिश्र धातु इस्पात उत्पादों के आयात की जांच शुरू की है। इंजीनियरिंग क्षेत्र के एमएसएमई निर्यातकों ने कहा कि इस्पात आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का कोई भी कदम घरेलू उत्पादों को अप्रतिस्पर्धी बना देगा।

पेज एक का शेष

### मनु, गुकेश

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। यह घोषणा उन खबरों के कुछ दिन बाद आई जिनमें कहा गया था कि आवेदन नहीं करने के कारण पुरस्कार चयन समिति ने मनु के नाम की खेलरत्न के लिये अनुशंसा नहीं की है। बाद में मनु ने स्वीकार किया कि नामांकन भरते समय शायद उनसे ही चूक हुई थी।

मसला सुलझने के बाद मनु को पुरस्कार मिलने को लेकर कोई शक नहीं था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीता। अठारह वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैम्पियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालम्पिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिये कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं। खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले को एक मेडल, प्रशस्ति पत्र और 25 लाख रूपये नकद मिलते हैं जबकि अर्जुन पुरस्कार में 15 लाख रूपये नकद, अर्जुन की मूर्ति और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

### चंदन गुप्ता

गुप्ता ने दर्ज कराई थी। दो सितंबर 2019 को कासगंज की सत्र अदालत ने 23 अभियुक्त व इसके बाद 16 नवंबर 2019 को सात अभियुक्तों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 147, 148, 307/149, 302/149, 341, 336, 504, 506 व 124क के साथ ही राष्ट्रजेय ध्वज अपमान निवारण अधिनियम की धारा 2 के तहत आरोप तय किया था। इसके साथ ही अभियुक्त सलीम, वसीम, नसीम, मोहिसन उर्फ अली, सलमान, बबलू व राहत के खिलाफ आर्म्स एक्ट में भी आरोप तय हुआ था। हालाकि आरोपियों के विरुद्ध राजद्रोह की धारा 124ए में मुकदमे का विचारण नहीं हुआ।

### विकास पथ

डबल इंजन की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में इंसेफलाइटिस की बीमारी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। सीएम योगी ने कहा कि आज का गोरखपुर आधुनिक भारत के आधुनिक उत्तर प्रदेश के आधुनिक गोरखपुर का दर्शन करा रहा है। जबकि सपा की सरकार में गोरखपुर में बिजली नहीं मिलती थी, लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती थीं। बीआरडी मेडिकल कॉलेज खुद बीमार हो गया था तो लोगों का बेहतर इलाज कैसे करता। 1990 में सपा और कांग्रेस सरकार ने गोरखपुर के खाद कारखाना को बंद कर दिया।

पिपराइच की चीनी मिल बंद ही नहीं थी बल्कि इसे बेचने की तैयारी की जा रही थी। सड़कों की दशा ऐसी थी कि पता ही नहीं चलता था कि सड़क पर गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क है। रामगढ़ताल गंदगी का ढेर बना हुआ था। अब रामगढ़ताल पर्यटन का नया केंद्र बन गया है। गोरखपुर का खाद कारखाना और पिपराइच की चीनी मिल दोबारा चालू हो गई है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था सुदृढ़ हो गई है और गोरखपुर में एम्स भी शुरू हो गया है। हर तरफ टूलेन, फोरलेन और सिक्सलेन की रोड कनेक्टिविटी है। उन्होंने कहा कि गोड़धोईया नाला का कार्य पूर्ण होते ही जलभराव की समस्या का भी स्थायी समाधान हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्य करने का जज्बा होना चाहिए। समाज के प्रति जवाबदेही का जज्बा होगा तो सभी समस्याओं का समाधान भी हो जाएगा।

### पूर्व अधिकारियों

में लेते हुए प्रधानमंत्री जी ने भारत के लिए वर्ष 2025 तक का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक टीबी रोगी भारत मे हैं और भारत को टीबी मुक्त करने के लिए सबसे बड़ी आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश में टीबी उन्मूलन अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने टीबी उन्मूलन की दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में टीबी रोगियों की जांच पहले के मुकाबले चार गुना हो गई है। नैट एवं एक्सरे मशीनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रदेश में टीबी उपचार की सफलता दर पिछले चार वर्षों में 79 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत हो गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निःक्षय पोषण योजनान्तर्गत डीबीटी के माध्यम से लगभग 27 लाख टीबी रोगियों के खाते में 775 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान हो चुका है। इसी तरह, फेफड़े के टीबी रोगियों के साथ रहने वालों को टीबी रोग न हो, उन्हें टीबी से बचाव का इलाज दिया जा रहा है। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में जनभागीदारी के महत्व पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक 45 हजार से अधिक निक्षय मित्रों की ओर से टीबी रोगियों को गोद लिया गया है और प्रदेश की 1372 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीबी रोगी समाज का अंग हैं, समाज में उनको सम्मान प्रदान कराया जाना, हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। निक्षय मित्र के रूप में सभी सेवानिवृत्त आईएएस/आईपीएस और पूर्व कुलपतिगण टीबी मरीजों को गोद लें, उन्हें उपचार के बारे में जानकारी दें और समुचित सहायता उपलब्ध कराएं।

### सहा. आबकारी

है। उक्त के दृष्टिगत रामप्रीत चौहान को निलम्बित किये जाने का आदेश दिये गये हैं तथा प्रश्नगत प्रकरण की जांच के लिए विशेष सचिव, आबकारी विभाग दिव्य प्रकाश गिरि को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस नीति के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग में किसी भी स्तर पर अनियमितता पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी। उधर, भ्रष्टाचार के आरोप में अयोध्या के राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है। साथ ही संविदा पर तैनात लिपिक की मौत के मामले की भी जांच कराई जाएगी। पीड़ित के परिवार ने प्रधानाचार्य पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अयोध्या मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य के प्रकरण को गंभीरता से लिया है। जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए डिप्टी सीएम ने कार्रवाई की है।

### सीएम धामी

यात्रा के लिए तैयार किया जा रहा है और अधिकांश स्थलों पर तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इसका असर आज यहां श्रद्धालुओं की भीड़ से साफ तौर पर देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने शीतकालीन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा और आराम को प्राथमिकता देगी। मुख्यमंत्री ने सुरकंडा देवी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनसे यात्रा के संबंध में जानकारी ली। श्रद्धालु मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी लेने में काफी उत्साहित नजर आये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वहां के स्थानीय दुकानदारों से भी बातचीत की और उनके व्यवसायों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पादित स्थानीय सामग्री की खरीददारी भी की, जिससे समूह की महिलाओं को आर्थिक लाभ मिला। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता और उनके द्वारा किए जा रहे काम की सराहना की।

उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा निर्मित यह स्थानीय उत्पाद न केवल इस क्षेत्र की संस्कृति को संजोते हैं बल्कि इससे महिलाओं को सशक्त बनाने में भी मदद मिलती है। मैं उन्हें उनके अच्छे काम के लिए बधाई देता हूं। सुरकंडा देवी मंदिर उत्तराखंड के सबसे प्रसिद्ध सिद्धपीठों में से एक है जो देवी पार्वती के एक रूप सुरकंडा को समर्पित है। यह मंदिर देहरादून जिले के पास स्थित है और शीतकालीन यात्रा के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को मानसिक और आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है। मंदिर के आसपास का क्षेत्र भी बहुत आकर्षक है, जहां से हिमालय की चोटियों का दृश्य देखा जा सकता है। यहां का वातावरण भक्तों को आध्यात्मिक उन्नति की ओर प्रेरित करता है। हर साल, खासकर शीतकालीन यात्रा के दौरान यह स्थल भारी संख्या में श्रद्धालुओं से भर जाता है जो देवी के दर्शन करने के साथ-साथ इस इलाके की प्राकृतिक सुंदरता का भी आनंद लेते हैं। सीएम धामी ने इस दौरान राज्य सरकार के प्रयासों पर भी जोर दिया, जिनका उद्देश्य उत्तराखंड को एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करना है। शीतकालीन यात्रा के सफल आयोजन के लिए सरकार ने विभिन्न सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जैसे कि मार्गों का सफाई, सुरक्षा उपायों का सुदृढ़ीकरण और शरण स्थलों की व्यवस्था।

### पॉक्सो मामलों

चिकित्सीय जांच सहित किसी भी तरीके से पीड़ित की पहचान की रक्षा करने में विफल रहे। अधिकारी की विफलता पर कड़ा रुख अपनाते हुए अदालत ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि भविष्य में कानून का ऐसा कोई उल्लंघन न हो। अदालत ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों का उल्लेख किया तथा बच्चे की पहचान के सार्वजनिक प्रकटीकरण पर प्रतिबंध की ओर इशारा किया। इसने कहा, इस आदेश की एक प्रति पुलिस आयुक्त और चिकित्सा अधीक्षक, एम्स को भेजी जाए, जिसमें उचित दिशानिर्देश जारी करने के निर्देश दिए जाएं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे मामलों में पीड़ित की पहचान की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएं और भविष्य में इस तरह का उल्लंघन न हो। अनुपालन रिपोर्ट अदालत के समक्ष रखी जाए। यह मामला पॉक्सो अधिनियम के तहत यौन उत्पीड़न के एक मामले में व्यक्ति की सजा के खिलाफ अपील से संबंधित था। दोषी को 2021 में 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी।

### संभल : मस्जिद

होने की बात कहते हुए समय की मांग की थी। वहीं जामा मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता शकील अहमद वारसी ने समय मांगने को लेकर आपत्ति दाखिल कर दी थी। बृहस्पतिवार को करीब साढ़े चार बजे कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव सर्वे रिपोर्ट लेकर सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल स्थित चंदौसी आदित्य कुमार सिंह के न्यायालय कक्ष में पहुंचे। जहां उन्होंने पीले रंग के बंद लिफाफे में सर्वे की रिपोर्ट दाखिल की। न्यायालय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए लिफाफे को मोहर से सील बंद करा दिया।

### गाजा पर इजराइली

था। करीब 100 लोगों को हमास ने अब भी बंधक बनाया हुआ है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजराइल के हवाई और जमीनी हमले में 45 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय का कहना है कि मरने वालों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। अधिकारियों ने हालांकि यह नहीं बताया कि मरने वालों में कितने आम नागरिक थे और कितने लड़ाके।




## संक्षेप

### रित्विक बोलीपल्ली ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट से बाहर

ब्रिस्बेन। एटीपी सर्किट में लगातार प्रगति कर रहे भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और रोबिन हासे की जोड़ी बृहस्पतिवार को यहां ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारत और नीदरलैंड की यह जोड़ी 12 जनवरी से शुरु होने वाले सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले आयोजित इस एटीपी 250 टूर्नामेंट में रिंकी हिजिकाता और जेसन कुबलर 65 मिनट में 4-6 2-6 से हार गई। बोलीपल्ली मेलबर्न में अपना मेजर पदार्पण करेंगे। एन श्रीराम बालाजी और मिगुएल रेयेस वारेला की जोड़ी को शुरूआती दौर में मैनुअल गुईनार्ड और आर्थर रिंडर्कनेच से 4-6 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य भारतीय युकी भांबरी फ्रांस के अपने जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी के साथ हांगकांग टेनिस ओपन के क्वार्टरफाइनल में कारेन खाचानोव और आंद्रे रूबलेव की जोड़ी से 4-6 6-7(5) से हार गये। एकल में सुमित नागल कैनबरा में एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में अमेरिकी क्वालीफायर पैट्रिक किपसन से 6-2 4-6 ।-6 से पराजित हुए।

### नरेंद्र यादव ने सरकार से पर्वतारोहण को बढ़ावा देने का किया आग्रह

नयी दिल्ली। भारत के सबसे युवा पुरुष पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने सरकार से देश में पर्वतारोहण को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने तथा प्राकृतिक आपदाओं से परे पर्वतारोहियों के योगदान को महत्व देने की बात कही। यादव (30 वर्ष) सात चोटियों पर चढ़ाई कर चुके हैं। उन्होंने 25 दिसंबर को अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन मैसिफ पर चढ़ाई की जिसमें माइनस 52 डिग्री सेल्सियस तक के न्यूनतम तापमान का सामना करते हुए उन्होंने सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर जीत हासिल की। अंटार्कटिका से यादव ने वीडियो कॉल पर पीटीआई से कहा, पर्वतारोहियों का महत्व सरकार को अकसर तभी समझ में आता है जब भूकंप या बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएं आती हैं इसलिये जिला स्तर पर एक समर्पित बचाव बल बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर हम बचाव कोर्स की बात करें तो बहुत कम लोगों ने इसे पूरा किया है। यह आसान नहीं है लेकिन बचाव कार्यों में ट्रेनिंग लेने वाले लोगों की प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे अधिक जरूरत होती है। इस खिलाड़ी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में जोखिम से बचने की संस्कृति पर्वतारोहण और अन्य साहसिक खेलों के विकास में एक बड़ी बाधा है। यादव ने कहा, हम अपने बच्चों को शुरू से ही जोखिम से बचने की ट्रेनिंग देते हैं। हम हमेशा उन चीजों को अपनाने पर जोर देते हैं जो आसानी से उपलब्ध हो सकती हैं। पर्वतारोहण का सिर्फ खेल के तौर पर नहीं बल्कि प्रकृति से जुड़ने और इसकी सराहना करने के तरीके के तौर पर प्रचार किया जाना चाहिए तथा इसे किस तरह सुरक्षित किया और बचाया जा सके।

### निधीश व कियाना को राष्ट्रीय अंडर नौ शतरंज चैंपियनशिप का खिताब

पुणे। तेलंगाना के निधीश श्यामल और राजस्थान की कियाना परिहार ने गुरुवार को यहां 37वीं राष्ट्रीय अंडर-नौ शतरंज चैंपियनशिप में क्रमशः ओपन और लड़कियों के वर्ग का खिताब जीता। श्यामल ने अंतिम दौर में पश्चिम बंगाल के ओइशिक मंडल को हराकर कुल 9.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कियाना ने अंतिम दौर में गुजरात की अश्विसिंह को हराकर 10 अंकों के साथ खिताब जीता। श्यामल को विजेता ट्रॉफी के साथ 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि जबकि उपविजेता आरित कपिल को ट्रॉफी और 36,000 रुपये मिले। कियाना को विजेता ट्रॉफी और 50,000 रुपये जबकि उपविजेता दिवि बिजेश को भी ट्रॉफी और 36,000 रुपये की पुरस्कार राशि मिली।

### मुक्केबाज विजेंदर के पिता महिपाल सिंह का निधन

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह के पिता महिपाल सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया।

# रोहित पर गिर सकती है गाज

## कोच गंभीर ने कप्तान की अंतिम एकादश में जगह की नहीं की पुष्टि

एजेंसी



सिडनी। सवाल सरल था। क्या रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में खेलेंगे? क्या रोहित की जगह सुरक्षित है, इस सवाल पर जवाब हां होना चाहिए था लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर का मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाता सम्मेलन पर जवाब था, हम पिच को देखने के बाद अंतिम एकादश पर फैसला करेंगे। गंभीर के इस अस्पष्ट जवाब ने उन अटकलों को और हवा दी जिनके अनुसार कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म के कारण अंतिम एकादश में जगह पक्की नहीं है। कुछ ही घंटों में यह बात लगभग पक्की हो गई कि 37 वर्षीय रोहित ऐसे पहले भारतीय कप्तान बनने वाले हैं जिन्हें खराब फॉर्म के कारण हटाया जाएगा। और यह सब एक पंक्ति के जवाब से शुरू हुआ। गंभीर के जवाब से यह लगभग स्पष्ट हो जाता है कि रोहित ऑस्ट्रेलिया के वर्तमान दौरे में अपना अंतिम मैच खेल चुके हैं।

वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए थे। रोहित जब से ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं तभी से वह अतिरिक्त उछाल और सीम मूवमेंट का सामना नहीं कर पाने के अलावा अपनी कप्तानी को लेकर आलोचना झेल रहे हैं। अब जबकि भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा खत्म होने की तरफ बढ़ रहा है तब एक टेस्ट क्रिकेटर के रूप में रोहित का करियर निराशाजनक अंत की तरफ बढ़ रहा है। मेलबर्न की तरह ही यहां रोहित नेट्स पर अभ्यास के लिये आखिर में उतरे। अगर उन्हें बाहर किया जाता है तो इसके जिम्मेदार वह स्वयं होंगे क्योंकि अभी तक वह पांच पारियों में केवल 31 रन बना पाए हैं एसी संभावनाएं जताई जा रही हैं, अगर वह सही साबित होती हैं तो फिर तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। भारतीय टीम ने उनके नेतृत्व में ही पहला टेस्ट मैच जीता था। बुमराह ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है तथा 20 से भी कम औसत से 30 विकेट लिए हैं। महेंद्र सिंह धोनी और अनिल कुंबले ने श्रृंखला के बीच में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था क्योंकि उनका शरीर पांच दिनी क्रिकेट और खेल पाने की इजाजत नहीं दे पा रहा था।

रोहित के मामले में उन्हें फॉर्म के आधार पर बाहर किया जायेगा क्योंकि गंभीर ने साफ तौर पर कहा है कि प्रदर्शन के आधार पर ही कोई भी खिलाड़ी भारतीय ड्रेसिंग रूम में बने रह सकता है। अगर रोहित शुक्रवार को टॉस के लिये नहीं आते हैं तो यह माना जा सकता है कि उन्होंने इस सप्ताह एमसीजी पर अपना आखिरी टेस्ट खेल लिया। गंभीर ने अंतिम एकादश का खुलासा नहीं किया लेकिन ऐसे संकेत हैं कि भारतीय टीम तीसरे नंबर पर शुभमन गिल को उतार सकती है। गंभीर ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, भारतीय क्रिकेट में बदलाव का यह दौर सुरक्षित हाथों में है जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग हैं। ड्रेसिंग रूम में बने रहने का एकमात्र मानदंड प्रदर्शन है। श्रृंखला में 1 . 2 से पीछे चल रही आस्ट्रेलियाई टीम आखिरी मैच जीतकर लॉडर्स पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व चैम्पियनशिप फाइनल में जगह पक्की करना चाहेगी। दूसरी ओर भारतीय टीम को न सिर्फ जीत की जरूरत है बल्कि यह भी दुआ करनी होगी कि श्रीलंका अपनी धरती पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो में से एक भी टेस्ट नहीं गंवाये। भारतीय टीम का प्रदर्शन बिल्कुल भी प्रभावी नहीं रहा है और बतौर कप्तान तथा बल्लेबाज रोहित के लिये यह सबसे खराब दौर है। वह संन्यास की घोषणा करे या नहीं करे लेकिन सिडनी के बाद उनका टेस्ट क्रिकेट खेलना संभव नहीं लग रहा।

## भारत का चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पाकिस्तान नहीं जाना दुर्भाग्यपूर्ण



सिडनी। आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटसन ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय टीम के पाकिस्तान नहीं जा पाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया लेकिन कहा कि इस आईसीसी टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार बल्लेबाजों को लंबे समय से चले आ रहे खराब फॉर्म से उबरने का मौका मिलेगा।

आईसीसी ने चैम्पियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में कराने पर मंजूरी जताई है जिसमें भारतीय टीम के सारे मैच दुबई में खेले जायेंगे। वाटसन ने यहां चैम्पियंस ट्रॉफी टूर के दौरान मीडिया से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे हालात बने। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि भारत . पाकिस्तान मैचों का सभी को इंतजार रहता है। जब भी वे एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं तो यह खास होता है। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पाकिस्तान नहीं जा रही है लेकिन इसमें क्या किया जा सकता है। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो वनडे विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को पाटने के लिये अच्छा जरिया है। उन्होंने कहा, चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है क्योंकि वनडे विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है। उन्होंने कहा, वनडे क्रिकेट को इस तरह की ऊर्जा देते रहना जरूरी है क्योंकि यह बेहतरीन प्रारूप है।

इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। वाटसन ने कहा, हम वनडे क्रिकेट को कभी खोना नहीं चाहते लेकिन इसे प्रासंगिक बनाये रखना भी जरूरी है और इसलिये चैम्पियंस ट्रॉफी महत्वपूर्ण है। इसमें सिर्फ आठ टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है। आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर हो जायेंगे जैसे 2013 में आस्ट्रेलियाई टीम हुई थी। भारत ने 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा उस टीम का हिस्सा थे। दोनों इस समय खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं लेकिन वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है।

## ड्रेसिंग रूम की बहस वहीं रहनी चाहिये : गौतम गंभीर

एजेंसी



सिडनी। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम की बहस सार्वजनिक नहीं होनी चाहिये और उन्होंने खिलाड़ियों से ईमानदारी से बातचीत की क्योंकि प्रदर्शन ही उन्हें टीम में रख सकता है। ड्रेसिंग रूम में तनाव की रिपोर्ट के बीच गंभीर ने कहा कि वे सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच नहीं। गंभीर ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, कोच और खिलाड़ी के बीच की बात ड्रेसिंग रूम में ही रहनी चाहिये।

तल्ख शब्द। ये सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच नहीं। उन्होंने कहा, जब तक ईमानदार लोग ड्रेसिंग रूम में हैं, भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। आपको एक ही चीज ड्रेसिंग रूम में रख सकती है और वह है प्रदर्शन। उन्होंने कहा, ईमानदारी से बात कही गई और ईमानदारी महत्वपूर्ण है। गंभीर ने यह भी कहा कि उन्होंने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा से टेस्ट मैच जीतने की रणनीति के अलावा कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा, हर खिलाड़ी को पता है कि उसे कहां सुधार करना है। हमने उनसे एक ही बात की है कि टेस्ट मैच कैसे जीतने हैं।

## मार्श बाहर, स्टार्क बीजीटी आखिरी मैच के लिये फिट

सिडनी। हरफनमौला ब्यू वेबस्टर को शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट में खराब फॉर्म से जूझ रहे मिचेल मार्श की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में रखा गया है। मेजबान कप्तान पैट कमिंस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। तैतीस वर्ष के मार्श चार टेस्ट की सात पारियों में 73 रन ही बना सके हैं। उन्होंने अब तक महज 33 ओवर गेंदबाजी करके तीन विकेट लिये। कमिंस ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारी टीम में एक बदलाव है। मिचेल मार्श की जगह ब्यू वेबस्टर खेलेंगे। मिचेल को पता है कि उसने रन नहीं बनाये हैं। भारत ए के खिलाफ नवंबर में खेलने वाले 31 वर्ष के वेबस्टर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 148 विकेट लिये और 5247 रन बनाये हैं। कमिंस ने मिचेल स्टार्क की फिटनेस को लेकर लग रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि वह पांचवां टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने कहा, उसका स्कैन कराया गया था और वह खेलने के लिये फिट है। बॉक्सिंग डे टेस्ट में स्टार्क पसली में सूजन से जूझ रहे थे लेकिन टीम फिजियो से मदद लेकर उन्होंने प्रभावी गेंदबाजी की। उन्होंने कहा, उसका स्कैन कराया गया था और वह खेलने के लिये फिट है।

## तैयारियां पूरी, आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर आज से

खेल संवाददाता




लखनऊ। हैंडबॉल की प्रतिष्ठित इंटरनेशनल चैंपिनशिप आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर (कांटिनेंटल फेज-एशिया) के लिए मेजबान भारत सहित चार देशों के हैंडबॉल के सितारे लखनऊ पहुंच चुके है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा आयेजित चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर आज

- हैंडबॉल के महामुकाबले की पूर्व संध्या पर टीमों ने पसीना बहाकर की तैयारियों की परख
- भारतीय खिलाड़ी जलवा दिखाने को तैयार, यूथ व जूनियर टीम की हुई घोषणा

कजाखिस्तान व उज्बेकिस्तान की टीमों ने अभ्यास कर अपनी तैयारियों की परख की। वही मेजबान भारत की यूथ व जूनियर टीम ने भी कोर्ट पर पसीना बहाकर इस फेज में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की हुंकार भरी। इस चैंपियनशिप के मैच 3 से 7 जनवरी 2025 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में खेले जाएंगे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि चैंपियनशिप की तैयारिया पूरी कर ली गई है। इसके लिए अनिवार्य टैरा फ्लेक्स के कोर्ट को भी बिछा लिया गया है। इस चैंपियनशिप के लिए मेजबान भारत सहित बांग्लादेश, कजाखिस्तान व उज्बेकिस्तान की यूथ व जूनियर टीमें लखनऊ पहुंच चुकी है। मेजबान भारत की यूथ अंडर-18 व जूनियर अंडर-20 टीमों की घोषणा हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय व कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने करते हुए खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। भारतीय यूथ टीम के मुख्य कोच उत्तर प्रदेश के मोहम्मद तौहीद व हेड ऑफ डेलीगेशन उत्तर प्रदेश के ही अमित पाण्डेय बनाए गए है। भ्रारतीय यूथ टीम में उत्तर प्रदेश के सुयश अवस्थी व मनीष यादव जबकि भारतीय जूनियर टीम में उत्तर प्रदेश के ज्ञान गौरव प्रकाश व मानवेंद्र यादव शामिल किए गए है। इस चैंपियनशिप के पहले दिन चार मैच खेले जाएंगे।

शुक्रवार 3 जनवरी को खेले जाने वाले मैच, बांग्लादेश बनाम कजाखिस्तान (यूथ) दोपहर 2 बजे

बांग्लादेश बनाम कजाखिस्तान (जूनियर) शाम 4 बजे

भारत बनाम उज्बेकिस्तान (यूथ) शाम 6 बजे

भारत बनाम उज्बेकिस्तान (जूनियर) रात 8 बजे

भारतीय यूथ टीम :

अंशु, सुयश अवस्थी, प्रवीण गिल, आर्यन मलिक, नवदीप, नवीन कुमार, पीयूष सिंह, अरुमुगम रमन, रवि, रोहित, ध्रुव सेठ, कर्तव्य प्रताप सिंह, महेंद्र पाल सिंह, मनीष यादव, मुख्य कोच : मोहम्मद तौहीद, कोच : विष्णुवर्द्धन, हेड ऑफ डेलीगेशन : अमित पाण्डेय।

भारतीय जूनियर टीम :

नयन शेखावत, ज्ञान गौरव प्रकाश, जसप्रीत सिंह, राहुल, अजय मोयाल, मनदीप, करन, शशिकांत जाधव, सचिन बनोथ, मानवेंद्र यादव, मोहित, रजनीश कुमार, कार्तिकेयन रवि, सौरभ शर्मा, मुख्य कोचः अनूप सिंह, कोच : प्रियदीप सिंह, हेड ऑफ डेलीगेशन : मुकेश मान।

## आस्ट्रेलिया की नजरें सिडनी टेस्ट जीतने पर

एजेंसी




सिडनी। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि श्रृंखला में 2 . । से बढत बनाने के बावजूद भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी मैच में उनकी टीम की ऊर्जा में कोई कमी नहीं आयेगी। आस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट 184 रन से जीतकर 2014 . 15 के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की ओर कदम बढा दिया है। कमिंस ने कहा, श्रृंखला में आगे होना अच्छा रहता है। आप हर टेस्ट मैच जीत के इरादे से ही खेलते हैं और यहां भी कुछ अलग नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले तीन टेस्ट में टीम के प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। हमने दिखा दिया कि हम जीत के प्रबल दावेदार हैं और इस सप्ताह भी हमारा लक्ष्य जीतना ही है। उन्होंने स्वीकार किया कि टीम के सामने कुछ मसले हैं। उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि कुछ मौकों पर हम और रन बनाना चाहते थे। मेलबर्न में पिछले टेस्ट में हमें 400 . 500 रन की बढत लेनी चाहिये थी। हम इतनी अच्छी स्थिति में थे। लेकिन यही टेस्ट क्रिकेट है। कमिंस ने कहा कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच पारंपरिक पिच से अलग है जिस पर स्पिनरों और बल्लेबाजों को मदद मिलती है। उन्होंने कहा, यह एससीजी की पारंपरिक पिच से अलग है। इस

- कमिंस ने कहा ऊर्जा में कोई कमी नहीं आयेगी

साल यहां शेफील्ड शील्ड के दो मैच अच्छे रहे और टीमें विकेट से खुश थीं। इससे गेंदबाजों को मदद मिलेगी और बल्लेबाज भी रन बना सकेंगे। कुछ समय इस पर बल्लेबाजी आसान होगी तो आखिर में यह स्पिनरों की मददगार रहेगी। मैने यहां कुछ टेस्ट खेले हैं लेकिन बाकी वनडे ही खेले हैं तो मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं। आस्ट्रेलिया के लिये कड़ी चुनौती बने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में उन्होंने कहा, वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। उसका सामना करना कठिन है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि जब मैं बल्लेबाजी के लिये उतरूंगा तब शाम होगी और वह काफी गेंदबाजी कर चुका होगा जिससे मेरे लिये आसानी होगी। मैने अलग अलग प्रारूपों में उसका सामना किया है लेकिन उसका सामना करना कठिन है।

## श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकते हैं पैट कमिंस

सिडनी। आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया कि वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस महीने के आखिर में श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकते हैं। आस्ट्रेलिया को श्रीलंका में 29 जनवरी और छह फरवरी से दो टेस्ट खेलने हैं। उसी समय कमिंस की पत्नी बेकी बच्चे को जन्म देने वाली है। कमिंस ने शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे गुलाबी टेस्ट से पूर्व द डेली टेलिग्राफ से कहा, अभी दिन पता नहीं है लेकिन यह तय है (मैं श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकता हूं)। उनकी गैर मौजूदगी में स्टीव स्मिथ या ट्रेविस हेड आस्ट्रेलिया के कप्तान होंगे। कमिंस ने कहा कि पिछले साल मां के निधन के बाद जीवन में प्राथमिकतायें तय करने के उनके मानदंड बदले हैं। वह भारत दौरा बीच में छोड़कर अपनी मां के पास लौट आये थे जब उनका निधन हुआ। कमिंस ने कहा, इससे आपको उस पर फोकस करने में मदद मिलती है जो महत्वपूर्ण है। परिवार, परिवार के साथ समय। पहले मैं जिस तरह से खेलने और विदेश दौरे के बारे में सोचता था, उस घटना से उसमें बदलाव आ गया है। उन्होंने कहा, जब आप खेल रहे होते हैं तो बस अच्छा खेलना चाहते हैं। दबाव होना लाजमी है लेकिन आप अपने माता पिता की बात नहीं भूलते कि जाओ और खेल का मजा लो। अपनी ओर से पूरी कोशिश करो लेकिन आनंद आना जरूरी है। मैं जब भी खेलने उतरता हूं तो यह बात याद रखता हूं।

## टी-20 : न्यूजीलैंड को श्रीलंका ने हराया

एजेंसी



नेलसन (न्यूजीलैंड)। कुसल परेरा ने टी20 क्रिकेट में श्रीलंका के लिये सबसे तेज शतक लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच में अपनी टीम को न्यूजीलैंड पर सात रन से जीत दिलाई। परेरा के 44 गेंद में शतक और कप्तान चरित असालांका के साथ शतकीय साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने पांच विकेट पर 218 रन बनाये जो टी20 में उसका दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।

न्यूजीलैंड ने पहला मैच आठ रन से और दूसरा 45 रन से जीता था। न्यूजीलैंड की टीम सात विकेट पर 211 रन ही बना सकी जिसमें रचिन रविंद्र ने 39 गेंद में 69 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की शुरूआत बहुत अच्छी रही और पावरप्ले के छह ओवरों में बिना किसी नुकसान के 60 रन बने। असालांका ने रविंद्र, मार्क चैपमैन (नौ) और ग्लेन फिलिप्स (छह) को आउट किया। असालांका ने 25 रन देकर तीन विकेट लिये थे लेकिन डेरिल मिचेल ने उनके आखिरी ओवर में लगातार चार छक्के लगाकर उनका औसत बिगाड़ दिया। वानिंदु हसरंगा ने मिचेल हे (आठ) और माइकल ब्रासवेल (1) को 16वें ओवर में पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में 22 रन की जरूरत थी। पहली तीन गेंद पर छह रन लेने के बाद जाक फोक्स ने चौथी गेंद पर छक्का लगाया। आखिरी दो गेंद पर न्यूजीलैंड को 10 रन की जरूरत थी लेकिन उसके बल्लेबाज तीन रन ही बना सके।

### रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर हैरानी नहीं होगी : शास्त्री

सिडनी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि आलोचनाओं से घिरे कप्तान रोहित शर्मा के निकट भविष्य में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने पर उन्हें हैरानी नहीं होगी। उनका कहना है कि प्रतिभाशाली और फॉर्म में चल रहे युवा जैसे शुभमन गिल टीम में आने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए पांच मैच की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में नहीं खेल पाये थे लेकिन इसके बाद पांच पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 10 रन रहा है। सिडनी टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में रोहित के स्थान को लेकर अटकलें बृहस्पतिवार को तेज हो गईं जब मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में टीम के कप्तान के स्थान की पुष्टि नहीं की।

# दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मोदी

## केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से विकास की इन योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी (जेजे क्लस्टर्स) के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैटों और दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं समेत कई विकास योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय में 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली तीन नई परियोजनाओं की भी आधारशिला रखेंगे। इनमें पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार के पूर्वी परिसर में एक अकादमिक ब्लॉक, द्वारका के पश्चिमी परिसर में एक अकादमिक ब्लॉक और नजफगढ़ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज का भवन भी शामिल है।

इस कॉलेज में शिक्षा के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। पीएमओ ने कहा कि मोदी दिल्ली के अशोक विहार में स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों का दौरा करेंगे और पात्र लाभार्थियों को चाबियां सौंपेंगे तथा 1,675 नवनिर्मित फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। पीएमओ ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री की सभी के लिए आवास पहल के अनुरूप है। परियोजना का उद्देश्य दिल्ली में जेजे क्लस्टरों के निवासियों को पर्याप्त सुविधाओं से सुसज्जित बेहतर और स्वस्थ रिहायशी वातावरण प्रदान करना है। केंद्र सरकार द्वारा एक फ्लैट के निर्माण पर 25 लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। पात्र लाभार्थी कुल राशि का सात प्रतिशत से कम भुगतान करते हैं, जिसमें मामूली योगदान के रूप में 1.42 लाख रुपये और रखरखाव के पांच साल के लिए 30,000 रुपये शामिल हैं। केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से विकास की इन योजनाओं को ऐसे समय में मूर्त रूप दिया जा रहा है जब राष्ट्रीय राजधानी में इसी साल फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुख्य मुकाबला 2013 से सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी (आप) से है।

आप अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। मोदी शुक्रवार को दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं- नौरोजी नगर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (डब्ल्यूटीसी) और सरोजिनी नगर में जनरल पूल आवासीय आवास (जीपीआरए) टाइप-2 क्वार्टर का भी उद्घाटन करेंगे। बयान में कहा गया है कि नौरोजी नगर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ने 600 से ज्यादा जीर्ण-शीर्ण क्वार्टरों को अत्याधुनिक वाणिज्यिक टावरों से बदलकर इस क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है तथा इससे उन्नत सुविधाओं के साथ लगभग 34 लाख वर्ग फीट प्रीमियम वाणिज्यिक स्थल उपलब्ध हुआ है। इस परियोजना में हरित भवन कार्यप्रणालियों को शामिल किया गया है, जिसमें शून्य-निर्वहन अवधारणा, सौर ऊर्जा उत्पादन और वर्षा जल संचयन प्रणाली जैसे प्रावधान शामिल हैं। सरोजिनी नगर में जीपीआरए टाइप-क्वक्वार्टर में 28 टावर शामिल हैं, जिनमें 2,500 से अधिक आवासीय इकाइयां हैं और इनमें आधुनिक सुविधाओं और स्थल का कुशल उपयोग किया गया हैं।

# श्रीलंका के कराईनगर बोटयार्ड के पुनर्निर्माण और विकास के लिए आर्थिक मदद देगा भारत



कोलंबो। श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में कराईनगर बोटयार्ड (वह स्थान, जहां नाव खड़ी की जाती है) को विकसित करने के लिए भारत 29 करोड़ श्रीलंकाई रुपये की आर्थिक मदद देगा। भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इस परियोजना में वित्त, योजना और आर्थिक विकास मंत्रालय के अंतर्गत निगमित तथा मत्स्य पालन, जलीय और महासागर संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत संचालित सी-नोर फाउंडेशन लिमिटेड के कराईनगर बोटयार्ड के पुनर्वास की परिकल्पना की गई है। भारतीय उच्चायोग ने एक विज्ञप्ति में कहा, 16 दिसंबर को श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा और भारत में श्रीलंका के तत्कालीन उच्चायुक्त क्षेनुका धींरेनी सेनेविरत्ने द्वारा इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए और उनका आदान-प्रदान किया गया। इस परियोजना में संयंत्र, उपकरण, सामग्री, सेवाओं आदि की स्थापना सहित निर्माण कार्य और खरीद शामिल होगी।

विज्ञप्ति के मुताबिक, पूर्ण रूप से चालू हो जाने पर पुनर्निर्मित बोटयार्ड स्थानीय मछुआरों के लिए आजीविका के अवसरों में वृद्धि करेगा, बोटयार्ड के आसपास छोटे प्रतिष्ठानों के माध्यम से क्षेत्र में रोजगार के अधिक मौके पैदा करेगा और गुणवत्ता वाले मत्स्य उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने में मददगार साबित होगा। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि श्रीलंका के साथ पांच अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के विकास सहयोग के साथ, भारत ने श्रीलंका के लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों में जन-केंद्रित विकास सहायता पहल की है।

## संक्षेप

### शादी के लिए पाकिस्तान पहुंचा फेसबुक दोस्त

लाहौर(पाकिस्तान)अलीगढ़(उप्र)। भारत का शख्स फेसबुक पर बनी दोस्त से शादी करने की चाहत में अवैध रूप से पाकिस्तान आ गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और वह फिलहाल जेल में है। हालांकि महिला ने स्थानीय पुलिस से कहा है कि वह उससे शादी नहीं करना चाहती। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के रहने वाले बादल बाबू के माता-पिता को उसके पाकिस्तान में गिरफ्तार होने की जानकारी मीडिया के जरिए मिली जिसके बाद वे स्तब्ध रह गए और उन्होंने पूरे घटनाक्रम को फिल्मी कहानी जैसा बताया। उनके मुताबिक, बाबू नौकरी करने के लिए गांव से दिल्ली गया था। करीब 20-25 साल की उम्र के बाबू को 28 दिसंबर को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मंडी बहाउद्दीन जिले (लाहौर से लगभग 240 किलोमीटर दूर) में अवैध रूप से पाकिस्तान आने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाबू ने उस फेसबुक मित्र से मिलने के लिए अवैध रूप से सीमा पार की, जिससे वह शादी करना चाहता था। पुलिस ने बाबू की फेसबुक मित्र 21 वर्षीय सना रानी का बयान दर्ज किया है, जिसने कहा है कि वह उससे शादी नहीं करना चाहती है। पाकिस्तानी पंजाब के पुलिस के अधिकारी नासिर शाह ने बृहस्पतिवार को बताया, पुलिस को दिए गए अपने बयान में सना रानी ने कहा है कि बाबू और वह पिछले ढाई साल से फेसबुक पर दोस्त हैं।

# चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित व्यक्ति 15 दिन बाद घर लौटा

एजेंसी

कोल्हापुर। महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के 15 दिन बाद एक व्यक्ति वापस घर लौट आया। पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के कसाबा-बावड़ा निवासी पांडुरंग उल्पे को 16 दिसंबर को दिल का दौरा पड़ा और उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद उल्पे के पड़ोसी और रिश्तेदार उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। उल्पे की पत्नी ने कहा, जब हम उनके शव को अस्पताल से घर ला रहे थे, तो उस दौरान ही जब एम्बुलेंस एक स्पीड ब्रेकर से गुजरी और हमने देखा कि उनकी उंगलियों में हलचल हो रही है।

एक पारिवारिक सदस्य ने बताया कि इसके बाद उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाया गया, जहां वे एक पखवाड़े तक रहे और इस दौरान उनकी एंजियोप्लास्टी हुई। उल्पे सोमवार को अस्पताल से घर वापस आ गए। घटना का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए उल्पे ने कहा, मैं सैर करके घर आया था और चाय पीकर बैठा था। मुझे चक्कर आ रहा था और सांस फूल रही थी।

# केंद्र कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से लागू करने की तैयारी में

एजेंसी



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों को कुछ हुआ तो इसके लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिम्मेदार होगी।

किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को लेकर आमरण अनशन पर हैं। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह दावा भी किया कि केंद्र निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को नीति कहकर उन्हें पिछले दरवाजे से दोबारा लागू करने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि नयी नीति की प्रतियां सभी राज्यों को उनके विचार जानने के लिए भेजी गई हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल एक महीने से अधिक समय से आमरण अनशन पर हैं और उन्होंने चिकित्सा सहायता लेने से इनकार कर दिया है। आप के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति रूपरेखा पर नव घोषित मसौदा नीति को 2020 में पारित तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से प्रवेश का प्रयास करार दिया है। किसानों के एक साल के विरोध के बाद केंद्र ने तीनों कानूनों को निरस्त कर दिया था।

केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया कि पंजाब में किसान कई दिनों से धरने और अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं लेकिन अपने अहंकार के कारण भाजपा सरकार किसानों से बात तक नहीं कर रही। आप प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने तीन साल पहले किसानों की मांगों को मान लिया था लेकिन अब वह अपने वादे से मुकर गई है।

# केंद्र पर निर्भर है धरना कब तक जारी रहेगा : किसान नेता

एजेंसी

चंडीगढ़। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह केंद्र के हाथ में है कि उनका विरोध कब तक जारी रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी मांगों को स्वीकार करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए क्योंकि एक संसदीय समिति ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की सिफारिश की है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के 38वें दिन कोहाड़ ने कहा कि उनका स्वास्थ्य हर रोज बिगड़ता जा रहा है और उन्होंने किसानों के हित के लिए अपना जीवन दांव पर लगा दिया है।

यह पूछे जाने पर कि खनौरी और शंभू बॉर्डर पर उनका विरोध कब तक जारी रहेगा, कोहाड़ ने संवाददाताओं से कहा, यह केंद्र के हाथ में है। अगर वे हमारी मांगें पूरी करते हैं। उच्चतम न्यायालय द्वारा बृहस्पतिवार को यह कहे जाने पर कि कुछ किसान नेता जमीनी स्तर पर स्थिति को और अधिक जटिल बनाने के लिए मीडिया में गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं, कोहाड़ ने कहा कि उन्होंने अभी अदालत की टिप्पणियों का अवलोकन नहीं किया है।

# वानुअतु को पांच लाख डॉलर की सहायता देगा भारत

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत ने प्रशांत द्वीपीय देश वानुअतु को पिछले महीने आए 7.4 तीव्रता वाले भूकंप से हुई तबाही से निपटने में मदद के लिए बृहस्पतिवार को 5 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता की घोषणा की। नयी दिल्ली ने वानुअतु को इस मुश्किल समय में देश के लोगों को हर संभव सहायता देने की अपनी तत्परता से अवगत कराया। दक्षिण प्रशांत महासागर में वानुअतु के तट के पास 17 दिसंबर को आए भूकंप से भारी तबाही और जान-माल की हानि हुई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, भारत-प्रशांत द्वीपीय सहयोग मंच के तहत एक करीबी मित्र और साझेदार के रूप में तथा वानुअतु के मैत्रीपूर्ण लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के रूप में, भारत सरकार राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों का समर्थन करने के लिए 500,000 अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता प्रदान करती है। इसमें कहा गया है कि भारत प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पन्न कठिनाई और विनाश के समय वानुअतु के साथ दृढ़ता से खड़ा रहा है। एमईए ने कहा, नवंबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल का एक महत्वपूर्ण स्तंभ आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन है। बयान में कहा गया कि भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए प्रतिबद्ध है।

**भूकंप प्रभावित**

## बांग्लादेश की अदालत ने चिन्मय कृष्ण दास की जमानत से किया इंकार

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने हिंदू संत और इस्कॉन से जुड़े रहे चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। संत की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान उनकी ओर से 11 वकीलों का एक समूह मौजूद था। चिन्मय कृष्ण दास डिजिटल तौर पर अदालत की कार्यवाही में शामिल हुए। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, सुनवाई करीब 30 मिनट तक जारी रही, (मेट्रोपोलिटन सत्र) न्यायाधीश मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनीं और फिर उनकी (दास की) जमानत याचिका खारिज कर दी। दास पहले इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) से जुड़े थे और अब बांग्लादेश सम्मिलिता सनातनी जागरण जोत संगठन के प्रवक्ता हैं।

# केंद्र जल्द राज्य का दर्जा बहाल करे : उमर

एजेंसी



श्रीनगर। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा अस्थायी है और केंद्र सरकार राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा पूरा करेगी। उन्होंने कहा, हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती अपना राज्य का दर्जा वापस पाना है। हम लोग अब उम्मीद कर रहे हैं कि हमसे किए गए वादे पूरे किए जाएंगे। सबसे बड़ा वादा राज्य का दर्जा बहाल करना है। अब्दुल्ला ने यहां शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, उच्चतम न्यायालय ने भी अपने फैसले में कहा था कि राज्य का दर्जा यथाशीघ्र बहाल किया जाना चाहिए। तब से एक वर्ष बीत चुका है और हमारा मानना है कि एक वर्ष काफी है। उन्होंने अपनी दो महीने पुरानी सरकार के समक्ष मौजूद विभिन्न मुद्दों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। केंद्र शासित प्रदेश की सरकार को उपराज्यपाल के साथ मिलकर काम करना होता है। अब्दुल्ला ने कहा, हमें सत्ता में आए दो महीने से थोड़ा अधिक समय हो गया है। हमें यह समझने में समय लगा कि केंद्र शासित प्रदेश सरकार कैसे काम करती है। हम पहले भी सरकार चला चुके हैं, लेकिन उस स्वरूप और वर्तमान स्वरूप में बहुत अंतर है।

**केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा अस्थायी**

# यूनिसेफ ने किया प्रवासी बच्चों की सुरक्षा का आग्रह

रोम। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने बृहस्पतिवार को सरकारों से आग्रह किया कि वे उन प्रवासी बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें, जिनके माता-पिता भूमध्य सागर में हाल में हुए जहाज हादसे में लापता हो गये थे।

जहाज हादसे में लगभग 20 लोग लापता हुए थे। यूनिसेफ ने बताया कि सिसिलियां के लैम्पेडुसा द्वीप के पास नव वर्ष की पूर्व संध्या पर हुए जहाज हादसे में जीवित बचे सात लोगों में आठ वर्षीय एक लड़की भी शामिल है, जिसकी मां भी लापता लोगों में शामिल है। एजेंसी ने बताया कि पिछले महीने, लैम्पेडुसा के तट पर तैरती हुई पाई गई 11 वर्षीय लड़की के बारे में माना जा रहा है।

# मुख्यमंत्री आतिशी ने पंजाबी बाग में फ्लाईओवर का किया उद्घाटन

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को शहर के पश्चिमी हिस्से के पंजाबी बाग में छह लेन के फ्लाईओवर का उद्घाटन किया और कहा कि इससे हर रोज करीब 3.45 लाख लोग लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लाईओवर की लंबाई 1.12 किलोमीटर है और इससे तीन लाल बत्तियों पर राहत मिलेगी। आतिशी ने कहा, इस फ्लाईओवर से हर रोज करीब 3.45 लाख लोगों को फायदा होगा। इलाके में यातायात की समस्या थी। हमारा मानना है कि इस फ्लाईओवर के उद्घाटन से दिल्ली के लोगों के हर रोज 40,800 घंटे बचेंगे।

इस फ्लाईओवर के उद्घाटन से 11 लाख लीटर पेट्रोल और डीजल की बचत होगी। उन्होंने फ्लाईओवर का उद्घाटन करने के बाद कहा कि पंजाबी बाग फ्लाईओवर पिछले 10 वर्षों में 39वां फ्लाईओवर है जिसका उद्घाटन आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद किया गया है।

## पुष्पा 2 मामला : मानवाधिकार आयोग ने पुलिस से मांगी रिपोर्ट

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिसंबर की शुरुआत में तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक थिएटर में भगदड़ में एक महिला की मौत को लेकर हैदराबाद के पुलिस प्रमुख से चार सप्ताह के भीतर कार्वाई रिपोर्ट मांगी है। जिस थिएटर में यह घटना हुई थी, वहां पुष्पा 2 फिल्म की स्क्रीनिंग हुई थी। एनएचआरसी ने भी कहा है कि भगदड़ मामले में आरोपों की जांच एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से कराई जाए। इसने इस संबंध में आवश्यक कार्वाई की मांग की। मामले की कार्यवाही के अनुसार, एनएचआरसी में शिकायत पांच दिसंबर को दर्ज की गई और 17 दिसंबर को मामला पंजीकृत किया गया। आयोग ने एक जनवरी को कार्वाई की तथा चार सप्ताह के भीतर विस्तृत कार्वाई रिपोर्ट मांगी है। हैदराबाद के संध्या थिएटर में चार दिसंबर को भगदड़ के दौरान 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी और उसके आठ वर्षीय बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। थिएटर में अभिनेता अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा 2 फिल्म प्रदर्शित की गई थी। घटना के बाद, महिला के परिवार की शिकायत के आधार पर चिक्कड़पल्ली पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अल्लू अर्जुन, उनकी सुरक्षा में तैनात टीम और थिएटर प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अल्लू अर्जुन को 13 दिसंबर को महिला की मौत के मामले में शहर की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने उसी दिन उन्हें चार सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी थी और 14 दिसंबर को उन्हें हैदराबाद की जेल से रिहा कर दिया गया था।

क्षेत्र वासियों को नववर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. इश्तियाक अहमद खान
प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ
निवास पचपेड़वा 292 विधानसभा क्षेत्र
गैसड़ी, बलरामपुर





समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को नववर्ष, मकरसंक्रांति एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



वृजेश अम्बानी
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खण्ड गैसड़ी
बलरामपुर




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com